बैशाख कृष्ण पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 2 मई 2024
वर्ष 5, अंक 165, पृष्ठ 14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना 14

अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग 13













**मिसाइल प्रणाली से बढ़ेगी नौसेना की पनडुब्बीरोधी क्षमता**

## डीआरडीओ ने किया 'स्मार्ट' का सफलतापूर्वक परीक्षण



**भुवनेश्वर।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने बुधवार सुबह ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से सुपरसोनिक मिसाइल-असिस्टेड रिलीज ऑफ टॉरपीडो (स्मार्ट) प्रणाली का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय के बयान के अनुसार 'स्मार्ट' अगली पीढ़ी की मिसाइल-आधारित हल्का टॉरपीडो वितरण प्रणाली है, जिसे नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को हल्के टॉरपीडो की पारंपरिक सीमा से कहीं अधिक बढ़ाने के लिए डीआरडीओ द्वारा डिजाइन और विकसित किया गया है। यह प्रणाली नौसेना की पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमता को बढ़ायेगी। इस कनस्तर-आधारित मिसाइल प्रणाली में कई उन्नत उप-प्रणालियां शामिल हैं। पनडुब्बी रोधी युद्ध में यह मिसाइल प्रणाली बेहद अहम साबित होने वाला है।

# बना रिकॉर्ड, जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली, एजेंसी

देश का सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल में सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत बढ़कर 2.10 लाख करोड़ के रिकॉर्ड उच्च स्तर पर पहुंच गया। घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से ऐसा हुआ है। यह पहला मौका है जब किसी महीने में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) का संग्रह दो लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है।

वित्त मंत्रालय ने कहा कि सकल जीएसटी संग्रह अप्रैल 2024 में 2.10 लाख करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर पहुंच गया। यह सालाना आधार पर 12.4 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है, जो घरेलू लेनदेन (13.4%) और आयात (8.3%) में मजबूत वृद्धि के दम पर संभव हो पाया। जीएसटी मार्च में 1.78 लाख करोड़ से अधिक रहा जबकि अप्रैल 2023 में यह 1.87 लाख करोड़ था। वित्त मंत्रालय के मुताबिक गत माह केंद्रीय जीएसटी संग्रह 43,846 करोड़ और राज्य जीएसटी संग्रह 53,538 करोड़ रहा। एकीकृत जीएसटी 99,623 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर एकत्र 37,826 करोड़ रुपये शामिल हैं। अप्रैल में कुल उपकर संग्रह 13,260 करोड़ रहा, जिसमें आयातित वस्तुओं पर संग्रहित 1,008 करोड़ रुपये भी हैं। केंद्र सरकार ने एकीकृत जीएसटी संग्रह से केंद्रीय जीएसटी के लिए 50,307 करोड़ रुपये और राज्य जीएसटी के लिए 41,600 करोड़ रुपये का निपटान किया।

डेलॉयट इंडिया में साझेदार महेश जयसिंह ने कहा कि जीएसटी संग्रह में बढ़ोतरी होने से प्रणाली में दूसरे दौर के सुधारों की दिशा में बढ़ने का मंच तैयार हो गया है। टैक्स कनेक्ट एडवाइजरी सर्विसेज में साझेदार विवेक जालान ने कहा कि जुलाई 2017 में जीएसटी लागू होने के शुरुआती दौर में इसका औसत मासिक संग्रह करीब 0.90 लाख करोड़ था लेकिन अब यह 2.10 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया है।



- घरेलू लेन-देन तथा आयात में मजबूत वृद्धि से अप्रैल में 2.10 लाख करोड़ रुपये का संग्रह

### आर्थिक गतिविधियों में तेजी और दक्ष कर संग्रह से यह संभव हुआ : सीतारमण

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि आर्थिक गतिविधियों में तेजी और कर संग्रह में दक्षता के दम पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। सीतारमण ने 'एक्स' पर इस मील के पत्थर को हासिल करने में राजस्व विभाग के केंद्रीय और राज्य अधिकारियों तथा केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के 'ईमानदार और सहयोगात्मक प्रयासों' की सराहना की। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था में मजबूत गतिविधियां और कुशल कर संग्रह की बदौलत जीएसटी संग्रह दो लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। घरेलू लेनदेन और आयात में वृद्धि के कारण जीएसटी संग्रह बढ़ा है। बीते साल अप्रैल में जीएसटी संग्रह 1.87 लाख करोड़ रुपये था।

# दिल्ली-एनसीआर में 150 स्कूलों को मिली बम से उड़ाने की धमकी

## एक ही स्रोत से भेजे गए ईमेल, आईएस का हाथ होने का संदेह, दिल्ली पुलिस ने शुरू की जांच

नई दिल्ली/नोएडा, एजेंसी

दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर) में करीब 150 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। ईमेल से मिली धमकी के बाद बुधवार सुबह विद्यार्थियों और अभिभावकों में दहशत फैल गई। अधिकारियों ने बताया कि जांच में उन्हें कुछ भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गृह मंत्रालय ने कहा है कि धमकी भरा ईमेल एक ही स्रोत से भेजा गया है। इसके रूस से भेजे जाने का संदेह है।

नोएडा, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम के कई निजी स्कूलों को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। दिल्ली पुलिस को धमकी के पीछे आईएस का हाथ होने का संदेह है। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने जांच शुरू कर दी है। दिल्ली पुलिस की प्रारंभिक जांच में लोकसभा चुनाव के दौरान आतंकवादी संगठन आईएसआईएस द्वारा गहरी साजिश का संकेत मिला है। एक अधिकारी ने बताया कि इसकी जांच एनआईए भी कर सकती है। धमकी की सूचना पर पुलिस और बम स्क्वायड ने तत्काल ही स्कूलों को खाली कराया। कई स्कूलों में परीक्षा स्थगित कर दी गई। घबराए माता-पिता आनन-फानन में बच्चों को लेने के लिए स्कूल पहुंचे। स्कूलों को भेजे गए एक जैसे ई-मेल में कहा गया, जहां भी मिलें उन्हें मार डालो और उन जगहों से बाहर निकालो जहां से उन्होंने तुम्हें निकाला है। स्कूल में कई विस्फोटक उपकरण हैं...।



डीपीएस को बम की धमकी मिलने के बाद निरीक्षण करते सुरक्षाकर्मी।

- रूस से ईमेल भेजे जाने का संदेह छात्रों और अभिभावकों में दहशत

### खोजी कुत्तों के साथ स्कूलों में सघन तलाशी

दिल्ली के उप राज्यपाल वी के सक्सेना ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने अनेक स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी देने के लिए भेजे गए ईमेल के स्रोत का पता लगा लिया है और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जाएगी। सक्सेना ने मॉडल टाउन के डीएवी स्कूल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बम रखे होने की धमकी वाले ईमेल पर बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों के साथ स्कूल परिसरों में सघन तलाशी ली। दिल्ली की शिक्षा मंत्री आतिशी ने 'एक्स' पर लिखा कि जांच में कुछ नहीं मिला है। नोएडा में पुलिस अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली पब्लिक स्कूल की नोएडा और ग्रेटर नोएडा स्थित शाखाओं और अन्य स्कूलों को भी धमकी भरे ईमेल भेजे गए।

### बिहार राजभवन को भी मिली धमकी, बढ़ाई गई सुरक्षा

**पटना।** बिहार के राजभवन में बम की सूचना वाले ईमेल मिलने के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई है। पटना एसएसपी राजीव मिश्रा ने बताया कि राजभवन में जांच के दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला। मंगलवार सुबह राजभवन और बिहार पुलिस को धमकी भरा ईमेल मिला, जिसमें राज्यपाल के आवास में बम की जानकारी है, जो अफवाह रहा।

### लखनऊ के एमिटी स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी

**लखनऊ।** वृन्दावन योजना सेक्टर आठ स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने धमकी मिली जो जांच में फर्जी निकली। बम स्क्वायड व पुलिस ने बच्चों को बाहर निकालकर सर्च ऑपरेशन चलाया। डीसीपी पूर्व प्रबल प्रताप सिंह के मुताबिक एमिटी इंटरनेशनल स्कूल में बम से उड़ाने का मेल स्कूल के आइडी पर आया था।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा कोविशील्ड का मामला**

# विशेषज्ञ समिति से कराई जाए दुष्प्रभावों की जांच

नई दिल्ली, एजेंसी



सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक याचिका दायर कर कोविशील्ड टीके के किसी भी संभावित दुष्प्रभाव और जोखिम कारकों की जांच के लिए शीर्ष अदालत के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञ समिति गठित करने का अनुरोध किया गया। याचिका के अनुसार, ब्रिटेन मुख्यालय वाली दवा कंपनी 'एस्ट्राजेनेका' ने कहा है कि कोविड-19 के खिलाफ उसका टीका बहुत दुर्लभ मामलों में कम प्लेटलेट काउंट और रक्त के थक्के बनने का कारण बन सकता है। इस टीके को भारत में कोविशील्ड के रूप में लाइसेंस के तहत बनाया गया था।

वकील विशाल तिवारी की ओर से दायर याचिका में केंद्र को उन लोगों को मुआवजे के निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है, जो गंभीर रूप से दिव्यांग हैं या जिनकी कोविड के दौरान लगाए गए टीके के किसी भी दुष्प्रभाव के कारण मृत्यु हो गई है। दावा किया गया है कि एस्ट्राजेनेका ने वैक्सीन और थ्रोम्बोसिस के बीच थ्रोम्बोसाइटोपेनिया सिंड्रोम के साथ संबंध को स्वीकार किया है, जिसमें असामान्य रूप से प्लेटलेट्स का स्तर कम होता है और रक्त के थक्के बनते हैं। याचिका में कहा गया है कि कोविड-19 के बाद दिल का दौरा पड़ने और व्यक्तियों के बेहोश होने से मौत के मामलों में वृद्धि हुई है। युवाओं में भी दिल का दौरा पड़ने के कई मामले सामने आए हैं।

### कंपनी से चंदा लेकर हत्या का षड्यंत्र रचा : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने भाजपा पर एक वैक्सीन निर्माता से चंदा वसूलने के लिए लोगों की जिंदगी दांव पर लगाने का आरोप लगाया। कहा कि ऐसी घातक दवाओं की अनुमति देना हत्या की साजिश के समान है।

### मामले में स्पष्टीकरण दे केंद्र सरकार : राजीव शुक्ला

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में बुधवार को प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए वरिष्ठ नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा सरकार कोविशील्ड वैक्सीन प्रकरण पर तत्काल स्पष्टीकरण दे।

## एक नजर

### वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत 19 रुपये घटी




**नई दिल्ली।** विमान ईंधन की कीमत में बुधवार को मामूली 0.7% की वृद्धि के साथ ही वाणिज्यिक एलपीजी की कीमत में 19 रुपये प्रति सिलेंडर की कटौती की गई है। तेल कंपनियों ने 19 किग्रा वाले वाणिज्यिक एलपीजी सिलेंडर की कीमत 19 रुपये घटाकर 1,745.50 कर दी।

### शाहजहां के फरार भाई को सीबीआई का समन

**कोलकाता।** सीबीआई ने प. बंगाल के संदेशखालि में जमीन हथियाने के मामले में टीएमसी से निलंबित एवं गिरफ्तार शाहजहां शेख के भाई शेख सिराजुद्दीन को बुधवार को समन जारी किया।

# सलमान के घर फायरिंग के आरोपी ने की आत्महत्या

मुंबई, एजेंसी

- हवालात में चादर से फंदा बना लगा ली फांसी
- हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में था गिरफ्तार

बॉलीवुड स्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के सामने गोलीबारी करने के एक आरोपी ने मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के हवालात में बुधवार को आत्महत्या करने की कोशिश और अस्पताल ले जाते समय उसकी मौत हो गई।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी 23 वर्षीय अनुज थापन ने हवालात के शौचालय में चादर से फंदा बनाकर फांसी लगा ली। थापन को सरकारी जीटी अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले में दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में दुर्घटना से मौत का मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस ने बताया कि थापन मूल रूप से पंजाब का रहने वाला था और उसे सोनू कुमार बिश्नोई के साथ कथित तौर पर शूटर सागर पाल और विक्की गुप्ता को हथियारों की आपूर्ति करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पाल और गुप्ता को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है।

# स्कूल के छात्रावास में बच्ची से दुष्कर्म

भोपाल, एजेंसी

- मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री ने दिए एसआईटी से जांच के आदेश

मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची से दुष्कर्म किया गया, जिसके बाद तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने के आदेश दिए, जबकि विपक्षी कांग्रेस ने इस घटना को लेकर उनकी सरकार पर निशाना साधा और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की।

पुलिस ने बताया कि यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि घटना वास्तव में कब हुई। मिसरोद थाना प्रभारी मनीष राज भदौरिया ने बताया कि एक निजी स्कूल के छात्रावास में आठ वर्षीय बच्ची के साथ दुष्कर्म किया गया। इस संबंध में पुलिस ने मंगलवार रात तीन लोगों के खिलाफ बलात्कार और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस उपायुक्त श्रद्धा तिवारी ने बताया कि आरोपियों की अभी तक पहचान नहीं हो पाई है क्योंकि लड़की ठीक से कुछ बता नहीं पा रही है। थाना प्रभारी भदौरिया ने कहा कि छात्रावास की सीसीटीवी फुटेज बरामद कर ली गई है। कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि भोपाल के एक स्कूल में छोटी बच्ची से दरिंदगी की घटना दिल दहला देने वाली है।

### उज्जैन के आश्रम में 19 बच्चों से कुकर्म

**उज्जैन।** शहर के दंडी आश्रम के आचार्य और सेवादार पर बच्चों का यौन शोषण करने का आरोप लगा है। आश्रम में पढ़ने वाले 19 बच्चों ने इनके खिलाफ शिकायत की। दोनों के खिलाफ महाकाल थाने में मंगलवार देर रात मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने आचार्य को गिरफ्तार कर लिया जबकि सेवादार फरार है। बड़नगर रोड स्थित 30 साल पुराने दंडी आश्रम में बच्चों के साथ कई दिनों से आचार्य राहुल शर्मा और सेवादार अजय ठाकुर गलत काम कर रहा था। शुरू में तीन बच्चों की जानकारी सामने आई, जो बाद में बढ़कर 19 तक पहुंच गई।

# बरातियों की कार पलटी, दूल्हे की नानी समेत तीन की मौत, सात लोग घायल

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**मंगलवार देर रात पूरनपुर में हुई घटना**

**अमृत विचार :** बरातियों से भरी इनोवा कार अचानक सामने आई स्कूटी सवारों को बचाने के चक्कर में अनियंत्रित होकर खाई में पलट गई। हादसे में दूल्हे की नानी समेत तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए, सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

उत्तराखंड के उधम सिंह नगर जिले के सितारगंज थाना क्षेत्र के शक्ति फार्म के बंटी सरकार की मंगलवार को शादी थी। बरात पूरनपुर के गांव चंदिया हजारा राहुल नगर गई थी। शक्ति फार्म से आठ कारों में बरात रवाना हुई। रास्ते में पूरनपुर चंदिया हजारा रोड पर हरिपुर जंगल के पास पहुंचने पर बरातियों से भरी इनोवा के सामने अचानक एक स्कूटी आ गई। उसे बचाने के चक्कर में कार अनियंत्रित होकर रोड से नीचे खाई में पलट गई।



कार कई बार पलटा खाने के बाद पेड़ से जा टकराई। कार में सवार दूल्हे की नानी कंचन देवी (64), प्रमिला (70) और विशाखा (45) की मौके पर मौत हो गई। गोविंद, निहाल, उमेश, नारायण प्रसाद समेत सात लोग घायल हो गए। हादसे का पता लगने पर एसडीएम राजेश शुक्ला, नायब तहसीलदार ऋषिकांत दीक्षित, सीओ प्रतीक दहिया, कोतवाल संजीव शुक्ला सीएचसी पहुंचे। इनोवा चला रहे नारायण परमार्थी से जानकारी ली।

# सीबीआई ने की 10 राज्यों में 30 स्थानों पर छापेमारी, कई अहम चीजें बरामद

चेन्नई, एजेंसी

- एप से आधारित निवेश योजना के सिलसिले में की गई कार्रवाई

सीबीआई ने बुधवार को एप-आधारित कथित धोखाधड़ी वाले निवेश योजना से संबंधित मामले की जांच के दौरान 10 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 30 ठिकानों पर एक साथ छापे मारे। इस दौरान सीबीआई टीम ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, कंप्यूटर हार्ड ड्राइव, सिम कार्ड, डेबिट कार्ड और अन्य अहम चीजें बरामद कीं।

सीबीआई ने बताया कि एचपीजेड टोकन एप से जुड़ी निवेश योजना के तहत धोखाधड़ी की शिकायत पर दो प्राइवेट कंपनियों और उनके निदेशकों तथा अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। आरोप है कि शिगू टेक्नोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड और लिलियन टेक्नोकैब प्राइवेट लिमिटेड अपने निदेशकों के साथ एचपीजेड टोकन एप से संबंधित धोखाधड़ी वाली निवेश योजना में आरोपी थे। जनता को गैर-मौजूद क्रिप्टो-मुद्रा माइनिंग मशीन किराये में निवेश करने के लिए गुमराह करते थे। एचपीजेड एक एप आधारित टोकन है जो उपयोगकर्ताओं को बिटकॉइन और क्रिप्टो करेंसी के लिए माइनिंग मशीनों में निवेश करके बड़े लाभ का झांसा देते हैं। सीबीआई ने दिल्ली-एनसीआर, जोधपुर, बेंगलुरु, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, उत्तर प्रदेश, ओडिशा, बिहार और मध्य प्रदेश में 30 ठिकानों पर छापेमारी की। टीम को बड़ी संख्या में ईमेल अकाउंट की भी जानकारी मिली। सीबीआई ने बताया कि आरोपी पीड़ितों को बिटकॉइन खनन में निवेश पर भारी लाभ मिलने का प्रलोभन देकर एचपीजेड टोकन ऐप में निवेश कराते थे। जांच में पता चला कि आरोपियों ने 150 बैंक खातों का प्रयोग निवेशकों से धन एकत्र करने में किया था। इन फंडों का उपयोग शुरू में निवेशकों को विश्वास में लेने के लिए भुगतान के लिए किया जाता था।

# गैंगस्टर गोल्डी बराड़ की अमेरिका में हत्या

**नई दिल्ली।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का मुख्य आरोपी गोल्डी बराड़ की कथित तौर पर अमेरिका के कैलिफोर्निया स्थित होटल फेयरमाउंट में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। एक अमेरिकी समाचारपत्र के अनुसार मंगलवार की शाम 5.25 बजे अज्ञात हमलावरों ने वारदात को अंजाम दिया। बाद में इसकी जिम्मेदारी डल्ला-लखबीर गैंग ने ली है। हालांकि अभी इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

भारत सरकार ने बराड़ पर यूएपीए लगा रखा है। गृह मंत्रालय की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि बराड़ प्रतिबंधित खालिस्तानी संगठन बब्बर खालसा इंटरनेशनल से जुड़ा हुआ है।


# मई में उत्तर भारत में पड़ेगी सामान्य से अधिक गर्मी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत मौसम विभाग (आईएमडी) ने बुधवार को कहा कि राष्ट्रीय राजधानी समेत उत्तर भारत के ज्यादातर हिस्सों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रह सकता है और दो से चार दिन लू चल सकती है।

आईएमडी प्रमुख मृत्युंजय महापात्र ने डिजिटल माध्यम से संवाददाता सम्मेलन में बताया कि केवल पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत को छोड़कर देश के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। उनके मुताबिक, पूर्वोत्तर भारत के अधिकतर भागों और उत्तर पश्चिम भारत और मध्य भारत के कुछ हिस्सों तथा पूर्वोत्तर प्रायद्वीप भारत में पारा सामान्य से नीचे रहने की संभावना है। इसी तरह उत्तर पश्चिम भारत के कुछ हिस्सों, गंगा के मैदानी इलाकों, मध्य भारत और पूर्वोत्तर भारत के अधिकांश हिस्सों को छोड़कर देश के ज्यादातर इलाकों में न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रह सकता है। महापात्र ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश और उत्तर राजस्थान समेत अन्य क्षेत्रों में मई के महीने में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने का अनुमान है। पूर्वी मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा, प. बंगाल, झारखंड और बिहार समेत अन्य इलाकों में लगभग दो से चार दिन लू चल सकती है।

### आईएमडी का अलर्ट



- दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों में लू चलने से बढ़ेगी परेशानी
- न्यूनतम तापमान भी सामान्य से अधिक रहने का अनुमान

### देशभर में सामान्य बारिश का अनुमान

आईएमडी प्रमुख ने बताया कि मई 2024 में देश भर में सामान्य बारिश होने का अनुमान है। उत्तर पश्चिम भारत के अधिकांश हिस्सों, मध्य भारत के कुछ हिस्सों, दक्षिण प्रायद्वीपीय भारत और पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से लेकर सामान्य से अधिक और शेष भागों में सामान्य से नीचे वर्षा होने की संभावना है। मध्य प्रदेश, विदर्भ, तेलंगाना और तमिलनाडु में सामान्य से ज्यादा बारिश हो सकती है। ओडिशा, छत्तीसगढ़, झारखंड, बंगाल, पूर्वोत्तर के कुछ हिस्से, आंध्र प्रदेश और केरल में सामान्य से कम बारिश होने की संभावना है।

## एक नजर

### कोर्ट के आदेश पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट

**पीलीभीत।** कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बढ़ेपुरा निवासी धर्मेंद्र सिंह की ओर से जानलेवा हमला, तोड़फोड़ और धमकाने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। इसमें मनविंदर सिंह, तेजेंद्र सिंह व पांच अज्ञात आरोपी बनाए हैं। रिपोर्ट में धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि उनका पकड़िया नौगवां में 480 वर्ग मीटर का प्लाट है। इस पर आरोपी कब्जा करना चाहते हैं। कई बार धमकी भी दे चुके हैं। 14 नवंबर 223 की रात 12 बजे आरोपियों ने कुछ लोगों को भेजकर ओवरब्रिज के पास पीड़ित पर हमला करा दिया। पीड़ित की कार में किसी बड़े वाहन से टक्कर मारी गई। जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस से शिकायत की गई, लेकिन उस वक्त सुनवाई नहीं हुई। तब जाकर कोर्ट की शरण ली।

### जहानाबाद के श्रमिक की दिल्ली में मौत

**जहानाबाद।** मजदूरी करने के लिए दिल्ली गए जहानाबाद के युवक की हादसे में मौत हो गई। दिल्ली की पांच मंजिला इमारत पर पुताई करते वक्त वह नीचे गिर गया। जहानाबाद क्षेत्र के मोहल्ला पसियापुर निवासी रिजवान खान (45) मजदूरी करते थे। 27 अप्रैल को वह क्षेत्र के ही अन्य साथियों के साथ दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में मजदूरी करने गया था। बुधवार को मई की दोपहर 12 बजे पांच मंजिला इमारत से काम करते वक्त वह नीचे गिर गया।

# जार कल्लिया गांव में घुसे तेंदुआ ने तीन लोगों पर किया हमला, घायल

## गुस्साए ग्रामीणों ने लाठी-डंडे लेकर तेंदुआ को दौड़ाया, निगरानी में जुटी वन विभाग की टीम, ग्रामीणों से सतर्क रहने को कहा, घायल मेडिकल कॉलेज भेजे

संवाददाता, बरखेड़ा (पीलीभीत)



तेंदुआ के हमले में घायल ग्रामीण से घटना की जानकारी लेते डिप्टी रेंजर। ● अमृत विचार



खेत में मौजूद तेंदुआ को देखने के लिए एकत्र ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** बरखेड़ा क्षेत्र के गांव जार कल्लिया में बुधवार सुबह तेंदुआ ने जमकर आतंक मचाया। आबादी में घुसे तेंदुआ ने अलग-अलग स्थानों पर तीन लोगों पर हमला कर घायल का दिया। इससे पूरे गांव में दहशत फैल गई। सूचना देने के बाद वन विभाग एवं पुलिस के न पहुंचने से आक्रोशित ग्रामीणों ने तेंदुआ की खोजबीन शुरू कर दी। गांव के पास घूम रहे तेंदुआ को देखकर भीड़ ने उसे दौड़ा दिया। इस पर तेंदुआ जाकर झाड़ियों में छिप गया। इसके थोड़ी देर बाद पुलिस एवं वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने ग्रामीणों को सतर्क रहने की हिदायत देते हुए तेंदुआ की निगरानी शुरू कर दी है। घायलों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया है।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के गांव जार कल्लिया में बुधवार तड़के लोग जागने के बाद अपने-अपने कामों में लग गए। सुबह पौने सात बजे कुछ ग्रामीणों की निगाह गांव के बाहर सूख चुके तालाब में घूम रहे तेंदुआ पर पड़ी तो दहशत में आ गए। इसकी जानकारी लोगों को होती इससे पहले तेंदुआ ने गांव के समीप रास्ते पर जा रहे सत्यपाल गंगवार पर हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से सत्यपाल बुरी तरह घबरा गए। उन्होंने तेंदुआ के चंगुल से खुद को छुड़ाने के साथ शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर मचाने पर शराबे पर तेंदुआ वहां से भाग निकला।

ग्रामीणों के मुताबिक सत्यपाल गांव के नजदीक अपने नाती को स्कूल वैन में बैठाने जा रहे थे। गनीमत यह रही कि जब तेंदुआ ने जब सत्यपाल पर हमला किया तो तब उनका नाती उनसे काफी पीछे चल रहा था। तेंदुआ का पंजा लगने से सत्यपाल के सिर और गर्दन में चोटें आईं। बदहवास हालत में सत्यपाल अपने घर लौटे पाए।



घायल हेमराज।



घायल विवेक।

इसी बीच गांव में पहुंचे तेंदुआ ने दूसरा हमला कर दिया। इससे घबराएं ग्रामीण अपने बच्चों को सुरक्षित घर पहुंचाने में जुट गए। वहीं कुछ ग्रामीणों उस ओर दौड़ गई, जिस ओर से शोर-शराबे की आवाज आ रही थी। गांव में घूम रहे तेंदुआ ने दूसरा हमला वहीं के हेमराज पर किया। उस समय वह घर से निकलकर खेतों की ओर जा रहे थे। हमले में पीठ, कूल्हे के अलावा पैरों में पंजा लगने से हेमराज लहूलुहान हो गए। उन्होंने शोर मचाकर बमुश्किल खुद को तेंदुआ के चंगुल से छुड़ाया। ग्रामीण जब मौके पर पहुंचे, तब तक तेंदुआ वहां से जा चुका था। तेंदुए के हमले की खबर गांव के विवेक गंगवार को लगी तो वह खेत में सिंचाई कर रहे अपने दोनों भाइयों अनिल व ब्रजेश को इसकी जानकारी देने के लिए खेतों की ओर जा रहे थे। बताते हैं कि विवेक गांव से कुछ मीटर की दूरी पर पहुंच पाए होंगे। तभी तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। खुद को संभालते हुए उन्होंने शोर मचाकर तेंदुओ के चंगुल से जैसे-तैसे खुद को उनके भी शरीर पर पंजे लग गए। ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग और पुलिस को दी।

### एक घंटे में तीन लोगों पर हमला होने से घबराए ग्रामीण, बच्चे-महिलाएं घरों में कैद

बस्ती में घुसे तेंदुआ ने एक घंटे में तीन लोगों पर हमला किया तो लोग बुरी तरह दहशत में आ गए। इधर, सूचना देने के बाद भी पुलिस एवं वन विभाग की टीम के न पहुंचने से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे। गांव में लोगों की भीड़ जुटना शुरू हो गई। कहीं तेंदुआ फिर किसी पर हमला न कर दें। इससे लोगों ने गांव में घूम रहे तेंदुए की खोजबीन शुरू कर दी। इसी बीच कुछ ग्रामीणों की नजर गांव के किनारे घूम रहे तेंदुआ पर पड़ी। तेंदुआ को देखते ही लाठी-डंडे लेकर ग्रामीणों दौड़ाना शुरू कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक तेंदुआ भागकर वहीं के महेश पाल के खेत के समीप झाड़ियों में जाकर छिप गया। इस बीच पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। कुछ देर बाद सामाजिक वानिकी प्रभाग के उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी श्रीवास्तव, पीलीभीत रेंज के रेंजर पीयूष मोहन श्रीवास्तव, डिप्टी रेंजर शेर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। टीम के देरी से पहुंचने को लेकर ग्रामीणों में खासी नाराजगी देखी गई। उप प्रभागीय वनाधिकारी ने ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील की। वहीं टीम ने तेंदुए की निगरानी शुरू कर दी। गांव के आसपास तेंदुए की मौजूदगी के चलते पूरे दिन ग्रामीण खेतों में काम करने नहीं पहुंचे। गांव में खासी दहशत देखी जा रही है। फिलहाल तीनों घायल ग्रामीणों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। जहां उपचार के बाद उन्हें वापस घर भेज दिया गया।

### सुल्तानपुर में तेंदुआ ने किसान पर किया हमला

**पूरनपुर।** सेहरामऊ क्षेत्र के गांव सुल्तानपुर के शमशुल बुधवार को गन्ने की फसल की रखवाली कर रहे थे। इस दौरान अचानक खेत से निकले तेंदुआ ने उन पर हमला कर दिया। शमशुल ने शोर मचाया, जिससे तेंदुआ खेत में चला गया। शमशुल ने इसकी सूचना गांव के लोगों को दी। तेंदुआ के हमले की जानकारी लगते ही दर्जनों ग्रामीण मौके पर जा पहुंचे। हमले में घायल शमशुल को उपचार के लिए सीएचसी लाया गया। इलाज के बाद परिजन उन्हें अपने साथ ले गए। बीते शनिवार को तेंदुआ ने बंजरिया के देवेश मिश्रा पर हमला कर दिया था। वह जंगल किनारे मवेशी चराने गया था। बढ़ते वन्य जीव के हमले को लेकर ग्रामीणों में दहशत है।

> पीलीभीत रेंज के गांव जार कल्लिया में वन्यजीव के हमले की जानकारी मिली थी। सूचना पर मैं स्वयं टीम के साथ मौके पर गया था। तेंदुए की मॉनिटरिंग के लिए टीम लगा दी गई है। ग्रामीणों से सतर्क रहने और खेतों में समूह के रूप में जाने की अपील की गई है।
>
> **– अंजनी श्रीवास्तव**, उप प्रभागीय वनाधिकारी, सामाजिक वानिकी प्रभाग

# चार को निकलेगी मां पूर्णागिरि धाम बाइक यात्रा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक करते विहिप-बजरंग दल के पदाधिकारी।

- विहिप-बजरंग दल पदाधिकारियों ने यात्रा की तैयारी को लेकर आयोजित की बैठक

**अमृत विचार:** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के तत्वावधान में चार मई को गांधी स्टेडियम से भारत-नेपाल बॉर्डर सीमा तक मां पूर्णागिरि धाम बाइक यात्रा निकाली जाएगी। इसकी तैयारियों को लेकर मोहल्ला सुनगढ़ी स्थित आरएसएस कार्यालय में बुधवार को बैठक की गई।

बभारत नेपाल बॉर्डर सीमा मां पूर्णागिरि धाम बाइक यात्रा चार मई को गांधी स्टेडियम से सुबह 11 बजे निकाली जाएगी। जिसमें ब्रज प्रांत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल होंगे। यात्रा में जनपद भर से कार्यकर्ता भाग लेंगे। करीब एक हजार बाइक रहने का अनुमान है। यात्रा का उद्देश्य भारत-नेपाल सीमा पर अवैध गतिविधि रोकना है। कहा कि युवा जब नशे की पद्धति को छोड़ेगा और संस्कृति से जुड़ेगा तो राष्ट्र सेवा में अपना योगदान दे सकेगा। गांधी स्टेडियम से शुरू होने के बाद यात्रा गैस चौराहा, देश नगर मठिया होते हुए मां यशवंतरी देवी के दरबार पहुंचेगी। वहां दर्शन के उपरांत न्यूरिया होते हुए मझोला पहुंचेगी। वहां व्यापारियों द्वारा स्वागत किया जाएगा। इसके बाद उत्तराखंड के खटीमा में सभा होगी। फिर टनकपुर के लिया रवाना होगी।टनकपुर में भोजन व रात्रि विश्राम होगा। अगले दिन पांच मई को सुबह उठकर मां पूर्णागिरी के दर्शन के लिए रवाना होंगे। माता के दर्शन के बाद नेपाल स्थित सिद्ध बाबा के दर्शन किए जाएंगे।उसके बाद सभी कार्यकर्ता अपने अपने गंतव्य को रवाना होंगे। बैठक में जिला प्रचारक दुष्यंत,जिला कारवाह डालचंद, ब्रज प्रांत बजरंग दल संयोजक दिग्विजय नाथ तिवारी, जिला अध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद कृष्णा गंगवार,जिला संगठन मंत्री प्रिंस गौड़, जिला सह मंत्री प्रवीन मोहन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# ब्रह्मदेव बाबा आश्रम में सात दिवसीय रामकथा आरंभ

**घुंघचिहाई, अमृत विचार:** दियोरियाकलां मार्ग पर स्थित प्राचीन ब्रह्मदेव बाबा आश्रम पर सात दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन बुधवार से किया गया। इससे पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। महिलाएं आश्रम से कलश लेकर इकोत्तर नाथ मंदिर के समीप स्थित गोमती नदी से जल भरकर लाई। विशाल कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शाम को भक्तों ने कथा का श्रवण किया। मथुरा वृंदावन धाम से आए कथा वाचक सत्यदेव महाराज ने राम जन्म की कथा का रसपान कराया। इस मौके पर महंत सुखदेव पुरी महाराज, मुख्य आयोजक राजेंद्रपुरी, विमलेश त्रिवेदी, बाबा नवनीतदास, मुकेश दुबे, रमेश मौर्य, रंजीत तिवारी आदि मौजूद रहे।

# कृषि विज्ञान केंद्र में तैयार होगी हाईटेक नर्सरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



हाईटेक नर्सरी निर्माण के लिए भूमि पूजन करते अधिकारी व कृषि वैज्ञानिक।

- 128.53 लाख से तैयार की जाएगी नर्सरी, हुआ भूमि पूजन
- चार महीने में तैयार हो जाएगी हाईटेक नर्सरी

**अमृत विचार:** कृषि विज्ञान केंद्र में हाईटेक नर्सरी निर्माण के लिए विधि विधान से भूमि पूजन किया गया। मनरेगा के तहत 128.53 लाख की लागत से तैयार होने वाली हाईटेक नर्सरी सब्जी उत्पादकों को गुणवत्तापरक एवं रोग मुक्त सब्जी की पौध मिल सकेगी। अधिकारियों के मुताबिक हाईटेक नर्सरी चार माह में तैयार हो जाएगी।

टांडा बिजैसी स्थित कृषि विज्ञान केंद्र में मनरेगा योजना के अंतर्गत हाईटेक नर्सरी के निर्माण के लिए भूमि पूजन किया गया। नर्सरी निर्माण में 128.53 लाख की लागत आएगी। इस हाईटेक नर्सरी के तैयार होने से सब्जी उत्पादकों को गुणवत्ता एवं रोग मुक्त सब्जी पौध आसानी से मिल सकेगी। इस हाईटेक नर्सरी से पौध लेने से पूर्व किसानों को अपनी डिमांड के अनुसार सब्जी बीज देना होगा। जिसके बाद किसानों को एक रुपए प्रति पौधे की दर से उन्हें सब्जी पौध उपलब्ध कराई जाएगी। यदि किसान द्वारा बीज उपलब्ध न कराकर सीधे पौध खरीद जाती है तो उसे प्रति पौधा दो रुपए चुकाना होगा। जिला उद्यान अधिकारी के मुताबिक हाईटेक नर्सरी में प्रति वर्ष पांच लाख से अधिक पौधों का उत्पादन किया जा सकता है। नर्सरी में पौध उत्पादन का कार्य इजराईल तकनीकी के आधार पर को-को पिट में तैयार किया जाएगा। को-को पिट में तैयार किए गए पौधे एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने में काफी आसान होने के साथ-साथ उनकी जीवितता भी शत प्रतिशत बनी रहती है। हाईटेक नर्सरी का निर्माण करीब चार माह में पूरा कर लिया जाएगा। नर्सरी में रबी सीजन में तैयार होने वाली सब्जियां टमाटर, गोभी, शिमला मिर्च, मिर्च, पत्तागोभी समेत अन्य सब्जियां की पौध जल्द ही उपलब्ध होने लगेगी। इस हाईटेक नर्सरी का संचालन महिला स्वयं सहायता समूह के माध्यम से कराया जाएगा। इससे पूर्व समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इस कार्य में जिला उद्यान अधिकारी बालीशरण चौधरी समेत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों का भरपूर सहयोग रहेगा। भूमि पूजन के दौरान जिला उद्यान अधिकारी के अलावा कृषि विज्ञान केंद्र के कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका के अलावा अन्य कृषि वैज्ञानिक मौजूद रहे।

# डीएम ने स्ट्रांग रूम की सुरक्षा देखी, दिए निर्देश



स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था देखते जिला निर्वाचन अधिकारी। ● अमृत विचार

**पीलीभीत, अमृत विचार:** जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बुधवार को मंडी समिति पहुंचकर स्ट्रांग रूम की सुरक्षा व्यवस्था को परखा। तैनात फोर्स से बातचीत की और उनसे सुरक्षा व्यवस्था के साथ बुनियादी सुविधाओं के बारे में जानकारी जुटाई। सुरक्षा कर्मियों ने बताया कि किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने विधानसभा वार सीसीटीवी कैमरों से की जा रही निगरानी को भी परखा। उन्होंने मण्डी में तैनात पुलिस कर्मियों की ड्यूटी के सम्बन्ध में भी जानकारी जुटाई और आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस मौके पर एसडीएम सदर देवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

# सैकड़ों एकड़ जमीन पर रोप दी गई साठा धान की पौध, तब लगाई रोक

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



कलीनगर क्षेत्र के एक खेत में रोपी गई साठा धान की पौध।

- जिला प्रशासन ने साठा धान की रोपाई पर रोक लगाने के दिए निर्देश
- गोमती नदी के पानी से की जा रही सिंचाई, जल प्रवाह हो रहा प्रभावित

**अमृत विचार:** तराई में भूजल से लेकर खेत की सेहत तक के लिए अभिशाप बने साठा धान पर शासन की ओर से प्रतिबंध लगा है। इस बार जिले में सैकड़ों एकड़ जमीन पर किसानों ने प्रतिबंधित साठा धान की पौध की रोपाई की है। साठा धान की सिंचाई में सूखती जा रही गोमती नदी के पानी का जमकर दोहन किया जा रहा है। देर से जागे प्रशासन ने अब साठा धान की रोपाई पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं।

कृषि क्षेत्र में अग्रणी तराई के इस जिले में बड़े पैमाने पर गेहूं, धान और गन्ने की पैदावार होती है। इसके साथ ही कुछ किसानों द्वारा फरवरी में धान की पौध डालकर ग्रीष्मकालीन साठा (चाइनीज धान) की खेती की जाती है। विशेषज्ञों के मुताबिक साठा धान की फसल में उर्वरकों, कृषि रक्षा रसायनों की अधिकता तो होती ही है, साथ ही चौथे-पांचवें दिन सिंचाई के लिए पानी की भी जरूरत होती है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो भूमि की उर्वरा शक्ति को संरक्षित रखने के लिए साठा धान की खेती भूमि एवं पर्यावरण दोनों के लिहाज से अनुकूल नहीं है। साठा धान के लगाने से भू-गर्भ जल स्तर के गिरने एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्परिणामों को दृष्टिगत प्रदेश सरकार द्वारा पूर्व में साठा धान की खेती को प्रतिबंधित कर दिया है।

> भू-गर्भ जल स्तर के गिरने की संभावना एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्परिणामों के दृष्टिगत जनपद में साठा धान के उत्पादन पर रोक लगाई गई है। सभी एसडीएम को संबंधित क्षेत्र में भ्रमण कर किसानों को साठा धान न लगाने के प्रति जागरूक करने के निर्देश दिए गए हैं। किसानों से भी अपील है कि वे खेतों में प्रतिबंधित साठा धान की रोपाई न करें।
>
> **– संजय कुमार सिंह, डीएम**

### साठा धान के उत्पादन बड़ी वजह

जिले में करीब डेढ़ दशक पूर्व कुछ बंगाली विस्थापितों ने साठा धान की पैदावार शुरू की थी। कम लागत देख तराई के किसानों ने भी इसकी पैदावार करनी शुरू कर दी। अब इसका रकबा साल दर साल बढ़ता जा रहा है। किसानों के मुताबिक मुख्य धान की फसल से एक एकड़ में करीब 20 क्विंटल, जबकि साठा धान करीब 38 क्विंटल पैदा होता है। कृषि वैज्ञानिक डॉ. एसएस ढाका के मुताबिक साठा फसल में हर तीसरे दिन पानी की खपत होने से भूगर्भ जल का खासा दोहन होता है। ऐसे में इस फसल से होने वाला मुनाफा आने वाले सालों में काफी महंगा साबित हो सकता है।

### 60 दिनों में पक जाती है साठा धान की फसल

किसानों के मुताबिक साठा धान की फसल 60 दिनों में तैयार हो जाती है, लेकिन इसको तैयार करने के लिए रोजाना ही सिंचाई की आवश्यकता होती है। साठा धान की पौध फरवरी में ही डलना शुरू हो जाती है। करीब 30 दिन में पौध तैयार हो जाती है। इसके बाद किसान सरसों, गेहूं, गन्ने के खाली खेतों में साठा धान की फसल मात्र 60 दिन में तैयार कर लेते हैं। एक अनुमान के मुताबिक जिले में करीब छह हजार हेक्टेयर में साठा धान की खेती होती है। खास बात यह है कि इस प्रतिबंधित साठा धान की सरकारी स्तर पर कोई खरीद नहीं होती है।

### अफसर चुनाव में व्यस्त, किसानों ने लगा दी प्रतिबंधित धान की पौध

इस साल जिले में फरवरी में बड़े पैमाने पर साठा धान की पौध तैयार की गई। शुरुआत में प्रशासन ने इस पर कोई तवज्जो नहीं दी तो साठा धान पैदा करने वालों के हौसले बढ़ गए। कुछ लोगों ने साठा धान की पौध तैयार करके बिक्री कर दी। मार्च की शुरुआत होते ही जिले में किसानों ने बड़े पैमाने पर साठा धान की रोपाई करना शुरू दिया। उस दौरान अमृत विचार द्वारा समाचारों के माध्यम से प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया गया, लेकिन तब तक लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू हो गई। प्रशासन चुनाव की तैयारियों में व्यस्त हो गए, इधर जिले में साठा धान पर कोई प्रतिबंध न लगता देख बड़े पैमाने पर प्रतिबंधित फसल की रोपाई कर दी गई। जिले साठा धान की सर्वाधिक रोपाई पूरनपुर, कलीनगर एवं अमरिया तहसील क्षेत्र के गांवों में की गई है। खास बात यह है कि साठा धान पैदा करने वालों में सूखती जा रही गोमती को भी नहीं छोड़ा। नदी के आसपास खेती करने वालों पर नदी के पानी से ही साठा धान की सिंचाई करनी शुरू कर दी है। इस बात की जानकारी प्रशासन को भी हो चुकी है। किसानों की ही मानें तो पिछले कुछ सालों की अपेक्षा इस बार साठा धान की रोपाई सबसे ज्यादा की गई है। असम हाईवे से पूरनपुर से पीलीभीत की ओर चलें तो हाईवे के दोनों ओर जरा तक खेतों में साठा धान की लगी फसल को देखा जा सकता है।

# बिलसंडा में सब्जी मंडी की व्यवस्था नहीं, दुकानदार परेशान

संवाददाता, बिलसंडा



बिलसंडा में सड़क किनारे एक दुकान पर रखीं सब्जियां।

- हाईवे पर दुकानें लगाने से हर वक्त रहती है दुर्घटना की आशंका
- छोटे दुकानदारों ने बाजार में सब्जी की दुकानें लगाना कर दिया बंद

**अमृत विचार:** नगर में सब्जी मंडी की स्थायी व्यवस्था न होने से दुकानदारों को परेशानी हो रही है। हाईवे पर दुकानें लगाने पड़ रही हैं। इसके अलावा एक निजी प्लाट पर दुकानें लगाने के एवज में दुकानदारों से तहबाजारी के रूप में वसूली की जा रही है। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया है।

वर्ष 2000 में तत्कालीन चेयरमैन महेश बाबू गुप्ता ने रामलीला मैदान के समीप स्थित रामा ट्रस्ट की जमीन को किराए पर लेकर सब्जी मंडी की व्यवस्था कराई थी,लेकिन उनके बाद जब एक दशक तक जिम्मेदारों ने ट्रस्ट में किराया ही नहीं जमा किया तो प्रशासन ने चार वर्ष पहले जमीन खाली करा ली। तब से ट्रस्ट की जमीन खाली पड़ी है। हालांकि उसके बाद से सब्जी मंडी भी उजड़ गई। बाद में कुछ दुकानदारों ने हाईवे पर दुकानें लगानी शुरू कर दीं। जबकि कईयों ने सब्जी का काम करना ही बंद कर दिया। बता दे की नगर में मंगलवार और शनिवार को साप्ताहिक बाजार लगती हैं ,जिसमें दूर दराज गांवों से लोग सब्जी की दुकानें लगाने आते हैं। ऐसे दुकानदारों को वन रेंज कार्यालय के सामने एक निजी प्लाट पर दो वर्षों से बैठाया जा रहा है। आरोप है कि सप्ताह में सिर्फ दो दिन सब्जी की दुकानें लगाने वाले छोटे दुकानदारों से 50 से 100 रुपए प्रति बाजार की दर से तहबाजारी के रूप में देने पड़ते हैं। जिसकी वजह से ग्रामीण अंचल से आने वाले छोटे दुकानदारों ने नगर की बाजार में आना ही बंद कर दिया। ऐसे दुकानदारों का कहना है कि 500 रुपये की बामुश्किल सब्जी की बिक्री हो पाती है, और उस पर बाजार में बैठने के लिए 100 रुपए देने पड़ेंगे तो उन्हें फायदा की बजाय नुकसान उठाना पड़ता है। इससे तो बेहतर यही है कि नगर की बाजार में दुकान ही ना लगाई जाए। गत वर्ष हुए निकाय चुनाव के दौरान मौजूदा चेयरमैन डीके गुप्ता ने सब्जी मंडी की सबसे पहले स्थाई व्यवस्था कराने का लोगों को आश्वासन दिया था। लेकिन एक वर्ष गुजरने के बाद भी अभी तक सब्जी मंडी की स्थाई व्यवस्था नहीं कराई गई।

> रामा ट्रस्ट की जगह पर सब्जी मंडी की पुन: व्यवस्था कराए जाने के लिए पत्रावली डीएम कार्यालय भेजी जा चुकी है। वहां से शीघ्र ही अनुमति मिलने की उम्मीद है। अनुमति मिलने के बाद सब्जी मंडी की समस्या से निजात मिल जाएगी।
>
> **– डीके गुप्ता**, चेयरमैन, नगर पंचायत बिलसंडा

# गुरु के बताए रास्ते पर चलने से होगा कल्याण

संवाददाता, पूरनपुर



प्रवचन सुनाते देवेंद्र मोहन भैया जी।

**अमृत विचार:** बंडा रोड पर परम संत दिव्यानंद जी महाराज के आध्यात्मिक उत्तराधिकारी देवेंद्र मोहन भैया जी महाराज का सत्संग एवं दीक्षा कार्यक्रम बुधवार को हुआ। इस अवसर पर उनका भव्य स्वागत किया गया।

सत्संग में भईया जी महाराज ने कहा कि मनुष्य को भौतिक जीवन जीने के साथ अपने आध्यात्मिक जीवन पर भी विचार करना चाहिए। अच्छे कर्म करने चाहिए और प्रभु की भक्ति ध्यान योग साधना के माध्यम से करनी चाहिए। जीवन में बुरी संगत, बुरे विचार और बुरे व्यवहार से सभी को दूर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में एक आध्यात्मिक गुरु की शरण आवश्यक है। गुरु के बताए मार्ग पर ही चलें। उन्होंने दर्जनों लोगों को नाम दान की दीक्षा भी दी। विशाल भंडारे के साथ सत्संग का समापन किया गया। सत्संग में दूर दराज से लोग पहुंचे। इस मौके पर संजीव शर्मा, महेश पाल, राजेंद्र प्रसाद, विपिन गुप्ता आदि मौजूद रहे।

वरदान कॉलेज ऑफ नर्सिंग
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS VGI BAREILLY
ग्राम कैमुआ, आँवला, बदायूं रोड, बरेली, पिन-243402
यू.पी. स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा संबंद्ध
इंडियन नर्सिंग काउंसिल (आई.एन.सी) दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
हेल्थकेयर क्षेत्र में कैरियर बनाने का सुनहरा अवसर
VARDAN GROUP OF INSTITUTIONS
संस्थान में संचालित पाठ्यक्रम
जी.एन.एम. ए.एन.एम. ओ.टी. टैक्नीशियन
कॉल करें-0581-2510507, 9412193065, 9720282723
नगर कार्यालय
वरदान हॉस्पिटल एंड मैटरनिटी सेंटर, ईसाईयों की पुलिया, श्यामगंज, बरेली-243001
ई-मेल : vardancollege1@gmail.com | वेबसाईट : www.vardangroupofinstitution.com




# मिड-डे मील बनाते समय झुलसी रसोइया की मौत, हंगामा

## परिजनों ने शव स्कूल परिसर में रखकर किया जोरदार प्रदर्शन, प्रधान, उनके पति व प्रभारी प्रधानाध्यापक पर रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** मीरपुर हीरपुर प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील बनाने के दौरान सिलेंडर में लगी आग से रसोइया झुलस गई थी, जिसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पोस्टमार्टम के बाद परिजन को रसोइया का शव लेकर प्राथमिक विद्यालय जा पहुंचे और वहां जमकर हंगामा किया। इसकी सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन देकर परिजन को शांत कराया जा सका। परिजनों ने ग्राम प्रधान, प्रधान पति और प्रभारी प्रधानाध्यापक को घटना का दोषी ठहराते हुए पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

ग्राम पंचायत रामपुर बसंत के मजरा मीरपुर हीरपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को रसोइया बिटोली देवी और रामसनेही मिड डे मील बना रही थीं। तभी रोटियां सेंकने के दौरान अचानक गैस सिलेंडर में आग लग गई। दोनों रसोई घर से बाहर भाग पाती इससे पहले ही आग की चपेट में आ गईं। उनकी चीख सुनकर पहुंचे शिक्षकों व अन्य लोगों ने रेत और भीगी बोरियां डालकर किसी तरह आग तरह बुझाई। मगर तब तक रसोइया बिटोली देवी व रामसनेही गंभीर रूप से झुलस गईं। दोनों को फौरन निगोही के सरकारी अस्पताल ले जाया गया। जहां हालत नाजुक देखकर चिकित्सक ने शाहजहांपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहां उपचार के दौरान मंगलवार शाम रसोइया रामसनेही (58) की मौत हो गई। शाहजहांपुर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद बुधवार को शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।


बुधवार दोपहर बाद परिजन और ग्रामीण शव लेकर प्राथमिक विद्यालय मीरपुर हीरपुर जा पहुंचे। जहां उन्होंने शव स्कूल परिसर में रख दिया और हंगामा शुरू कर दिया। उनका आरोप था कि यह घटना ग्राम प्रधान, उनके पति, प्रभारी प्रधानाध्यापक की वजह से हुई। हंगामे की सूचना मिलने पर करेली पुलिस मौके पर जा पहुंची। पुलिस ने सख्त कार्रवाई का आश्वासन देकर लोगों को शांत किया। मृतक के बेटे वीरपाल ने प्रधान रामवती, उनके पति मेवाराम और प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर कर ली है।


मीरपुर हीरपुर प्राथमिक विद्यालय में रसोइया का शव रख कर हंगामा करते परिजन व ग्रामीण।


विलाप करते मृतक के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

● दो दिन पहले बिलसंडा इलाके के मीरपुर हीरपुर प्राथमिक विद्यालय में हुआ था हादसा


मृतक रामसनेही।


मृतका के पुत्र वीरपाल से घटना की जानकारी लेती करेली पुलिस। ● अमृत विचार

### फायर एक्सटिंगुइशर नहीं आए काम

विद्यालय में इस तरह की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए अग्निशमन विभाग द्वारा जो फायर एक्सटिंगुइशर दिए गए थे वो काम नहीं आए। ग्रामीणों का कहना है कि अगर आग बुझाने के लिए स्कूल में लगे यंत्र काम आ जाते तो शायद आग इतना विकराल रूप नहीं ले पाती। हालांकि प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार का कहना है कि उन्होंने अग्निशमन यंत्रों का इस्तेमाल करके ही आग पर काबू किया था।

### प्रधानाध्यापक पर पाइप व रेगुलेटर न बदलवाने का आरोप

प्रधानाध्यापक रामप्रकाश गंगवार 31 मार्च 2024 को सेवानिवृत हो गए थे। इसके बाद स्कूल का चार्ज सहायक अध्यापक विजय कुमार को दे दिया गया था। रसोइया रामसनेही के बेटे वीरपाल का कहना है कि रेगुलेटर व पाइप खराब होने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय कुमार और प्रधान पति मेवाराम से बदलने को कहा गया था। मगर दोनों ने अनसुनी कर दी। प्रधान पति ने प्रधान और प्रधानाध्यापक के साथ बैंक में संचालित खाते का संचालन चेंज नहीं कराया। इसकी वजह से प्रधानाध्यापक ने अपनी जेब से रेगुलेटर और पाइप लाने से मना कर दिया था।

खाना बनाने के दौरान लगी आग में झुलसने वाली एक रसोइया की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के बेटे से मिली तहरीर के आधार पर प्रधान, उनके पति और प्रभारी प्रधानाध्यापक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई है। विवेचना में साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। – जगदीप सिंह मलिक, एसओ करेली

## पोल से टकराकर बाइक सवार अधिवक्ता की मौत

**पूरनपुर, अमृत विचार:** खेत देखने के लिए जा रहे एक अधिवक्ता की बाइक रास्ते में बिजली के पोल से टकरा गई। इसमें गंभीर चोटें आने से अधिवक्ता की मौत हो गई।


मृतक आदित्य अवस्थी।

● घुंघचाई रोड पर मंगलवार शाम हुआ हादसा

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारायणपुर के रहने वाले अधिवक्ता आदित्य अवस्थी (65) पुत्र तारानाथ के खेत घुंघचाई गांव के पास हैं। मंगलवार शाम वह बाइक से खेत देखने जा रहे थे। घाटमपुर के आगे गोमती नदी पुल के पास पहुंचते ही उनकी बाइक सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकरा गई।

हादसे में आदित्य गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें उपचार के लिए नगर के एक अस्पताल लाया गया। हालत नाजुक होने पर रेफर किए जाने पर परिजन बरेली ले गए । बरेली के निजी अस्पताल में बुधवार सुबह उपचार के दौरान आदित्य की मौत हो गई।

## दो बाइकों की भिड़ंत में तीन होमगार्ड घायल

**पूरनपुर, अमृत विचार:** मोहल्ला पटेल नगर निवासी होमगार्ड दिनेश कुमार मंगलवार को कोतवाली से ड्यूटी करके अपने घर जा रहे थे। दियोरियाकलां रोड पर उनकी गाड़ी में सामने से आई दूसरी बाइक ने टक्कर मार दी। हादसे में दिनेश और दूसरी बाइक पर सवार होमगार्ड पटेल नगर के निवासी महेंद्र पाल व रोहनिया गांव निवासी प्रेमपाल घायल हो गए। सूचना पर यूपी 112 पुलिस मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी पूरनपुर ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर होने पर प्रेमपाल को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# युवक का शव पेड़ पर लटका मिला

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** घर से बिना बताए निकले युवक का शव बुधवार सुबह बाग में शीशम के पेड़ पर फंदे से लटका मिला। परिजन युवक के खुदकुशी करने की बात कह रहे हैं, लेकिन इसकी वजह नहीं बता सके।

बरखेड़ा थाना क्षेत्र के ग्राम लखनऊ कलां के रहने वाले सुरेश कुमार का 22 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार मजदूरी करता था। मंगलवार रात करीब 11 बजे दीपक परिवार वालों को बिना कुछ बताए घर से निकल गया। परिजनों ने सोचा कि वह कहीं घूमने गया होगा। इससे परिजन खाना खाने के बाद सो गए। बुधवार सुबह करीब साढ़े पांच बजे घर से 20 मीटर की दूरी पर बाग में शीशम के पेड़ पर साड़ी के सहारे फंदे से लटका मिला। उधर से गुजरे ग्रामीणों ने शव लटका देखा तो उनके होश उड़ गए। कुछ ही देर में मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसकी जानकारी मिलने पर परिवार वाले भी मौके पर जा पहुंचे। इसकी सूचना देने पर बरखेड़ा पुलिस ने मौका मुआयना किया। परिजन ने नशा अधिक करने की बात कहते हुए खुदकुशी का अंदेशा जताया। हालांकि किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया।

● बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम लखनऊ कलां में हुई घटना

एक युवक का शव फंदे से लटका मिला था। इसकी सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस गई थी। शव पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर दिया गया है। किसी तरह का आरोप परिजन नहीं लगा रहे है। खुदकुशी की वजह भी नहीं पता लग सकी है। छानबीन चल रही है। – अरविंद सिंह चौहान, इंस्पेक्टर बरखेड़ा

### चार भाई-बहनों में सबसे बड़ा था दीपक

मृतक दीपक कुमार अविवाहित था। उसके खुदकुशी करने की बात तो परिजन भी कहते रहे। शराब का नशा अधिक करने की आदत बताते हुए उसी में खुदकुशी करने की बात कही गई। मगर कोई ठोस वजह वह भी नहीं बता सके। मृतक दीपक चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था। उसके छोटा भाई अशोक कुमार, दो बहनें सीमा और यशवती हैं। जवान बेटे की मौत के बाद परिवार में चीख पुकार मची रही।

# हाईवे पर बस व स्कूल वाहन में भिड़ंत, चालक और बच्चे घायल

संवाददाता, गजरौला

**अमृत विचार:** असम हाईवे पर गढ़ा मोड़ पर एक प्राइवेट बस और स्कूल बस की टक्कर हो गई। इस हादसे में स्कूल बस के ड्राइवर समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए बरेली रेफर कर दिया गया है। हादसे में आधा दर्जन छात्रों को हल्की चोटें आईं, जिन्हें परिजन अपने साथ ले गए।

बुधवार दोपहर अकाल अकेडमी पूरनपुर की बस बच्चों को लेकर जा रही थी। उधर, पूरनपुर की तरफ से एक प्राइवेट बस सवारियां लेकर पीलीभीत की तरफ आ रही थी। थाना गजरौला क्षेत्र में जरा पुलिस चौकी के पास गढ़ा मोड़ पर बस बच्चों को उतारने के बाद हाईवे पर जरा की तरफ मुड़ रही थी। तभी उसकी एक प्राइवेट बस से टक्कर हो गई। हादसे के बाद बसों में चीख पुकार मच गई।

इससे आसपास के काफी लोग जमा हो गए। इसकी सूचना मिलते ही पुलिस पहुंच गई। हादसे के बाद प्राइवेट बस का चालक मौके से भाग गया। इसकी खबर मिलने पर बच्चों के परिवार वाले मौके पर जा पहुंचे। आनन-फानन में घायल बच्चों को बस से बाहर निकाला गया। इसके बाद अधिकांश बच्चों को परिजन अपने साथ ले गए। बाकी को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया गया।

जिला अस्पताल पहुंचने वालों में स्कूली बस का चालक गांव मथना निवासी सतनाम सिंह (60), बस में सवार गजरौला निवासी प्रभजोत कौर (10) पुत्री सतनाम सिंह, नबसहज कौर (7) पुत्री मलकीत, गुरनूर कौर (6) शामिल हैं। वहां प्राथमिक इलाज के बाद चालक सतनाम सिंह और प्रभजोत कौर को हालत गंभीर होने पर बरेली रेफर कर दिया गया। उधर, हाईवे पर हादसे के बाद जाम की स्थिति बन गई। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहनों को ग्रामीणों की मदद से ट्रैक्टर में बांधकर रोड से अलग हटवाया। कहीं तब जाकर करीब आधे घंटे बाद जाम खुल सका। इस दौरान मौके पर लोगों की भीड़ लगी रही। सीओ सिटी दीपक चतुर्वेदी ने जिला अस्पताल पहुंचकर घायलों का हालचाल जाना।


जिला अस्पताल में भर्ती घायल छात्रा। ● अमृत विचार


हादसे की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल पहुंची पुलिस।

● घायलों में चालक व एक छात्रा की हालत नाजुक, हादसे के बाद आधा घंटे जाम रहा असम हाईवे

## बाइक चालक पर एफआईआर

**बीसलपुर, अमृत विचार:** सप्ताह भर पूर्व हुए सड़क हादसे में पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज का ली है। कोतवाली में दर्ज की गई रिपोर्ट में ग्राम नीवाडांडी निवासी चंद्रसेन ने बताया कि 23 अप्रैल की शाम सात बजे वह बीसलपुर से साइकिल पर सवार होकर गांव जा रहे थे। चीनी मिल के आगे एक भट्ठे के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गए। भाई रूपराम ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचा और अस्पताल भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से बरेली रेफर कर दिया गया। अभी तक इलाज होने के चलते तहरीर नहीं दी गई थी। पुलिस ने बाइक नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पशुशाला में लगी आग, आठ बकरियां जल मरीं

संवाददाता, बरखेड़ा

**अमृत विचार:** पशुशाला में अचानक आग लगने आठ बकरियां जिंदा जलकर मर गईं, जबकि दो बकरियां बुरी तरह झुलस गईं। ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया। आग में घरेलू सामान भी जल गया और एक महिला झुलस गई।

थाना बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मचवाखेड़ा निवासी पार्वती देवी बकरी पालन करती हैं। पार्वती ने अपने खपरैलनुमा घर के बाहर झोपड़ी डल रखी थी। उसी में 10 बकरियों का पालन करती थी। इसमें कुछ घरेलू सामान भी रखा था। मंगलवार रात नौ बजे वह खाना खाने के बाद सो गई। बुधवार सुबह करीब चार बजे अचानक झोपड़ी में आग लग गई। कुछ ही देर में आग ने भीषण रूप ले लिया। पड़ोसियों ने झोपड़ी से आग की लपटें उठती देख शोर मचाया। जिसके बाद ग्रामीण जमा हो गए। शोर सुनकर पार्वती देवी नींद खुल गई, जिसके बाद वह बाहर निकलीं। ग्रामीणों ने एकजुट होकर किसी तरह आग पर काबू किया। इस दौरान आग बुझाने की कोशिश में पार्वती देवी मामूली रूप से झुलस गईं। आग में जलने से आठ बकरियों की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो झुलस गईं। झोपड़ी में रखा अनाज, बिस्तर, कपड़े आदि घरेलू सामान जल गया। इसकी सूचना एसडीएम बीसलपुर के कार्यालय में देकर मुआवजे की मांग की गई है।


आग लगने पर झोपड़ी जलने के बाद मौके पर पड़ी राख। ● अमृत विचार

● बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम मचवाखेड़ा में बुधवार सुबह हुआ हादसा

## महिला ने देवर पर लगाया छेड़छाड़ करने का आरोप

**पूरनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक वर्ष पूर्व उसकी शादी गांव के ही युवक से हुई थी। आरोप है कि पति व अन्य सुसराल वाले शादी के कुछ दिन बाद ही दहेज में 50 हजार रुपये, इनवर्टर बैट्री आदि की मांग को लेकर प्रताड़ित करने लगे। विरोध करने पर ससुरालियों ने मारपीट की। पति काम के सिलसिले में बाहर गए हुए थे। आरोप है कि उस वक्त देवर ने कमरे में घुसकर महिला को बुरी नीयत से पकड़कर छेड़छाड़ की। पति के वापस आने पर बताया तो उसकी पिटाई कर दी गई। पुलिस ने पति समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दर्ज की हमले की रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** कोर्ट के आदेश पर सुनगढ़ी पुलिस ने नौगवां पकड़िया गांव निवासी सुरेंद्र कुमार की ओर से घर में घुसकर मारपीट, धमकाने, तोड़फोड़ की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। जिसमें गांव की ही ममता देवी, हरप्यारी, मुकेश, राजेंद्र, स्कंेद्र वर्मा, पूरनलाल को आरोपी बनाया है।

पीड़ित ने बताया कि 12 जनवरी को पीड़ित ने एक रिपोर्ट जानलेवा हमले की आरोपियों के खिलाफ दर्ज कराई थी। जिसमें सुलह का दबाव आरोपी बना रहे थे।समझौता करने से जब इनकार कर दिया तो 15 जनवरी की शाम सात बजे आरोपी घर में घुस आए और गाली गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर हमला कर दिया। जबरन समझौता करने का दबाव बनाया गया। इसके बाद लाठी डंडे से पिटाई कर दी। झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। शोर पर जब आसपास के लोग बचाने पहुंचे तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। उसी वक्त असम पुलिस चौकी गए तो वहां से सुनगढ़ी थाने भेज दिया। मगर वहां पर भी सुनवाई नहीं हुई। एसपी से भी गुहार लगाई लेकिन जांच के नाम पर मामला टाल दिया गया। तब जाकर कोर्ट की शरण ली गई। अब कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## पिता-पुत्र को पीटा एफआईआर दर्ज

**बीसलपुर, अमृत विचार:** दियोरियाकलां कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खरदाह निवासी बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि मंगलवार देर शाम गांव के ही प्रेमपाल, हरीश, रोहिताश नशे की हालत में उनके घर के बाहर गाली गलौज कर रहे थे। जब उनको गाली देने से मना किया तो वह हमला करने लगे। लाठी डंडे से उनकी पिटाई कर दी। चीख पुकार सुनकर जब बेटा अमित व करन बचाने आए तो उनकी भी पिटाई कर दी गई। आसपास के लोग एकत्र हुए तो आरोपी धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज और धमकाने की रिपोर्ट दर्ज की है।

मातम में बदलीं खुशियां

## दो महिलाओं के साथ ससुराल पहुंचा दूल्हा, रात में हुई दुल्हन की विदाई

# मातम के बीच एक घंटे में पूरी कर दी गईं शादी की सभी रस्में

संवाददाता, पूरनपुर (पीलीभीत)

**अमृत विचार:** सितारगंज के शक्ति फार्म निवासी बंटी मंगलवार को बरात लेकर पूरनपुर तहसील क्षेत्र के गांव चंदिया हजारा राहुल नगर जा रहे थे। इससे बरात रवाना होने के दौरान सारी रस्में हंसी खुशी से संपन्न कराई गईं। मगर रास्ते में बरातियों की कार पलटने पर दूल्हे की नानी समेत तीन महिलाओं की मौत होने से सारी खुशियां मातम में बदल गईं। हादसे की जानकारी लगने पर सभी बराती लौटा दिए गए। दूल्हा दो रिश्तेदार महिलाओं के साथ ससुराल पहुंचा। वहां महज एक घंटे में शादी की सभी रस्में पूरी कर दी गईं। फिर रात में ही दुल्हन की विदा कराने के बाद दूल्हा अपने घर लौट गया।

जिस कार से हादसा हुआ उसमें दूल्हे बंटी की नानी कंचन देवी और रिश्ते की दादी विशाखा व प्रमिला देवी एवं सात अन्य लोग सवार थे। सबसे आगे दूल्हा की कार चल रही थी। दुल्हन पक्ष के लोग फोन पर लगातार बरात लोकेशन ले रहे थे। राहुल नगर में बरात के स्वागत की तैयारी कर ली गई थी। इसी बीच अचानक पूरनपुर से चंदिया हजारा रोड पर बरातियों की कार दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना पहुंची तो सारी खुशियां मातम में बदल गईं। बीच रास्ते में ही बरात रोक दी गई। इसके बाद सभी बराती मौके पर पहुंचे। हालांकि तब तक घायलों अस्पताल भेज दिया गया था। दूल्हा को छोड़कर अन्य सभी की गाड़ियां अस्पताल चली गईं। उधर, दुल्हन पक्ष के लोगों को जब हादसे के बारे में पता चला तो वहां भी मातम छा गया। सब कुछ छोड़कर वहां से अधिकांश लोग अस्पताल जा पहुंचे और मृतक के परिजनों को ढांढस बंधाया। रात में ही मृतकों के अन्य परिजन भी पहुंच गए। इसके बाद देर रात दूल्हा बंटी दो महिला रिश्तेदार महिलाओं के साथ ससुराल पहुंचा। वहां एक घंटे में शादी की सभी रस्में पूरी कर दीं गईं। रात में ही दुल्हन की विदाई हुई।


घायलों के पहुंचने के बाद सीएचसी में लगी भीड़। ● अमृत विचार


घायल से हादसे की जानकारी करते पुलिस वाले। ● अमृत विचार

● पूरनपुर इलाके में बरातियों की कार पलटने से तीन महिलाओं की मौत का मामला

### चालक बोला- ब्रेक ठीक से नहीं लग पाया

हादसे के बाद अस्पताल पहुंचे इनोवा गाड़ी के चालक नारायण परमार्थी से पुलिस को बताया कि स्कूटी सवार के अचानक सामने आने से हादसा हुआ। कार के ब्रेक पहले से ही ठीक से काम नहीं कर रहे थे। बरात ले जाने में देरी होने की वजह से ब्रेकों की मरम्मत नहीं कर सका। चंदिया हजारा रोड पर जंगल में सामने से आ रहे स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में उसने गाड़ी को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन ब्रेक ठीक से न लगने की वजह से कार नियंत्रित नहीं हो पाई और खाई में जाकर पलट गई।

### गाड़ी में आग लगने के डर से घबराया चालक

हादसे के बाद गाड़ी सड़क किनारे खाई में कई बार पलटी और पेड़ से टकरा गई। इस दौरान गाड़ी की डीजल टंकी फट गई और उससे तेल बहने लगा था। चालक ने हादसे के बाद जब टंकी से तेल निकलता देखा तो वह आग लगने की आशंका से घबरा गया। उसने गाड़ी में फंसे घायलों को बमुश्किल अकेले ही नीचे उतारा और सभी को गाड़ी से दूर ले गया।

## पुलिस ने तमंचा लहराने वाले बरेली के युवक को दबोचा

**बिलसंडा, अमृत विचार:** शादी की दावत में तमंचा लहराकर फायरिंग करने का वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने कार्रवाई की है। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो का संज्ञान लेकर पुलिस ने बरेली के रहने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया। तमंचा बरामद होने पर आर्म्स एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

बता दें कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो सप्ताह भर पहले वायरल हुआ था। वायरल वीडियो को लेकर बताया गया था कि करली क्षेत्र के ग्राम बिलासपुर में एक ग्रामीण के यहां आयोजित शादी की दावत में युवक ने तमंचे से फायरिंग करते वीडियो बनाया है। मामला संज्ञान में आने पर पुलिस भी हरकत में आ गई।जिसके बाद आरोपी बरेली जिले के थाना भुता क्षेत्र के ग्राम टड़वा निवासी ज्ञान सागर को पुलिस ने पकड़ा। उसके पास से तमंचा बरामद किया गया। जिसके बाद करेली पुलिस ने आरोपी को चालान कर दिया है।

# हादसे के बाद जागे अफसर चलाया चेकिंग अभियान


शेरपुर में चेकिंग करते एआरटीओ वीरेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

संवाददाता, पूरनपुर

**अमृत विचार:** सड़क हादसे में बरात में जा रही तीन महिलाओं की मौत के बाद एक बार फिर चेकिंग अभियान चलाया गया। शेरपुर में चेकिंग अभियान के दौरान छह वाहनों का चालान किया गया। एक टेंपो को सीज कर दिया गया। इस दौरान वाहन चालकों में खलबली मची रही।

मंगलवार रात पूरनपुर -चंदिया हजारा मार्ग पर हुए सड़क हादसे में तीन महिलाओं की मौत हो गई थी। इसके बाद परिवहन विभाग ने बुधवार को अभियान चलाया। एआरटीओ वीरेंद्र सिंह ने कस्बा शेरपुर कलां में वाहन चेकिंग की। इस दौरान थ्री व्हीलर, कार और ट्रक आदि के दस्तावेज चेक किए गए। फिटनेस भी चेक की गई। भूसे से लदे तीन ट्रक, एक ई रिक्शा और दो टेंपो का चालान किया। इसके अलावा एक टेंपो को एआरटीओ ने दस्तावेज न होने पर सीज कर दिया। एआरटीओ ने बताया कि अभियान आगे भी जारी रहेगा।

● एआरटीओ ने शेरपुर में छह वाहनों के चालान किए, टेंपो सीज



ओम शान्ति हॉस्पिटल


डॉ. पुलकित अग्रवाल
M.B.B.S., D.L.O., D.N.B. (ENT)
(नाक, कान, गला, थायराइड व कैंसर रोग विशेषज्ञ)
रिसर्च इंस्टीट्यूट से नवीनतम टेक्नोलॉजी की विशेष ट्रेनिंग प्राप्त दूरबीन विधि द्वारा नाक, कान, गले के सभी ऑपरेशन में माहिर
• कान का बहना, कम सुनाई देना • चक्कर आना • सिर में दर्द • नाक, कान, गले में चुभन या दर्द होना • नाक बंद होना, सायनस की समस्या, नाक से खून आना, अत्याधिक छींक आना • सोते समय खर्राटे आना • आवाज का बैठ जाना • मुंह न खुलना • चेहरे पे दाग या दाने होना, आंखें व चेहरे का भारीपन होना • खाना निगलने में दिक्कत, मुँह में छाले • गले में गाँठें
नाक, कान व गले के ऑपरेशन जैसेः-
• कान के पर्दे में छेद • नाक में टेढ़ी या बढ़ी हुई हड्डी • गले में टांसिल • मुँह में कैंसर • गले में घेंघा या अन्य किसी तरह की गांठ • लार ग्रंथि में पथरी से आई सूजन • नाक अथवा जबड़े की टूटी हड्डी • गले में मांस के कारण बैठी आवाज • आँख में नासूर का बिना चीरे के ऑपरेशन
दूरबीन द्वारा आधुनिक विधि से कान के पर्दे का चीरा व टाँका रहित ऑपरेशन
मुंह से आंतों तक की दूरबीन विधि की आधुनिक जाँच (ENDOSCOPY CENTRE)

दिल्ली के डॉक्टरों द्वारा एलर्जी का जड़ से इलाज (Immunotherapy)


डॉ. प्रियांशी अग्रवाल
BDS, FDIP, MIDA
(दन्त रोग विशेषज्ञ व इम्प्लांटोलॉजिस्ट)
उपलब्ध सुविधायें
• दाँतों का डिजिटल X-Ray • दाँतों की नस का इलाज (RCT) • अत्याधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई (Ultrasonic Scaling) • दाँतों के कलर की फिलिंग व चाँदी भरना • फिक्स दाँत (Bridges) • बत्तीसी बनाना (Complete Denture) • बिना दर्द के दाँत निकालना • लेजर द्वारा दाँत के कलर का मसाला भरना (Composite Filing) • हड्डी में फिक्स दाँत लगाना (Dental Implant) • टेढ़े-मंढ़े दाँतों का इलाज (Orthodontic Treatment) • बच्चों के दाँतों की सभी बीमारियों का इलाज
विभाग :- • नाक, कान, गला रोग • दन्त रोग • हड्डी व जोड़ रोग • चर्म रोग • जनरल फिजीशियन
24 घण्टे भर्ती एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
ओम शान्ति हॉस्पिटल
निकट बरेली कॉलेज मेन गेट, काली बाड़ी, बरेली
7500692860

भगन्दर, बवासीर
सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा
सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071


डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ
आयुष मंत्रालय
भारत सरकार, नई दिल्ली
भू,पू, वरिष्ठ लेक्चरार
एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव


डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ
बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस
गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना
समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# शिक्षा से वंचित न रह जाए कोई बच्चा

## स्कूल चलो अभियानः ब्लॉक और स्कूल स्तर पर शुरू किए जागरुकता कार्यक्रम



संतोषपुरा गांव में जागरुकता रैली निकालते शिक्षक और बच्चे।

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचारः** शहरी क्षेत्र से लेकर गावों तक शिक्षा की अलख जगाने के लिए एक बार फिर स्कूल चलो अभियान के तहत लोगों को जागरूक किया जा रहा है। बीएसए ने समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को पत्र भेजकर जागरुकता कार्यक्रम कराने के निर्देश दिए है। कहा कि जिले में छह से 14 वर्ष तक का कोई बच्चा नामांकन से वंचित नहीं रहना चाहिए।

बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह की ओर से समस्त खंड शिक्षा अधिकारियों को भेजे गए आदेश में बताया गया कि स्कूल चलो अभियान के क्रम में जागरूकता लाने को प्रचार प्रसार तेज किया जाए। वातावरण सृजन के लिए डोर टू डोर सर्वे करने के साथ ही ब्लॉक और विद्यालय स्तर पर रैली एवं प्रभात फेरी आयोजित की जाएं। छह से 14 वर्ष तक का कोई भी बच्चा नामांकन एवं शिक्षा प्राप्त करने से वंचित न रहने पाए। छात्र-छात्राओं को अधिक से अधिक नामांकन कराने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति के साथ बैठक करें। लोगों को बच्चों के नामांकन और स्कूल में प्रवेश के लिए प्रेरित करें।

लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता का भी पालन करें। इसका विशेष ध्यान रखा जाए। विद्यालय प्रबंध समिति व शिक्षक अभिभावक बैठक में गांव के उस विद्यालय में पूर्व में शिक्षा प्राप्त कर चुके प्रमुख एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपलब्धियों पर चर्चा अवश्य करें। यह प्रयास करना है कि चौदह वर्ष तक का कोई बच्चा नामांकन प्रक्रिया से वंचित न हो। बीएसए ने बताया कि समस्त खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दे दिए गए हैं। जागरुकता कार्यक्रम स्कूल वार शुरू करा दिए गए हैं।

### संतोषपुरा में निकाली गई जागरुकता रैली

स्कूल चलो अभियान के तहत खंड शिक्षाधिकारी मरौरी शिव शंकर मौर्य के निर्देशन में बुधवार को उच्च प्राथमिक संतोषपुरा से जागरुकता रैली निकाली गई। विद्यालय प्रबंध समिति की बैठक में अध्यक्ष नरेंद्र कुमार की उपस्थिति में बिंदुवार चर्चा की गई। छात्र-छात्राओं की उपस्थिति, शत-प्रतिशत नामांकन, संचारी रोग की रोकथाम, छह से 14 वर्ष के बच्चों को निशुल्क शिक्षा के अधिकार का प्रयोग आदि के बारे में बताया गया। स्वास्थ्य अधिकारी रूपम मिश्रा के द्वारा बढ़ते तापमान में रोगों से बचाव एवं हीट स्ट्रोक का विशेष ध्यान रखते हुए अधिक से अधिक ओआरएस युक्त स्वच्छ जल एवं मौसमी फलों का प्रयोग करने की सलाह दी गई। इस मौके पर संघमित्रा गौतम, प्रखर मिश्र, गौरव वर्मा, ममता रानी, पूजा, चमन आरा आदि मौजूद रहे।

## ग्रामीण ने लगाया घर से नगदी और जेवर चोरी करने का आरोप

**बरखेड़ा, अमृत विचारः** कस्बा निवासी दिनेश कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि एक मई की सुबह चार बजे वह जागे तो घर के दूसरे कमरे में किसी के होने की आहट हुई। उन्होंने जाकर देखा तो एक युवक चोरी के इरादे से घुसा हुआ था, जो उन्हें देख भागने लगा। दिनेश के अनुसार उन्होंने दौड़ाकर युवक को दबोच लिया। इस पर आरोपी ने गाली गलौज कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। जान से मारने की धमकी दी। इसके बाद पेट में लात मारकर भाग गया। चेक करने पर पता चला कि आरोपी ने अलमारी से 30 हजार रुपये, जेवरात चोरी कर लिए थे। आरोपी के परिवार वालों से शिकायत करने गए तो उन्होंने भी युवक का पक्ष लेते हुए पीड़ित को ही झगड़ा फसाद करके भगा दिया। इंस्पेक्टर अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि एक ग्रामीण ने नामजद तहरीर दी है। चोरी की घटना संदिग्ध है। जांच कर साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## श्रमिकों के असंगठित होने से होता है शोषण

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत


श्रमिक दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद श्रमिक। • अमृत विचार

• अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर गोष्ठी आयोजित

**अमृत विचारः** जन शिक्षण संस्थान की ओर से बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर मोहल्ला देशनगर में जागरुकता गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें मुख्य अतिथि समाजसेवी सुखजीत कौर रहीं। उन्होंने कहा कि श्रमिकों के असंगठित होने से उनका शोषण किया जाता है।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों के शोषण का एक प्रमुख कारण उनका असंगठित होना है। ग्रामीण क्षेत्रों के श्रमिकों के पलायन को रोकने के उद्देश्य से मनरेगा का सृजन किवया गया। ताकि ग्रामीण क्षेत्र के श्रमिक अपने ही क्षेत्र में रोजगार पा सकें और श्रम के बदले उन्हें निर्धारित मजदूरी प्राप्त हो। कार्य के दौरान यदि श्रमिक के साथ दुर्घटना हो जाती है तो उसके परिजनों को शासन की तरफ से मुआवजा दियया।

इस योजना में महिलाओं के कार्य करने की भी उचित व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि कुछ श्रमिकों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक कर सकें, तभी श्रमिक दिवस मनाना सार्थक माना जाएगा। संस्थान के लेखाकार सद्दाम हुसैन ने कहा कि संगठित व असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों में अंतर है। क्योंकि संगठित क्षेत्र के श्रमिक अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों का प्रयोग करते है, जबकि असंगठित क्षेत्र के लोग शिक्षा के अभाव में अपने अधिकारों व कर्तव्यों के प्रति जागरूक ही नहीं हो पाते। जिससे उनका शोषण होता रहता है।

बताया कि बाल श्रम को हमारे देश में अपराध माना गया है. मगर फिर भी कुछ संगठनों में बाल श्रम आज भी हो रहा है। बच्चों को शिक्षित कर विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का काम करना है। असंगठित क्षेत्र में कार्य करने वाले श्रमिक कार्ड बनवाकर सरकारी योजनाओं ले सकते हैं। संचालन क्षेत्र सहायक संजीव कुमार ने किया। इस मौके पर गुरप्रीत कौर, किरन शर्मा आदि मौजूद रहे।

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. आशीष सक्सेना
एम.बी.बी.एस., एम.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस.
जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन
मो. 9045849322

उपलब्ध सुविधायें • दूरबीन द्वारा पित्त की पथरी का ऑपरेशन • हर्निया का ऑपरेशन • अपेंडिक्स का ऑपरेशन • पित्त की नली की पथरी • बवासीर, भगन्दर, फिशर • हाईड्रोसील • स्तन की गांठ का ऑपरेशन • पैर की नसों का फूलना (Varicose Veins) • पाइलोनाइडल साइनस
इसके अतिरिक्त सभी प्रकार के ऑपरेशन (दूरबीन विधि एवं चीरे द्वारा) करने की सुविधा।
यश सर्जिकेयर क्लीनिक
प्रेम नर्सरी चौराहा, मिनी बाईपास रोड, बरेली-243122

AALA HAZRAT POLY CLINIC & CHILD CENTRE

Ph.: 9359110376
डॉ. अरशद अली
एम.बी.बी.एस., डी.सी.एच.
नवजात शिशु एवं बच्चा रोग विशेषज्ञ
डॉ. शाहिदा बी. खान
एम.बी.बी.एस., डी.सी.पी.
कन्सलटैन्ट पैथोलॉजिस्ट

सब पैथोलॉजी
सम्पूर्ण कम्प्यूटराईज्ड लैब
सतीपुर चौराहा, सैटेलाइट बस अड्डे से 1 किमी., पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली। हैल्प लाईन-8266051117


डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157


डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड
बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

## सार-संक्षेप

### श्रमिक दिवस पर प्रतियोगिताएं आयोजित



**पीलीभीत।** ज्ञान इंटरनेशनल स्कूल में बुधवार को श्रमिक दिवस मनाया गया। विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के प्रति आदर व्यक्त करते हुए उनको हस्तनिर्मित कार्ड बनाकर दिए गए। उनके मनोरंजन और उत्साहवर्धन के लिए खेलों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम रिंग फेंकने की प्रतियोगिता कराई गई। जिसमें ड्राइवर सर्वेश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में ड्राइवर मनोज जबकि महिला वर्ग में विद्यालय की आया मीनाक्षी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महिलाओं की बिंदी प्रतियोगिता में आया अनीता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक देवेंद्र सिंह छाबड़ा ने सभी श्रमिकों को श्रमिक दिवस की बधाई दी और बताया कि इन कर्मचारियों के कार्य के सहयोग के बिना विद्यालय का कार्य संभव नहीं है। इसलिए हमें इनका पूरा मान-सम्मान करना चाहिए। प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने बताया कि विद्यालय में श्रमिक दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य बच्चों को जागरूक करना है कि यह श्रमिक वर्ग हमारे मददगार हैं इनके बिना हमारे कार्य नहीं हो सकते। अंत में प्रबंधक व प्रधानाचार्य ने श्रमिकों को उपहार देकर सम्मानित किया।

### मार्केटिंग क्विज़ में यमुना हाउस प्रथम



**पीलीभीत।** स्प्रिंगडेल कॉलेज में बुधवार को मार्केटिंग क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें चारों हाउस गंगा यमुना,ब्रह्मपुत्र, गोदावरी की चार टीम बनाई गई। अध्यापिका सोनिया सिंगला ने मार्केटिंग संबंधित प्रश्नोत्तरी की। इसमें गंगा हाउस के कुषाग्र, कप्तान पाल, पूनम, आरिष, सर्वजोत सिंह, सोनू वर्मा, यमुना हाउस में माहिनूर, खुशदीप, अंकित, इकरा फातिमा, नंदिनी, पवन, प्रवीन, अनीषा, रवि, ध्रुव, अनुराग, अश्मित, पवनप्रीत ने भाग लिया। जबकि ब्रह्मपुत्र हाउस में अरीबा शरीफ, वसुंधरा तमन्ना, ऐशप्रीत, अभ्युदय, वैभव, सरनदीन और गोदावरी हाउस में अनुशका, माही, इश्मीत कौर, भूमिका, एहराज शामिल हुए। प्रतियोगिता में यमुना हाउस प्रथम स्थान पर रहा जबकि गोदावरी हाउस द्वितीय, गंगा हाउस तृतीय और ब्रह्मपुत्र, चतुर्थ स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का संचालन अवनींद्र गंगवार ने किया। इस मौके पर नीरज गंगवार, कविशा कनौजिया, महक तबस्सुम, सोनिया, अवनींद्र, राजीव कुमार, सजल अरोरा, प्रतीक कुमार आदि मौजूद रहे।

### अधिवक्ता राजेंद्र रमन वर्मा का निधन



**पीलीभीत।** शहर की बल्लभनगर कॉलोनी निवासी अधिवक्ता राजेंद्र रमन वर्मा उर्फ रम्मन (76) का मंगलवार शाम निधन हो गया। इस पर बुधवार को जिला संयुक्त बार एसोसिएशन के अध्यक्ष धीरेंद्र मिश्र एडवोकेट की अध्यक्षता में अधिवक्ताओं की शोकसभा हुई। शोक प्रस्ताव के बाद अधिवक्ताओं ने बुधवार को अदालती कामकाज नहीं किया। अपराह्सान साढ़े तीन बजे जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेंद्र कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में बार बेंच की संयुक्त शोकसभा में दिवंगत अधिवक्ता को श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। फुल कोर्ट रेफरेंस भी पारित किया गया। शोक सभा में सभी न्यायिक अधिकारी और अधिवक्ता गण मौजूद रहे।

## 25 हजार के लालच में रिश्तेदारों ने की थी ड्राइवर की हत्या

### उधार लौटाने के बहाने बुलाकर क्लच के तार से घोटा आकाश का गला, बरेली में हुई वारदात

संवाददाता, बरेली/ बिथरी चैनपुर

**अमृत विचार :** तीन दिन से लापता वैन चालक की हत्या उसके दूर के रिश्तेदारों ने 25 हजार रुपये के लालच में कर दी और शव कुंवरपुर बंजरिया स्थित नहर में फेंक दिया। पुलिस ने मंगलवार देर रात फुफेरे भाई समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार करके उनकी निशानदेही से शव, ईको कार और टूटा हुआ मोबाइल बरामद कर लिया। पुलिस फरार एक आरोपी की तलाश कर रही है।

पीलीभीत जिले के बीसलपुर थाना क्षेत्र के गांव पटनियां निवासी धर्मपाल ने बताया कि उनका बेटा आकाश (20) बदायूं के थाना सिविल लाइंस के आमगांव निवासी नीरज सिंह की ईको कार चलाता था। वह कार से बुकिंग लेकर फरीदाबाद गया था। 28 अप्रैल को आकाश फरीदाबाद से बरेली आया। वह अपनी बहन के यहां नरियावल में भांजी के नामकरण संस्कार में शामिल होने के लिए जा रहा था। बिथरी के पुरनापुर निवासी ममेरे भाई विनोद ने उसे अपने गांव बुला लिया। इसके बाद विनोद और उसके ममेरे भाई राजेश निवासी रुकुमपुर फाटक थाना फतेहगंज पश्चिमी, मौसेरे बहनोई सोमपाल निवासी धौरेरा माफी थाना इज्जतनगर और झनकार सिंह निवासी ग्राम पठनिया थाना बीसलपुर ने हत्या कर दी और शव नहर में फेंक दिया था।


पुलिस हिरासत में आरोपी। ● अमृत विचार

पुलिस ने विनोद, सोमपाल और राजेश को गिरफ्तार कर लिया है। उनके कब्जे से ईको कार और आकाश का टूटा हुआ मोबाइल भी बरामद कर लिया है, जबकि झनकार सिंह फरार चल रहा है। विनोद ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि आकाश उसका दूर का फुफेरा भाई था। आकाश ने फोन करके उधार दिए तीन हजार रुपये मांगे और बताया कि उसके बहनोई ने 25 हजार रुपये दिए हैं। विनोद ने उसे उधार देने के बहाने से उसे पुरनापुर बुला लिया। पुरनापुर में विनोद, उसका ममेरा भाई राजेश, मौसेरे बहनोई सोमपाल व झनकार मिले। चारों आकाश की कार से कुंआडांडा आए और यहां क्लच का तार खरीदा। इसके बाद नवदिया झादा के पास सभी ने शराब पी। चारों ने आकाश को अधिक शराब पिला दी। नशा होने पर विनोद ने तार से गला घोटा, राजेश ने पैर पकड़े और सोमपाल और झनकार ने हाथ। मौत होने के बाद चारों ने शव को आकाश की कार में रखा और कुंवरपुर बंजरिया स्थित सूखी नहर में फेंक दिया। इंस्पेक्टर संजय तोमर ने बताया कि विनोद पहले आकाश के बहनोई की गाड़ी चलाता था। आकाश के पहुंचने पर उन्होंने विनोद को हटा दिया और आकाश को काम पर रख लिया था। इससे भी विनोद रंजिश मानता था।

● बरेली पुलिस ने ममेरे भाई समेत तीन हत्यारोपियों को किया गिरफ्तार, एक फरार

**सीडीआर से खुला हत्या का राज**

आकाश के पिता ने 29 अप्रैल को धर्मपाल के गायब होने की पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने आकाश के मोबाइल नंबर की सीडीआर निकलवाई। जिसमें आकाश की आखिरी बार बातचीत विनोद से ही होने की पुष्टि हुई। जिसके बाद पुलिस ने विनोद को हिरासत में लिया और पूछताछ में हत्या की बात स्वीकार कर ली।

## ट्रांसफार्मर से झुलसे युवक की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** शराब के नशे में बिजली के ट्रांसफार्मर पर गिर जाने से युवक बुरी तक झुलस गया था और ट्रांसफार्मर ब्लास्ट हो गया था। आग से झुलसे युवक को परिजनों ने आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के मोहल्ला चमकनी गाड़ीपुरा निवासी 26 वर्षीय हिमांशु राठौर शुक्रवार की रात आठ बजे रोसरकोठी में एक बरात में गया था। स्थानीय लोगों के मुताबिक वह शराब के नशे में बिजली के खंभे पर चढ़ गया था और ट्रांसफार्मर पर गिरकर झुलस गया। इस दौरान ट्रांसफार्मर में ब्लास्ट होने से क्षेत्र की बिजली की सप्लाई भी ठप हो गई थी। आग से झुलसे युवक को परिजनों ने गंभीर हालत में अस्पताल में में भर्ती कराया था। परिजनों के मुताबिक मंगलवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इसकी खबर से परिवार में मातम छा गया।

## भारत विकास परिषद के मझोला अध्यक्ष बने विकास


मझोला में हुई बैठक में मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारत विकास परिषद की बैठक मझोला में व्यापारी कपिल अग्रवाल के प्रतिष्ठान में संपन्न हुई। जिसमें संगठन का मझोला कस्बे का अध्यक्ष विकास अग्रवाल और दीपक सिंघल को सचिव बनाया गया।

तय किया गया कि मई के अंत तक शपथ ग्रहण समारोह किया जाएगा। पीलीभीत संरक्षक डॉक्टर एसपीएस संधू, प्रांत संरक्षक प्रभात सक्सेना, प्रांत अध्यक्ष डॉक्टर संजीव जॉली, प्रांत महासचिव राहुल यदुवंशी, संयोजक समूह गान रवि देव शर्मा, पीलीभीत इकाई सचिव जगदीश सक्सेना, प्रांत संयोजक पर्यावरण अनिल मैनी, पीलीभीत महिला संयोजिका डॉ. अनुरीता सक्सेना, प्रांत संयोजक ग्राम विकास विनोद कुमार गुप्ता ने नए दायित्वकारियों को बधाई दी। जिला प्रभारी डॉक्टर अनिल सक्सेना, सौरभ सक्सेना आदि मौजूद रहे।

## जच्चा-बच्चा की मौत के बाद अस्पताल सील

संवाददाता, जैतीपुर/शाहजहांपुर

**अमृत विचार:** क्षेत्र में बगैर पंजीकरण चल रहे अस्पताल के निरीक्षण की कार्रवाई को केवल नोटिस भेज ठंडे बस्ते में डालने का खामियाजा एक प्रसूता और नवजात को जान देकर चुकाना पड़ा। दो दिन पहले जच्चा-बच्चा की मौत का मामला स्वास्थ्य विभाग फजीहत से बचने को पहले तो दबाए रहा। बुधवार को पोल खुलने के डर से आनन-फानन में अस्पताल को सील कर दिया।

करकौर गांव के एक व्यक्ति ने बताया कि उसने पत्नी को प्रसव पीड़ा होने पर पांच दिन पहले निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। जहां उसने बच्ची को जन्म दिय। जन्म के बाद अचानक बच्ची की तबीयत बिगड़ी और उसने दम तोड़ दिया। इसके तीसरे दिन प्रसूता की भी हालत बिगड़ी तो अस्पताल के डॉक्टर व स्टॉफ को जानकारी दी। उन्होंने दूसरे अस्पताल में ले जाने की सलाह दी। परिजन प्रसूता को दूसरे अस्पताल ले जाने की तैयारी में थे, तभी उसने दम तोड़ दिया। इस बाद परिजनों ने डॉक्टर और स्टाफ पर लापरवाही का आरोप लगाया। इस दौरान स्टाफ अस्पताल में ताला लगाकर गायब हो गया।



अस्पताल को सील करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम और साथ में पुलिस बल।

यह मामला मीडिया में बुधवार को सुर्खियां बना तो स्वास्थ्य विभाग की नींद खुली। उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मोहम्मद आसिफ के नेतृत्व में सीएचसी प्रभारी डॉ. मोहम्मद सजर के साथ स्वास्थ्य विभाग की टीम पुलिस बल के साथ उन्नति हॉस्पिटल पहुंची। अस्पताल में ताला लगा था। आसपास के लोगों से घटनाक्रम की जानकारी जुटाने के बाद अस्पताल सील कर दीवार पर नोटिस चस्पा कर दिया।

स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई के बाद अन्य प्राइवेट अस्पताल संचालकों में भी हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। बता दें कि एक माह पहले भी स्वास्थ्य विभाग ने बगैर पंजीकरण चले रहे अस्पतालों का निरीक्षण करते हुए नोटिस दिया था। उन्नति हॉस्पिटल को भी नोटिस दिया गया था लेकिन इसके बाद भी अस्पताल संचालित किया जाता रहा। जच्चा-बच्चा की मौत के बाद अब स्वास्थ्य विभाग ने अस्पाल सील करने की कार्रवाई की।

● फजीहत से बचने को स्वास्थ्य विभाग दबाए रहा मामला, पोल खुलने के डर से की कार्रवाई

● बगैर पंजीकरण चल रहे अस्पताल संचालक को एक माह पहले विभाग ने दिया था नोटिस

ब्लॉक क्षेत्र में एक माह पूर्व प्राइवेट अस्पतालों का निरीक्षण किया गया था, जिसमें बिना पंजीकरण के चल रहे अस्पतालों को नोटिस दिया गया था, उन्नति हॉस्पिटल को भी नोटिस दिया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिल पाया। जच्चा-बच्चा की मौत की खबर पर निरीक्षण करने पर अस्पताल बंद मिला, जिसे सील कर दिया गया है।
**- डॉ. मोहम्मद आसिफ,** उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी

## बुजुर्ग और असहाय निशुल्क करेंगे अयोध्या धाम की यात्रा

**पूरनपुर, अमृत विचार:** बस में सवार होकर दर्जनों श्रद्धालु अयोध्या धाम श्रीराम लला के दर्शन करने जाएंगे। एक दिवसीय यात्रा में बुजुर्ग और असहाय निशुल्क यात्रा करेंगे। बस शुक्रवार को प्रस्थान करेगी।

अयोध्या में श्री राम के नव निर्मित भव्य मंदिर में दर्शन करने को हर कोई व्याकुल है। लगातार भक्तों का आवागमन अयोध्या हो रहा है। बहुत से ऐसे लोग हैं जो शारीरिक रूप से अक्षम हैं और उनकी आर्थिक स्थिति भी ठीक नहीं है लेकिन वह भगवान श्री राम के दर्शन के अभिलाषी है। अमरैया कलां क्षेत्र के गांव दोदपुर, महद खास, चांदूपुर और चित्रपुर गांव के श्रद्धालु श्री राम के दर्शन करने के लिए बस द्वारा अयोध्या धाम जाएंगे। यह बस शुक्रवार शाम को अमरैया कलां गांव से प्रस्थान करेगी। यात्रा के आयोजक रविन्द्र कुमार नंद ने बताया कि प्रभु श्री राम के दर्शन कराने के लिए लोगों को निशुल्क ले जाया जाएगा।

## लक्ष्य प्राप्ति को आत्मविश्वास जरूरी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** नव नियुक्त आईएएस प्रियंका यादव का मंगलवार रात शहर के एक होटल में कार्यक्रम आयोजित कर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की ओर से स्वागत किया गया। इस दौरान प्रियंका यादव ने अपने अनुभव को साझा किया और युवाओं को टिप्स भी दिए।

उन्होंने कहा कि हमें विषयों का चयन सावधानी से करना चाहिए। प्रतिदिन नौ से दस घंटे तक पढ़ना चाहिए। मगर जब परीक्षा हो तो यह घंटे की अवधि बढ़ा दें। उन्होंने अपनी सफलता के लिए माता-पिता के सहयोग की सराहना की। उन्होंने कहा कि तीन साल तैयारियों के लिए वह घर से दूर रहीं। मगर प्रयास नहीं छोड़ा। अभिभावकों ने हमेशा उत्साहवर्धन किया। बच्चों के पूछे प्रश्नों के उत्तर भी उन्होंने दिए। प्रियंका यादव के पिता जवाहर सिंह यादव ने भी अपने विचार रखे। जिला वॉलीबाल संघ के सचिव राजेश शुक्ला ने प्रियंका यादव का परिचय देते हुए उनके कृतित्व और व्यक्तित्व की चर्चा की। शिक्षक अभय सक्सेना और हामिद अली ने प्रियंका की जिज्ञासु प्रवृत्ति को बयां किया। एलायंस क्लब की पूर्व गवर्नर मधु कुमार, अधिवक्ता जियाउल इस्लाम, एसएन इंटर कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. बिलाल हसन चिश्ती, महिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की उपाध्यक्ष सपना यादव, नगर उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष रनवीर पाठक, युवा जिलाध्यक्ष शैली शर्मा, जिला महामंत्री पंकज अग्रवाल, जिला चेयरमैन अनिल महेंद्रू, जिलाध्यक्ष अफरोज जिलानी ने प्रियंका को पीलीभीत का गौरव बताया। कहा कि अभी तक लोग पीलीभीत को बांसुरी नगरी, बाघ नगरी के नाम से जानते थे अब इसे प्रियंका यादव की नगरी के नाम से भी जानेंगे। संचालन डॉ. अमिताभ अग्निहोत्री ने किया। इस मौके पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के प्रांतीय संयुक्त महामंत्री विजयपाल विक्की, पंकज अग्रवाल, मनोज गंगवार, प्रकाश वीर सिंह, विक्रांत मिश्र, विक्रम सिंह, संजय पांडेय आदि मौजूद रहे। समापन राष्ट्रगान से किया गया।


नवचयनित आईएएस प्रियंका यादव को सम्मानित करते व्यापारी नेता। ● अमृत विचार

● नवनियुक्त आईएएस प्रियंका यादव का व्यापार मंडल ने किया सम्मान

## ब्लॉक कार्यालय में लगा फ्रीजर कूलर खराब, लोग परेशान

संवाददाता, बिलसंडा

**अमृत विचार:** ब्लॉक कार्यालय में आने वाले फरियादियों को भीषण गर्मी में प्यास बुझाने के भी पर्याप्त इंतजाम नहीं है। विधायक निधि से लगवाया गया वाटर फ्रीजर खराब पड़ा है। लोगों को पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

बता दें कि चार वर्ष पूर्व तत्कालीन विधायक रामसरन वर्मा ने ब्लॉक कार्यालय में वाटर फ्रीजर लगवाया था। इसका मकसद था कि कार्यालय में दूर दराज ग्रामीण अंचल से आने वाले लोगों और कार्यालय के कर्मचारियों की प्यास बुझ सके। मगर कुछ दिन बाद ही वाटर फ्रीजर खराब हो गया। जिसकी मरम्मत करने की जरूरत ही नहीं समझी। यही वजह है कि शीतल पेयजल के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। उधर इस भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने की खातिर ही नगर पंचायत प्रशासन ने हाल ही में पांच स्थानों पर लाखों की लागत से वाटर फ्रीजर लगवाए हैं। मगर ब्लॉक परिसर का वाटर फ्रीजर ठीक न होने से दिक्कत बनी हुई है।

● चार साल पहले पूर्व विधायक रामसरन वर्मा ने लगवाया था


ब्लॉक में खराब पड़ा वाटर फ्रीजर।

### आग से जला गन्ना बीज, 75 हजार का नुकसान

**पुवायां।** गांव फरेंदा बरा के टीकाराम ने बताया कि 29 अप्रैल को शाम चार बजे पड़ोसी ने अपने खेत में नरई जलाई, जिससे उसके खेत में खड़ा 75 हजार रुपये कीमत का गन्ना बीज जल गया। पीड़ित ने बताया गन्ना बीज करीब चालीस क्विंटल था। उसे 75 हजार रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है।

## कहासुनी के बाद युवक पर तलवार से हमला, गंभीर

**पुवायां।** दावत में दोस्त की साली के घर गए युवक पर महिला के भतीजे ने कहासुनी होने के बाद तलवार से हमला कर हाथ काट दिया। खून से लथपथ युवक कोतवाली पहुंचा।

जिसके बाद पुलिस ने उसे अस्पताल भेज दिया। हालत गंभीर होने पर घायल को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। थाना खुटार के मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी निसार रजा उर्फ बबलू अपने एक दोस्त के साथ क्षेत्र के गांव विक्रमपुर दोस्त की साली के घर गया था। वहां दोनों दोस्तों ने शराब पी। इसी बीच निसार का महिला के पति के भतीजे से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर वह घर से धारदार हथियार निकाल लाया और निसार पर हमला कर दिया। घटना में निसार का बाया हाथ कट गया। खून से लथपथ वह किसी तरह कोतवाली पहुंचा। पुलिस ने उसे अस्पताल भेज दिया। जिसे डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## व्यापारी से मारपीट पर किया रोड जाम

संवाददाता, रोजा

**अमृत विचार:** मिश्रीपुर में कुछ लोगों ने सरेराह दो भाइयो और एक महिला की लाठी-डंडों और बेल्टों से पिटाई कर दी। मामला दो समुदाय का होने की वजह से घटना के बाद पीड़ित पक्ष की ओर से हिंदू संगठन से जुड़े तमाम लोग आ गए और हमलावरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना पर अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और मामले को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।

थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र के मोहल्ला तहबरगंज निवासी अखिलेश पांडेय ने बताया कि वह शाम करीब पांच बजे घर से सदर की ओर जा रहा था। चमन मेडिकल स्टोर के पास एक गाड़ी से कुछ अज्ञात लोग आए और बिना किसी बात के उससे गाली-गलौज व मारपीट करने लगे, तभी उसने अपने भाई विमलेश को फोन कर दिया। भाई विमलेश पांडेय बाइक पर अपनी पत्नी अनामिका को बैठाकर सरायकाइयां तिराहे से घर की तरफ आ रहे थे। मौके पर भाई पहुंचा तो हमलावरों ने भाई विमलेश और उसकी पत्नी अनामिका को भी लात-घूंसों और बेल्टों से पीटा। जिसमें उसे व उसके भाई व भाई की पत्नी को चोटें आईं। मारपीट के दौरान छोटे भाई विमलेश की चेन कहीं गिर गई। आरोप है कि इस दौरान अखिलेश को चाकू मार दिया, जिसमें वह घायल हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही हिंदू संगठन से जुड़े राजेश अवस्थी, राजकमल वाजपेयी आदि तमाम लोग पहुंच गए और हमलावरों पर कार्रवाई की मांग को लेकर मिश्रीपुर चौराहे पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एसडीएम सदर ज्ञानेंद्रनाथ, सीओ सिटी सौम्या पांडेय, रामचंद्र मिशन थाना प्रभारी चंद्र प्रकाश शुक्ला पहुंच गए और आक्रोशित लोगों को कार्रवाई का भरोसा देकर शांत कराया।


शाहजहांपुर में जाम लगाने के दौरान आक्रोशित लोग। ● अमृत विचार

मौके की स्थिति को काबू में रखने के लिए रोजा और सेहरामऊ दक्षिणी पुलिस को भी बुला लिया गया। पीड़ित अखिलेश पांडेय की ओर से मामले की तहरीर दी गई है, जिसमें उसने हमलावरों में एक व्यक्ति मिश्रीपुर निवासी को पहचानने की बात कही है। पुलिस ने कार्रवाई का भरोसा दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपियों की तलाश की जा रही है।

## बीमार पति की मौत के चंद घंटे बाद पत्नी ने तोड़ा दम

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार:** मिर्जापुर क्षेत्र के गांव में सफाईकर्मी पति की बीमारी से मौत और सुहाग के चले जाने के चंद घंटे बाद ही पत्नी ने सदमे में दम तोड़ दिया। गमगीन माहौल में दोनों की अर्थी घर से एक साथ उठी।

मिर्जापुर क्षेत्र के सराय तालुके वानगांव का पूरन सफाई कर्मी के पद पर तैनात थे। बीते कई माह से गुर्दे की बीमारी से परेशान थे। एक सप्ताह पहले तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हें हरदोई के एक अस्पताल में भर्ती कराया था। मंगलवार को तबीयत अचानक बिगड़ने पर शाम को उन्होंने दम तोड़ दिया। इस दौरान पत्नी आशा भी साथ थी। देर शाम परिजन पूरन के शव को लेकर गांव पहुंचे। घर पहुंचते ही पूरन का बेटा रवि, शिवम, गौरव, अर्जुन व बेटी रोशनी उसके शव से लिपटकर रोने लगे। मार्मिक दृश्य देखकर सभी की आंखें नम हो उठीं। वहीं पूरन की पत्नी आशा बेहोश होकर गिर गई। परिजन तत्काल उन्हें अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। एक साथ दो मौतों से हर कोई हतप्रभ सा रह गया। मृतक पूरन जाटव सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत थे। उनकी तैनाती विकास खंड कलान के मदनपुर गांव में थी। पति-पत्नी में काफी प्रेम था। ग्रामीणों ने बताया कि 30 वर्ष पहले शादी के वक्त फेरे लेते हुए दोनों ने सार्वजनिक तौर पर साथ जीने-मरने की कसम खाई थी। ग्रामीणों का कहना है कि दोनों ने पूरी जिंदगी वचन निभाया और अंतिम यात्रा पर भी वचन के तहत की।


मृतक पूरन


मृतक आशा

● मिर्जापुर के गांव सराय तालुके का मामला, पति-पत्नी का एक ही चिता पर हुआ अंतिम संस्कार

**लापरवाही** घुंघचिहाई में गंदगी से पनप रहे मच्छर, बीमारियां फैलने को लेकर ग्रामीणों में दहशत

## सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर, नालियों में बजबजा रही गंदगी

संवाददाता, घुंघचिहाई

**अमृत विचार:** ग्राम पंचायत में सफाई व्यवस्था ढर्रे पर नहीं आ सकी है। सड़कों पर लगे कूड़े के ढेर और नालियों में बजबजाती गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बना हुआ है।

दो साल पहले ग्राम पंचायत घुंघचिहाई का ओडीएफ प्लस के तहत चयन हुआ था। जिसमें तत्कालीन डीपीआरओ द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत साफ-सफाई को दुरुस्त करने के लिए जिम्मेदारों को दिशा निर्देश दिए गए थे और लोग कूड़ा सड़कों पर ना डाला जाए, इसके लिए सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ेदान लगवाने को निर्देशित किया था। नियमित तौर पर नालियों की सफाई, बदलते मौसम के अनुसार फॉगिंग कराने की रणनीति बनी लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। गंदगी के चलते संक्रामक रोगों का डर बना हुआ है। ग्राम प्रधान द्वारा कस्बे से दो किलोमीटर दूरी पर मदारपुर में आरसीसी सेंटर कूड़ा निस्तारण केंद्र बनाया गया जोकि ग्रामीणों के लिए बेकार साबित हो रहा है। जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।


घुंघचिहाई गांव में लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

नालियों की सफाई को लेकर दिक्कत इसलिए आ रही है, क्योंकि पूरी ग्राम पंचायत में सिर्फ एक सफाई कर्मी है। अन्य गांव भी जुड़े हुए हैं हर जगह जाना पड़ता है। गांव के अंदर लगे कूड़े के ढेर हटवाने के लिए कहा गया था लेकिन ग्रामीणों ने उस समय स्वयं मना किया था। कूड़ा निस्तारण केंद्र के जरिए जल्द ही रूटीन बनाकर लोगों के घरों से कूड़ा उठवाया जाएगा। **-सुनील पासवान, ग्राम प्रधान पति**


नियमित नालियों की सफाई न होने से नालियों का पानी सड़क के ऊपर तक आ जाता है। आवाजाही में भी दिक्कत होती है। समस्या से अवगत कराया गया लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो सका है।
**- रजनीश सिंह, ग्रामीण**


सफाई व्यवस्था दुरुस्त न होने से मच्छरों की भरमार है। अभी तक फांगिग भी नहीं कराई गई इससे संक्रामक रोगों का भय बना है। सुधार की कोई सुधि नहीं ले रहा।
**-अभिषेक शुक्ला, ग्रामीण**


सफाई व्यवस्था बदहाल है। सड़कों के किनारे लगे कूड़े के ढेर जब तेज हवा चलती है तो धूल मिट्टी लोगों के घर में उड़कर पहुंच जाती है। काफी दिक्कत होती है लेकिन व्यवस्था में सुधार नहीं हो रहा है।
**-सौरभ त्रिवेदी, ग्रामीण**

## आवारा पशुओं से किसान परेशान

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** भारतीय किसान यूनियन भानु की जिला स्तरीय मासिक पंचायत बुधवार को मंडी समिति स्थित कृषक विश्राम गृह में हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष भजनलाल क्रोधी ने की। किसानों की समस्याओं को प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष रखा गया और निस्तारण कराया। सदर तहसीलदार रामऋषि रमन को ज्ञापन भी सौंपा।

तहसील अध्यक्ष नंदकिशोर राठौर ने कहा कि पीलीभीत सदर तहसील में भ्रष्टाचार फैला है। लेखपाल की गलत नियति के कारण जनता का शोषण हो रहा है। जिला उपाध्यक्ष बाबूराम वर्मा ने कहा कि चकबंदी विभाग में भ्रष्टाचार व्याप्त होने के कारण गलत पैमाइश होने से झगड़े हो रहे हैं। यह चकबंदी विभाग की लापरवाही के कारण हैं। ऐसे भ्रष्ट कर्मचारियों पर कार्रवाई की जाए। तहसील अध्यक्ष अमरिया रामगोपाल प्रजापति ने कहा कि पीलीभीत क्षेत्र में आवारा पशुओं से किसान परेशान है। किसान दाने-दाने को परेशान है। इस मौके पर बालमुकुंद प्रजापति, राम बहादुर पाल, शीशपाल, सुखलाल गंगवार, नन्हेलाल, डोरीलाल, रोहनलाल, नन्हेंलाल कश्यप, रामचंद्र, नरेंद्र कुमार, सेवाराम पासवान, सुरेश पासवान, महेंद्र पाल कश्यप आदि मौजूद रहे।


तहसीलदार राम ऋषि रमन को ज्ञापन देते भाकियू भानु पदाधिकारी। ● अमृत विचार

● भाकियू भानु ने मासिक पंचायत में उठाया मुद्दा

आखिर कब तक शर्माते रहोगे
हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज में पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल–7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी–16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा.शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान
डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)
आला मैनसूल कॉम्बो पैक
धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# चैती मेला का समापन : गीत-संगीत और चुटकलों से श्रोताओं को बांधे रखा

## सांस्कृतिक मंच पर स्मारिका का विमोचन, विपिन सचदेवा ने गीत सुनाकर किया मंत्रमुग्ध

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ।

**अमृत विचारः** छोटी काशी में ऐतिहासिक चैती मेला का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ किया गया। समापन समारोह में कई अव्यवस्थाएं भी रहीं।

मेला मैदान स्थित चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर हुए समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि एसडीएम रत्नाकर मिश्र, पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ल रिंकू ने दीप प्रज्जवलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुम्बई के सुप्रसिद्ध गायक विपिन सचदेवा ने फिल्मी गीत सुनाकर शमां बांध दी। मुम्बई के सुप्रसिद्ध गायक विपिन सचदेवा ने- मुझे अल्ला की कसम तुमसे प्यार हो गया, बिना ईद के ही चांद का दीदार हो गया। युगल गीत कानपुर से सैलजा कुशवाहा और सुजाता अरोड़ा ने प्रस्तुत किए। विपिन और सैलजा ने- बेखुदी में सनम उठ गये जो कदम गाकर शमां बांध दी। हास्य कलाकार राजन श्रीवास्तव लाफ्टर ने दर्शकों को हसाकर लोटपोट कर दिया। इसके साथ ही ओ मेरी महबूबा, कौन है जो सपनों में आया, गुलाबी आंखे, पर्दा है पर्दा, ये रेशमी जुल्फे ये सरबती आंखे, ओ हरे दुपट्टे वाली,दरदे दिल दरदे जिगर, कमरिया डोले डोले डोले डोले राजा जी आदि सुना कर श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। एआर रहमान के घराने से निकले हुए शिष्य सूफी सिंगर अमित द्विवेदी ने गीत गाया। आरके इंटरटेनर्स के राजेश दीक्षित द्वारा के कानपुर के सांस्कृतिक बैंड मनीष कुमार के नेतृत्व में की बोर्ड पर अभिनव श्रीवास्तव और सूरज, ड्रम सेट पर रोशन अली, ढोलक पर सुजीत वर्षा और अजीत वर्षा, लीड गिटार पर केएम शर्मा, बेस गिटार पर लवी मैसी, ओक्ता पैड पर राजीव शर्मा ने साथ दिया। मंच संचालन परविंदर सिंधू, गरिमा श्रीवास्तव ने किया। सांस्कृतिक मंच पर नगर पालिका परिषद द्वारा प्रकाशित स्मारिका का विमोचन किया गया। समापन समारोह में अशोक सक्सेना, डॉ वेदप्रकाश अग्निहोत्री, डॉ रामऔतार यादव, सभासद नानकचन्द्र वर्मा, आनन्द सोनी सहित तमाम सभासद और पालिका के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।


चैती मेला के सांस्कृतिक मंच पर स्मारिका का विमोचन करते अतिथि।

### इनका हुआ सम्मान

चैती मेला के समापन समारोह में सांस्कृतिक मंच पर प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम रत्नाकर मिश्र, सीओ अजेन्द्र कुमार यादव, कोतवाली प्रभारी इंद्रजीत सिंह, अग्निशमन अधिकारी सुरेन्द्र सिंह शिंदे, मेला प्रभारी पुलिस सुनील सिंह, चिकित्सा प्रभारी डॉ गणेश सीएचसी अधीक्षक, एसडीओ विद्युत विनीत वर्मा, जेई मिथलेश, स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम में यदुशील शिक्षा निकेतन, प्रथम स्थान, रामजानकी इंटर कालेज, उमा देवी चिल्ड्रेंस एकेडमी, पुरुषोत्तम बाल विद्या मंदिर, कृषक समाज इंटर कालेज, शारदे ज्ञान मंदिर, गोला गौरव के लिए सुरेश शुक्ल संदेश कवि/संत, सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कालेज की स्मृति सिंह ऊंची भूड़, इंटर मीडियट परीक्षा में प्रदेश में पांचवां स्थान और जिले में प्रथम स्थान पाने के कारण पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही कुंवर मल्लिकार्जुन सिंह राजपूत, आयुशी सोनी, आनन्द त्रिवेदी को सम्मानित किया गया।

# आयुर्वेदिक अस्पताल में बनेंगे हर्बल गार्डन

- **अस्पताल में जगह न होने पर गमलों में लगेंगे औषधीय पौधे**
- **राजापुर आयुर्वेदिक अस्पताल में गमलों में तैयार हुआ हर्बल बगीचा**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** कोरोना काल में आयुर्वेदिक पद्धति से कोविड-19 का उपचार काफी कारगर साबित हुआ था। इसलिए अब आयुर्वेद से इलाज को बढ़ावा देने के लिए आयुर्वेदिक अस्पतालों में हर्बल गार्डन बनेगा, जिसमें कम से कम 20 प्रकार के औषधीय पौधे लगाए जाएंगे। इसका उद्देश्य अस्पताल में आने वाले मरीजों को इन पौधों की पहचान कराकर बीमारियों में उपयोग करने के लिए प्रेरित करना है।

जिले में आयुर्वेदिक अस्पतालों की संख्या 36 है। इन पर हर माह 70 से 75 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इसके अन्य तमाम लोग ऐसे हैं जो अंग्रेजी दवाओं की बजाय आयुर्वेदिक दवाओं को प्राथमिकता देते हैं। इसकी वजह आयुर्वेद दवाओं का साइड इफेक्ट न के बराबर होना और आसानी से इनकी उपलब्धता है। हालांकि पहचान न होने के कारण लोग घर से लेकर आस पास उगे पौधों का उपयोग नहीं कर पाते हैं। इसलिए शासन ने आयुर्वेद अस्पतालों में हर्बल गार्डेन तैयार कर कम से कम 20 औषधीय पौधे लगाकर उनके नाम की पट्टिका लगाने के निर्देश दिए हैं। साथ ही अस्पताल आने वाले मरीजों को पौधों के औषधीय गुणों की जानकारी देकर उनकी पहचान और उपयोग करने के बारे में जानकारी देनी होगी, जिससे लोग घर पर लगाए जाने वाले पौधों को लगाकर सामान्य बीमारियों का स्वयं इलाज कर सकें। आयुर्वेद पद्धति में तमाम बीमारियों का जड़ से इलाज हो जाता है।

### प्रमुख औषधीय पौधे

सदाबहार, तुलसी, हरड़, जामुन, बहेड़ा, पाषाणभेद, तेजवत्र, मंडूकपर्णी, नीम, गिलोय, मीठी नीम, आंवला, पकरिया, वासा, बड़ी करेली, गूलर, छोटी करेली, करौंदा, तुलसी, चांदनी, अश्वगंधा, नींबू, शतावरी, घृतकुमारी, अनार, अजवाइन, शरीफा, दमबेल, कासमर्द, बरगद, दालचीनी, पीपल, बेल, अर्जुन, ज्वरांकुश, लौंग, अशोक, श्लायन्नी, चंदन, पलाश, चीड़ यानि देवदार आदि।

आयुर्वेदिक अस्पतालों में औषधीय पौधे लगाकर हर्बल गार्डन तैयार किए जा रहे हैं। अस्पताल आने वा ले मरीजों को इन पौधों की पहचान कराने के साथ उपयोग करना भी बताया जाएगा, लोग घर में किचन हर्बल गार्डन तैयार कर नियमित सेवन करते रहें। –डॉ. हरवंश कुमार, जिला आयुर्वेद अधिकारी

### हर्बल पौधों का लाभ


राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल राजापुर में गमले में लगे औषधीय पौधे।

हर्बल पौधों से बीमारी में काफी लाभ मिलता है। तुलसी का पौधा हर कोई घर में लगाता है। हालांकि इसको लोग धार्मिक मान्यता के चलते लगाते हैं। मगर, यह रोगों के इलाज में भी काफी कारगर है। इसके सेवन से पाचन शक्ति मजबूत होती है। सर्दी, जुकाम बुखार में यह मदद करता है। एलोवेरा पेट के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसके सेवन से पेट संबंधी बीमारियां नहीं होती। जोड़ों के दर्द में भी यह असर करता है। इसके गूदे के पीसकर स्किन पर लगाने से स्किन संबंधी रोग भी दूर होते हैं। गिलोय से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। इसकी डंडी को पानी में उबालकर काढ़ा बनाकर पीने से पुराने से पुराने बुखार में राहत मिलती है। वहीं सदाबहार के फूल व पत्ते से शुगर में लाभ मिलता है। इसे उबालकर भी पी सकते हैं। इसके फूल व पत्तों का काढ़ा बनाकर भी पिया जा सकता है। पत्थरचट्टा के पत्तों का उपयोग पथरी के इलाज के लिए किया जाता है। इसके पत्तों की चटनी बनाकर खाने से पथरी गलकर निकल जाती है। इसके अलावा मोच आने पर पत्ते को गर्म कर मोच वाले स्थान पर लगाने से आराम मिलता है। नीम की पत्तियों से शुगर, फोड़े फुंसी संबंधी बीमारियों को दूर किया जाता है। इसकी पत्तियों को उबालकर उबले हुए पानी से नहाने से इंफेक्शन नहीं होता। नीम का दातुन करने से दांत संबंधी बीमारियां नहीं होती।

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician
- शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात
- पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है।
- पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
- घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार।
- सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
- पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# छात्राओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान


हसनैन इंटर कालेज में जागरूकता पोस्टर दिखाती छात्राएं।

- **मेहंदी सजाकर पोस्टर के जरिए शत प्रतिशत मतदान के लिए किया जागरूक**

संवाददाता, कुकरा

**अमृत विचारः** कस्बे के हसनैन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूक के तहत मेहंदी और पोस्टर प्रतियोगिता कराई गई। हसनैन इंटर कॉलेज में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत पोस्टर, महेंदी प्रतियोगिता में छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय में छात्र-छात्राओं को मतदाता जागरूकता अभियान में समाज को जागरूक करने की प्रेरणा दी गई। चलो देश को उन्नति की राह ले चले हम। चलो आज सब मिलकर मतदान करें हम।। छोड़ दो अपने सारे काम चलो पहले करें मतदान। पोस्टर आलेखन में इकरा ने प्रथम कविया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। मेंहदी प्रयोगिता में बुशरा ने प्रथम, आसिया ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य गौरव दीक्षित, स्वामी दयाल वर्मा, अनिल सिंह, राजेश गुप्ता, मोहम्मद जुनेद, कौशल वर्मा, रजनी बाजपेई, पूजा देवी रहे।

## युवकों ने छात्रा को पीटा, अगवा करने का प्रयास

**संसारपुर, अमृत विचार :** कस्बा संसारपुर के बोझिया मार्ग पर तालाब के पास कुछ युवकों ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की कक्षा नौ में अध्ययनरत छात्रा के साथ मारपीट कर उसे अगवा करने का प्रयास किया। विद्यालय के गेटमैन के ललकारने के बाद मौके पर लोगों के पहुंच जाने से युवक उसे छोड़कर भाग निकले। इसकी शिकायत मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बवासीर भगन्दर
ऑपरेशन से बचें
दर्द रहित उपचार
सैक्स
रोगियों का यूनानी आयुर्वेदिक इलाज

डॉ. एस.के. गुप्ता
(गुप्त रोग चिकित्सक)
बवासीर भगन्दर रोग विशेषज्ञ
ऑपरेशन से बचें # दर्द रहित उपचार
धातरोग स्वप्नदोष, नामर्दी इन्द्रियों में ढ़ीलापन उत्तेजना के बाद ढ़ीलापन हो जाना, पेशाब में पीलापन जलन शीघ्रपतन शुक्राणु लिकोरिया- स्वेतप्रदर रक्त प्रदर, कमर में दर्द, महावारी टाइम पर न होना नलों का बंद होना योनि का ढ़ीलापन सेक्स की इच्छा न होना। चर्म रोग कील मुहासों का आयुर्वेदिक यूनानी दवाओं द्वारा इलाज।
नशा छुड़ाए? नशे से कुछ ही दिनों में छुटकारा पायें।
नोटः- हर जगह से निराश रोगी एक बार अवश्य मिलें।
डॉ. सी.पी. गुप्ता क्लीनिक
स्थापित 1960
माध्यमिक शिक्षा परिषद बोर्ड आफिस के सामने, चौपुला से कुतुबखाना रोड, बरेली।
मो. 9259082174

# चारपाई पर ग्रामीण का शव, पत्नी पर प्रेम-प्रसंग में हत्या का आरोप

## मुंह से निकल रहा था खून, जांच में जुटी पुलिस, गुरुवार को शव का कराया जाएगा पोस्टमार्टम

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** थाना धौरहरा के गांव रानीपुरवा मजरा हौकना मटेरा में बुधवार की सुबह एक ग्रामीण का शव घर के अंदर चारपाई पर पड़ा मिला। इससे गांव में सनसनी फैल गई। उसके मुंह से खून निकल रहा था। परिवार के लोग मृतक की पत्नी पर प्रेम प्रसंग के चलते हत्या करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि महिला के गांव में कई व्यक्तियों से संबंध हैं। पति उसकी हरकतों का विरोध करता था, जिससे उसे रास्ते से हटा दिया गया। देर से शव आने से पोस्टमार्टम नहीं हो सका है। गुरुवार को पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस ने मृतक की पत्नी को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

घटना गांव रानी पुरवा हौकना मटेरा की है। गांव निवासी घनश्याम निषाद (45) पुत्र जयराम का शव बुधवार को घर के अंदर कमरे में चारपाई पर बरामद हुआ है। उसके मुंह से खून निकल रहा था। इससे परिवार में हड़कंप मच गया। शव देख परिजनों में चीख पुकार मच गई। तमाम ग्रामीण की भीड़ जुट गई। परिवार वालों की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक दिनेश कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मृतक की मां जगरानी (75), पत्नी संगीता व 12 वर्षीय पुत्र श्यामलाल से पूछताछ की। परिवार वालों के मुताबिक घनश्याम निषाद मंगलवार की रात घर के बाहर सो रहे थे। आधी रात के बाद उन्हें घर में किसी के होने की आहट मिली। इस पर वह उठकर घर के अंदर चले गए। इसके बाद बाहर नहीं आए। सुबह उनका शव चारपाई पर पड़ा बरामद हुआ। परिवार के लोगों और बेटे ने मृतक की पत्नी पर प्रेम प्रसंग के चलते गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगाया है। इस पर पुलिस मृतक की मां, पत्नी संगीता देवी और बेटे को थाने ले गई, जहां पुत्र और मां को पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया गया। वहीं पत्नी पुलिस की हिरासत में है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। ग्रामीण बताते हैं कि मृतक की पत्नी चरित्र की ठीक नहीं है। घनश्याम काफी सीधा और मृदुल स्वभाव का था। मेहनत मजदूरी कर परिवार की जीविका चलाता था। उसके तीन तीन बच्चे हैं। दो लड़कियों की शादी हो चुकी है। घर पर मां, पत्नी व 12 वर्षीय पुत्र श्याम लाल रहते हैं।

### लापरवाहीः पुलिस ने नहीं बुलाई फोरेंसिक टीम

हत्या, बड़ी चोरी, डकैती जैसे जघन्य अपराधों के मामले में फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल पर मौजूद वैज्ञानिक साक्ष्यों को एकत्र करने के शासन के आदेश हैं ताकि घटना में शामिल व्यक्ति के पकड़े जाने पर पुलिस वैज्ञानिक साक्ष्यों के आधार पर उसे सजा दिला सके। साथ ही घटना स्थल के सबूत नष्ट न हो। इसके लिए येलो टेप लगाकर घटना स्थल को सुरक्षित करने के निर्देश हैं, लेकिन थाना धौरहरा पुलिस ने हत्या की वारदात होने के बाद भी न तो घटना स्थल को येलो टेप लगाकर सुरक्षित किया और न ही फोरेंसिक टीम को मौके पर बुलाया। यहां तक डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर नहीं पहुंची। प्रभारी निरीक्षक दिनेश सिंह का कहना है कि इस घटना में फोरेंसिक टीम की जरूरत नहीं थी, क्योंकि शव चारपाई पर घर के ही अंदर पड़ा था।

### बेटा बोला, मां ने किसी को बुलाकर कराई पिता की हत्या

सोशल मीडिया पर मृतक घनश्याम निषाद के बेटे श्यामलाल (12) का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह साफ तौर पर कह रहा है कि उसकी मां ने किसी को बुलाकर पिता की हत्या कराई है। वीडियो में वह कह रहा कि उसने अपनी आंखो से अपनी मां और कथित युवक को देखा है। वह आरोपी युवक का नाम तो नहीं जानता है, लेकिन यदि वह सामने आ जाएगा तो पहचान लेगा।

> प्रथम दृष्टया प्रेम प्रसंग में गला दबाकर हत्या प्रतीत हो रही है। मृतक की पत्नी को हिरासत में लिया गया है। उससे पूछताछ की जा रही है। शव का गुरुवार को पोस्टमार्टम होगा। अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
> –दिनेश कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली धौरहरा।

# मैलानी में ट्रेन से कटकर किशोर की चली गई जान

संवाददाता, मैलानी।

▸▸ परिवारीजनों ने पुलिस के भय से आत्महत्या का जताया शक

**अमृत विचारः** थाना मैलानी के रामलीला वार्ड निवासी विकास (15) पुत्र दाताराम की ट्रेन से कटकर मौत हो गई है। परिवार वालों ने मोहल्ले के ही लोगों पर आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का आरोप लगाया है।

विकास की मां निर्मला ने बताया तीन दिन पूर्व रेलवे की जमीन पर लगे सागौन में अज्ञात कारणों से आग लग गई थी। जिसमें एक गाय जल गई थी। गाय मालिक सिब्बू की पत्नी ने विकास को डराया धमकाया कि आग तुमने लगाई है आग लगने से गाय की जलकर मौत हो गई है। तुम पर एफआईआर दर्ज करवा कर जेल भिजवा देंगे। परिवार वालों का कहना है कि इसी डर से मृतक विकास घर से सोमवार से ही गायब हो गया। तबसे ही परिजन तलाश कर रहे थे। बुधवार को रेलवे कर्मचारियों ने मैलानी से पलिया रेलवे ट्रैक पर शव पड़े होने की सूचना दी। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने विकास की शिनाख्त की। शव देखते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। जीआरपी पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।


विकास। (फाइल फोटो)

## औषधी निरीक्षक ने दवा विक्रेताओं को मतदान करने के लिए किया प्रेरित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार** : लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी सुनिश्चित कर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए ड्रग इंस्पेक्टर सुनील रावत ने बुधवार को दवा बाजार में व्यापारियों संग बैठक की। उन्होंने 13 मई को होने वाली लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए दवा व्यापारियों से अपील की। जिला औषधि निरीक्षक ने केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारियों व दवा विक्रेताओं के साथ बैठक कर कहा कि सभी लोग 13 मई को मतदान अवश्य करें। घर परिवार से लेकर आस पास रहने वालों को भी बूथ पर भेजकर मतदान करवाएं। जिलाध्यक्ष अजय अग्रवाल एवं महामंत्री शरद मल्होत्रा ने कहा कि दवा कारोबारियों से मतदान में हिस्सा लेकर प्रतिशत बढ़ाने की अपील की। बैठक में अनंतराम गुप्ता, विवेक भल्ला, सतीश गुप्ता, हरदीप सिंह, मनीष गुप्ता, रवि गुप्ता, आलोक अग्रवाल, चीनू तलवार आदि मौजूद रहे।

आयुष्मान कार्ड धारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
डॉ. कुशाग्र सिंह
MBBS, M.S. (Surgery), FMAS, DMAS
लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जन
दूरबीन द्वारा आपरेशन के विशेषज्ञ
7983368142

पं. दीन दयाल उपाध्याय कार्डधारकों का निःशुल्क ऑपरेशन व इलाज
निःशुल्क मोतियाबिन्द ऑपरेशन, हर भारतवासी का-रविवार व बुधवार
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन
●पित्त की पथरी ●पित्त की नली की पथरी ●अपेन्डिक्स ● हार्निया
●पेशाब नली की पथरी (PCNL, URSL) ●बच्चेदानी व रसौली ●आबेरियन सिस्ट
●एक्टापिक प्रगनेन्सी ●गदूद ऑपरेशन (TURP) ●पेट की जाँच।
●महिला ऑपरेशन स्त्री रोग डाक्टर की देख-रेख में
●गम्भीर मरीजों के लिए ICU एवं वेन्टीलेटर ●मात्र एक टीका और ऑपरेशन
नवजात शिशु कहीं भी पैदा हो?
आयुष्मान कार्ड धारक पिता अथवा माताओं के नवजात शिशुओं का निःशुल्क इलाज नर्सरी (NICU) में
महेन्द्र-गायत्री हॉस्पिटल
निकट कुदेशिया फाटक, इज्जतनगर, बरेली-9411090551

नर्सिंग है अधिक रोजगार वाला क्षेत्र
B.Sc. NURSING
प्रवेश हेतु 25.04.2024 से आवेदन
Website : http://www.abvmuup.edu.in
प्रवेश परीक्षा (CNET) दिनांक 14.06.2024
निःशुल्क कोचिंग
08.05.2024 से, शीघ्र रजिस्ट्रेशन
Mob.: 9410405769, 7599203105
महेन्द्र गायत्री स्कूल ऑफ नर्सिंग
रहपुरा रोड, फतेहगंज पश्चिमी, बरेली
Clinical Training
★ महेन्द्र गायत्री सुपर स्पेसियेलिटी हॉस्पिटल, बरेली
★ महाराणा प्रताप संयुक्त जिला अस्पताल, बरेली
★ C.H.C. मीरगंज एवं खिरका, फतेहगंज पश्चिमी
★ इन्स्टीट्यूट ऑफ मेन्टल हेल्थ एवं अस्पताल, आगरा
● G.N.M. ● A.N.M. ● D.P.T. ● D.OPT.
● DIPLOMA O.T. ● D. PHARMA ● BAMS

## तीन अपराधियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**पसगवां, अमृत विचार** : अपराध कर धनार्जन करने वाले रहे तीन अपराधियों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष दीपक राठौर ने बताया कि इसी थाना क्षेत्र के ग्राम उकुरमुहां निवासी इदरीस व छंगा और सुफियान के विरुद्ध आए दिन शिकायतें आती रहती हैं कि तीनों व्यक्ति अपराध कारित कर धन अर्जित करते हैं। ये तीनों बाइक के चेचिस और इंजन नंबर बदलकर बाइक को बेच देते हैं। इनके विरुद्ध चोरी और धोखाधड़ी के कई मामले दर्ज हैं। अगस्त 2023 में इनके पास पुलिस ने छह बाइकें बरामद की थीं। पुलिस ने तीनों आरोपियों के विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है।

# आर्य कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** डीआईओएस ने बुधवार को आर्य कन्या इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया। उन्होंने कक्षाओं में जाकर छात्राओं से विषय संबंध प्रश्न पूछे। मगर, छात्राएं सही जवाब नहीं दे सकीं। इस पर डीआईओएस ने नाराजगी जताकर प्रधानाचार्य से जवाब तलब किया है।

डीआईओएस महेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11:30 आर्य कन्या इंटर कॉलेज का औचक निरीक्षण किया। मगर, कॉलेज का शैक्षिक माहौल प्रभावित मिला। कक्षाओं में पढ़ाई नहीं होती मिली। छात्राएं बेसिक सवालों तक के जवाब नहीं दे सकी। आर्ट की कक्षा में मौजूद करीब 40 छात्राओं में से एक छात्रा ही स्मृति और प्राकृतिक चित्रण के बारे में बता सकी। उन्होंने बताया कि शिक्षिकाएं उपस्थित मिली, लेकिन पढ़ाई का माहौल प्रभावित मिला। बताते हैं कि कॉलेज में गुटबाजी हावी है। इसी के चलते पढ़ाई कम राजनीति ज्यादा होती है। डीआईओएस ने बताया कि प्रधानाचार्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया जाएगा। संतोषजनक जवाब न मिलने पर विभागीय कार्यवाही होगी।


आर्य कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं से संवाद करते डीआईओएस।

● डीआईओएस के निरीक्षण में नहीं मिला शैक्षिक माहौल

## घास काटने गए ग्रामीण पर बाघ ने हमला कर किया घायल

**संवाददाता, ममरी (खीरी), अमृत विचार** : मोहम्मदी महेशपुर वनरेंज क्षेत्र में कठिना नदी के समीप बुधवार सुबह खेत में घास काटने गए ग्राम अयोध्यापुर निवासी नन्हेंलाल (53) पुत्र मोतीलाल पर झाड़ी में छिपे बाघ ने हमला करके गंभीर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंचे वन कर्मियों, परिजनों ने घायल को गोला अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है। मोहम्मदी रेंज और कोतवाली मोहम्मदी की पुलिस चौकी मूडा निजाम क्षेत्र के ग्राम अयोध्यापुर निवासी नन्हेंलाल (53) बुधवार सवेरे सात बजे मोहम्मदी वन रेंज के सहजनिया जंगल से एक किलोमीटर दूर कठिना नदी के समीप खेत में घास काट रहा था। बताया जाता है कि इसी बीच नदी की झाड़ी में छिपे बाघ ने उन पर हमला करके गंभीर घायल कर दिया। ग्राम प्रधान प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सप्पू वर्मा और ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे रेंजर नरेशपाल सिंह, फॉरेस्टर शिवकुमार कश्यप, रोहित श्रीवास्तव, अभिषेक वर्मा आदि वनकर्मियों और परिजनों ने घायल को 108 एंबुलेंस से सीएचसी गोला पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया है।

# ईवीएम व वीवीपैट का बूथवार किया आवंटन


राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी देते सीडीओ अनिल कुमार सिंह।

लखीमपुर खीरी

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव में शांतिपूर्ण व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन ने बुधवार को जिले की दोनों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों की सभी आठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदेय स्थलों के लिए ईवीएम और वीवीपैटों का द्वितीय रेंडमाइजेशन किया।

खीरी संसदीय क्षेत्र की सामान्य प्रेक्षक आर. सीतालक्ष्मी, धौरहरा संसदीय क्षेत्र के सामान्य प्रेक्षक श्रीधर चेरुकुरी, सीडीओ अनिल कुमार सिंह सिंह ने दोनों संसदीय क्षेत्र के प्रत्याशियों, उनके अभिकर्ताओं, मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैटों का रेंडमाइजेशन कार्य कराया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में ईवीएम और वीवीपैट का द्वितीय रेंडमाइजेशन में जिले के कुल बूथ 2890 के सापेक्ष 125 प्रतिशत कंट्रोल यूनिट, 125 प्रतिशत बैलेट यूनिट और 135 प्रतिशत वीवीपैट का रैंडमाइजेशन हुआ। इस रेंडमाइजेशन में इन मशीनों का बूथ वार आवंटन कर दिया गया है। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार सिंह, प्रभारी अधिकारी (ईवीएम) बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी संजय आनंद, जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी महेंद्र सिंह, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी तौसीफ अहमद रहे।

## आग लगने से गेहूं की फसल जलकर राख

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचार** : तहसील के निकट स्थित ग्राम कोंधवा के पास खेत में लगी आग से थ्रेसिंग के लिए एकत्र की गई गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। खेत स्वामी ने रंजिशन आग लगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। तहसील कार्यालय भवन के पीछे गेहूं के खेत में तेज धुआं उठा तो अफरातफरी मच गई। कोंधवा के लोगों ने अग्निशमन दल को सूचना दी। अग्निशमन दल ने मौके पर पहुंच आग पर काबू पाया। तब खेत में एकत्र फसल राख हो चुकी थी। मोहल्ला कुम्हारन टोला निवासी लालजी प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उन्होंने गेहूं की मड़ाई के लिए फसल खेत में एक जगह पर लगवाई थी, जिसमें पड़ोसी खेत स्वामी के भतीजे ने रंजिशन आग लगा दी है। जिसमें उनका 50 क्विंटल गेहूं जल गया और उन्हें एक लाख रुपए से अधिक का नुकसान हुआ है। पड़ोसी खेत स्वामी ने चकरोड पर कब्जा कर रखा है, जिसकी शिकायत एसडीएम से की है, जिस कारण वह रंजिश मानता है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

## बस्ता प्रतियोगिताः विजेता छात्र-छात्राएं हुए पुरस्कृत

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचारः** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में बस्ता प्रतियोगिता हुई। इनके विजेताओं को प्रार्थना सभा में पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य डॉ. योगेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शुभारंभ मुख्य अतिथि सह प्रबंधक रवि भूषण साहनी ने किया। बस्ता प्रतियोगिता के निर्णायक शिक्षक राजेंद्र प्रसाद ओझा, आयुष वर्मा, प्रवेंद्र कुमार सिंह, रमेश चंद्र पाठक ने हर्ष शुक्ला ,अरुणेश वाजपेई, मोहम्मद फैसल, जितिन वर्मा, शिवांक गौड़, आयुष वर्मा, अर्पित वर्मा, सत्यम यादव एवं संगम चौहान को विजेता घोषित किया। इनको सह प्रबंधक रवि भूषण साहनी ने पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतियोगिताएं जीवन में आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करती हैं। इसलिए हर प्रतियोगिता में प्रतिभाग अवश्य करना चाहिए। जो छात्र छात्राएं इस प्रतियोगिता में पुरस्कार पाने से वंचित रह गए हैं। वह अगली प्रतियोगिता के लिए अपना लक्ष्य निर्धारित कर अभी से तैयारी करनी शुरू कर दें।

सम्मन बनाम प्रतिवादी
व अदालत श्रीमान बन्दोबस्त चकबंदी अधिकारी, पीलीभीत
अपील संख्या-20245412560000051 सन् 2024 वादी साहब सिंह बनाम स्वर्ण सिंह आदि ग्राम नफगन रसुईया पर. व तह. व जिला पीलीभीत
वादी साहब सिंह पुत्र कपूर सिंह नि.ग्रा. नफगन रसूईया, पर. तह. व जिला पीलीभीत
प्रतिवादीगण 1. अब्दुल मजीद पुत्र अब्दुल अजीज 2. आविदा बेगम पत्नी हिदायत तुल्ला, 3. इब्राहिम पुत्र सुलेमान, नि.गण ग्रा. बिठौरा कलां, पर. तह. व जिला पीलीभीत 4. सलीम पुत्र सद्दीक नि.ग्रा. लाईखेड़ा पो. सेंथल, तह. नवाबगंज जिला बरेली। बाजेही कि आपके खिलाफ एक अपील दफा 11(1) चकबंदी अधि. की दायर की गई है। अतः आप दिनांक 10.05.2024 को दिन शुक्रवार वावक्त 11 बजे दिन कलेक्ट्रेट कम्पाउण्ड बंदोबस्त चकबंदी अधिकारी पीलीभीत के न्यायालय में असालतन या विकालतन या अन्य कोई शख्स जो वाकिफ हाल मुकदमा हो उक्त दिनांक पर अपनी जवाबदेही पेश करो या आपको लाजिम है कि उस रोज अपने जुमला गवाहों को व नोज दस्तावेज जिनकी शहादत पर आप व ताईद अपनी जवाबदेही इस्तदकाल करना चाहते हो पेश करो अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे उसको समात आपकी गैर हाजिरी में आपके मसमूह फैसला होगा।
दिनांक 30.4.2024 मेरे दस्तखत व मोहर अदालत जारी किया गया।
बन्दोबस्त अधिकारी चकबंदी, पीलीभीत

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तारिक को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **आरिफ पुत्र अफजल निवासी मौ. पछाया कस्बा व थाना इस्लामनगर तहसील बिल्सी जिला बदायूँ।**
सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र रंजीत कुमार व उसकी पत्नी रश्मि को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रामपाल सिंह पुत्र लोचन सिंह व श्रीमती सुमन लता पत्नी रामपाल सिंह निवासी डॉ. महेश चौधरी पटी गली के पीछे, मो. कानून गोयान, कस्बा व थाना फरीदपुर जिला बरेली (यू.पी.)**
**वैधानिक सूचना** :- समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# पांच से तीन दिन बारिश होने के बने आसार

बरेली कार्यालय

- मौसम विभाग ने पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से मौसम में बदलाव के जताए आसार
- जिले में दिन का तापमान तीन तो रात का तापमान करीब पांच डिग्री तक लुढ़का

**अमृत विचार :** जिले में एक बार फिर से मौसम में बदलाव शुरू हो गया है। भीषण गर्मी के बाद दिन और रात के तापमान में काफी गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने 5, 6 और 7 मई को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने से हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान जताया है। बुधवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 2.8 डिग्री कम 35.8 और न्यूनतम तापमान सामान्य से 4.5 डिग्री कम 19.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अधिकतम तापमान मंगलवार से तीन डिग्री और न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री कम दर्ज किया गया। इस दौरान आर्द्रता सुबह 35 और शाम को 18 प्रतिशत दर्ज की गई। दिन में 6-8 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलीं।

आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को भी तेज हवाएं चलेंगी। इस दौरान तापमान में और गिरावट दर्ज की जाएगी। अधिकतम तापमान 34 और न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो सकता है। इसके बाद 3 और 4 मई को मौसम साफ रहने से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी होगी और 5, 6 और 7 मई को पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने के चलते तीनों दिन हल्की से मध्यम बारिश होने का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23-25 डिग्री सेल्सियस तक दर्ज हो सकता है।

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

Admission Open 2024-25 Admission Open 2024-25
KESHLATA COLLEGE OF NURSING AND PARAMEDICAL INSTITUTE
Affiliated to Atal Bihari Vajpayee Medical University, Lucknow (UP) - Approved by INC, PCI, New Delhi
Affiliated to U.P. State Medical Faculty, Lucknow (UP), Email : kconbly2012@gmail.com, Web : www.keshlatanursing.com

Nursing Courses
- B.Sc. Nursing (4 Year)
- Post Basic B.Sc. Nursing (2 Year)
- G.N.M (3 Year)
- A.N.M (2 Year)

Paramedical Diploma Courses (2 Year)
- O.T. Technician
- Optometry
- Cardiology
- Physiotherapy
- C.T. Scan

Pharmacy Course (2 Year)
- D. Pharma

Facilities Available
- QCI Rating 'A' Institute
- Scholarship Facility
- Smart Classes
- 100% Placement
- Clinical Training in 1050 Beded Hospital
- Experienced Faculty
- Well Equipped Computer Lab.
- Library
- Modern Specialization Laboratory
- Value Added Courses
- Field Visits
- Wi-Fi & Lush Green Campus
- Hostel
- Education Loan Available

Campus : Keshlata Hospital, Delapeer, Stadium Road, Bareilly-243122
Mob. 9412289231, 9837052422, 7983676609, 6395492431

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals
University Grants Commission of India · Medical Council Of India · Dental Council of India · Pharmacy Council of India · Indian Nursing Council · Uttar Pradesh Nursing & Midwives Council · Association of Indian Universities · Uttar Pradesh State Medical Faculty

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# सपा बनी समाप्तवादी पार्टी, लुप्त हो रही कांग्रेस

## आंवला और बदायूं के पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में दातागंज में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने की जनसभा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



दातागंज के संतोष सिंह मैमोरियल इंटर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते रक्षामंत्री राजनाथ सिंह।

**अमृत विचार :** विधानसभा दातागंज में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप के समर्थन में जनसभा की। बदायूं लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य के पक्ष में भी वोट मांगे। कहा कि सपा समाप्तवादी पार्टी हो गई है। कांग्रेस भी डायनासोर की तरह लुप्त होती जा रही है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया के सर्वोपरि तीन देशों में शामिल होने की बात कही। कहा कि कोराना में हर देश परेशान था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वैज्ञानिकों से सीधे बात की। वैज्ञानिकों ने वैक्सीन तैयार की और सौ देशों को मुहैया कराई। कहा कि सपा की साइकिल की चेन दोबारा मत चढ़ने देना। इस दौरान रक्षामंत्री का गदा देकर, माल्यार्पण करके, भगवान श्रीराम का चित्र देकर स्वागत किया गया।

भारत माता की जय के साथ दातागंज के संतोष कुमार मैमोरियल इंटर कॉलेज के मैदान में रक्षामंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का मस्तक ऊंचा हो रहा है। साल 2014 से पहले दुनिया भारत को गंभीरता से नहीं लेती थी लेकिन आज सभी देश भारत को पूछते हैं। यहीं 21वीं सदी का भारत है। देश पूरी तरह से सुरक्षित है। कोई नापाक हरकत करेगा तो उसकी सीमा में घुसकर भी मार सकते हैं। कहा कि 2008 में मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री थे तो देश की अर्थव्यवस्था विश्व में 11वें स्थान पर थी। नरेंद्र मोदी ने देश का नेतृत्व किया तो देश की अर्थव्यवस्था 5वें स्थान पर आ गई है। 2027 में अर्थव्यवस्था में सबसे ऊपर अमेरिका, चीन और भारत होंगे। 2047 में भारत महाशक्ति बनेगा। कई देशों के कहने के बाद भी रूस-यूक्रेन युद्ध नहीं थम रहा था। वहां पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता ने मोदी से गुहार लगाई। नरेंद्र मोदी ने रूस और यूक्रेन के राष्ट्रपति से बात की। हमारे लिए गौरव की बात है कि साढ़े चार घंटे तक युद्ध रुका रहा। 22 हजार छात्र-छात्राएं भारत लौटे। कहा कि एक समय ऐसा आएगा कि बच्चे पूछेंगे सपा क्या है तो कहेंगे कि समाप्त हो चुकी है। कांग्रेस डायनासोर की तरह विलुप्त होने की कगार पर आ गई है। उन्होंने कहा आंवला से भाजपा प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को वोट दें। साथ ही बदायूं लोकसभा क्षेत्र में रहने वाले अपने परिचित और रिश्तेदारों से भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य को वोट देने को कहें।

पूर्व मंत्री सुरेश राणा, महाराज सिंह, राज्यसभा सांसद मिथलेश, दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह, सदर विधायक महेश गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव गुप्ता, पूर्व विधायक सिनोद शाक्य व प्रेम स्वरूप पाठक, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सिंह, शैलेश पाठक, अशोक भारती, उसावां की चेयरमैन प्रियंका चौहान, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, संतोष सिंह आदि उपस्थित रहे।

### अगले दो साल में सभी के पास होंगे आवास

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आश्वासन दिया कि अगले दो साल में सभी को आवास मिलेंगे। किसी ने सोचा भी नहीं होगा कि शौचालय पर भी कोई ध्यान दे सकता है। भाजपा ने शौचालय बनवाए। पेयजल की व्यवस्था दुरुस्त कराई। राशन के बारे में कहा कि आपको राशन मिलता है। मजाक में कहा कि राशन बेचते भी होंगे। अगले पांच साल तक राशन मिलता रहेगा। 70 साल से उम्र के लोगों को 5 लाख रुपये तक का निशुल्क इलाज मिलेगा। बताया कि अमेरिका के राजदूत ने कहा था कि अगर भविष्य देखना है तो भारत आओ। आश्वासन दिया कि अगर आंवला और बदायूं के प्रत्याशी को रिकार्ड वोटों से जिताओगे तो वह जनता का धन्यवाद देने दोबारा आएंगे। जनता के साथ बैठकर दाल-चावल खाएंगे। उन्होंने 35 मिनट तक जनता को संबोधित किया।

# सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा हुआ बाहुबली धनंजय सिंह

बरेली कार्यालय

- काफिले में शामिल रहीं काले रंग की सभी 26 गाड़ियां

**अमृत विचार :** जौनपुर के बाहुबली पूर्व सांसद धनंजय सिंह को बुधवार सुबह 8:15 बजे सेंट्रल जेल से जमानत पर रिहा किया गया। जिसके बाद धनंजय अपने समर्थकों के साथ 26 गाड़ियों के काफिले के साथ जौनपुर के लिए रवाना हो गया। काफिले में शामिल सभी गाड़ियां काले रंग और 9777 नंबर की थीं। जेल से रिहा होते ही समर्थकों ने नारेबाजी की।

बता दें कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को अपहरण और रंगदारी मांगने के आरोप में सात साल की सजा सुनाई गई है। उसे पिछले शनिवार को जौनपुर जिला जेल से बरेली की सेंट्रल जेल में ट्रांसफर किया गया था। उसकी जमानत शनिवार को ही हाईकोर्ट से हो गई थी लेकिन कागजात बरेली जेल प्रशासन को न मिलने से उसकी रिहाई नहीं हो सकी थी। बुधवार की सुबह जेल प्रशासन को उसके रिहाई के कागजात मिले। जिसके बाद उसे रिहा कर दिया गया। इस दौरान धनंजय ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उस पर मुकदमे राजनीति के तहत दर्ज कराए गए हैं।

उसने कहा कि उसकी पत्नी श्रीकला रेड्डी बसपा से जौनपुर लोकसभा चुनाव लड़ रही हैं। वह यहां से जौनपुर जाएंगे। जेल डीआईजी कुंतल किशोर ने बताया कि पूर्व सांसद धनंजय सिंह को रिहाई के कागजात मिलने पर बुधवार सुबह रिहा कर दिया गया।

# कम दाने पर भी मुर्गियों में प्रोटीन की कमी पूरी करेगा कैरी बूस्ट

बरेली कार्यालय

- केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान की प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दिव्या के नेतृत्व में टीम ने तैयार किया उत्पाद

**अमृत विचार :** तापमान बढ़ते ही मुर्गियों में तनाव का स्तर बढ़ जाता है। इस वजह से मुर्गियां दाना खाने में कमी करती हैं, जिससे शरीर को मिलने वाले पोषण में कमी आ जाती है। कई बार आवश्यक पोषण नहीं मिलने से मुर्गियों की मौत तक हो जाती है। इस समस्या को दूर करने के लिए केंद्रीय पक्षी अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिकों ने कैरी बूस्ट तैयार किया है, जिसे उनके दाने में मिलाकर देने से कम खाने पर भी उनके शरीर में प्रोटीन, मिनिरल्स की कमी नहीं होगी। इस उत्पाद के पेटेंट का काम जारी है।

प्रधान वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ने डॉ. चंद्रदेव, डॉ. अभिषेक विश्वास, डॉ. जयदीप रोकड़े, डॉ. सुदीप सरन के साथ इस प्रोजेक्ट पर 2023 में काम शुरू किया। डॉ.दिव्या ने बताया कि संस्थान की ओर से विकसित ब्रायलर की कैरी विशाल, कलर ब्रायलर और कॉमर्शियल वैरायटी कॉप-400 पर अध्ययन किया। उन्होंने प्रोटीन के लिए पेट्रोलियम बाईप्रॉडक्ट, एंटीऑक्सिडेंट सोर्स के लिए फलों के छिलके, कैल्शियम के लिए वेस्ट मटेरियल का इस्तेमाल किया। इन्हें लैब में निर्धारित मात्रा व सामान्य तापमान में रखकर तैयार कर मिश्रण को फार्मर फ्रेंडली क्रम्बल के रूप में तैयार किया। इसके फील्ड ट्रायल के लिए संस्थान के फार्म, फरीदपुर और मल्लपुर में प्रयोग किया। प्रयोग के दौरान वैज्ञानिकों ने विभिन्न ग्रुप में कैरी बूस्ट को खिलाकर उनमें वृद्धि देखी। जिनमें सर्वाधिक वृद्धि 10-15 प्रतिशत दाने में 8 ग्राम कैरी बूस्ट मिलाकर देने पर पाई गई। उन्होंने बताया कि कैरी बूस्ट का इस्तेमाल करने से पालक दाने में आने वाली लागत को कम कर आर्थिक रूप से मजबूत होंगे, साथ ही मुर्गियों में रोग प्रतिरोधक क्षमता, शारीरिक वृद्धि, पोषण व तनाव के स्तर को भी कम करने में सहायक होगा। निदेशक डॉ. अशोक कुमार तिवारी ने बताया कि संस्थान का उद्देश्य किसानों की लागत कम कर उनकी आय को बढ़ाना है। कैरी बूस्ट इस पर खरा उतरता है।

### शोधार्थियों को बैंक से आधार कराना होगा लिंक

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय में एनएफएससी और एनएफओबीसी स्कॉलरशिप लेने वाले शोधार्थियों को उनके कैनरा बैंक के अकाउंट से आधार कार्ड नंबर लिंक कराना होगा। शोध निदेशक प्रो . सुधीर कुमार ने बताया कि शोधार्थी 15 मई तक बैंक में जाकर आधार कार्ड नंबर अपडेट करा लें नहीं तो उनकी स्कॉलरशिप रोकी जा सकती है।

### राज्यरानी एक्सप्रेस में महिला को पड़ा दिल का दौरा

**बरेली, अमृत विचार :** राज्यरानी एक्सप्रेस में बुधवार को एक बुजुर्ग महिला को दिल का दौरा पड़ गया। उसे बरेली जंक्शन पर उतारा गया। यहां से परिजन उन्हें अस्पताल लेकर गए। आरपीएफ के मुताबिक 22454 राज्यरानी एक्सप्रेस के कोच संख्या बी-2 में एक बुजुर्ग महिला की तबीयत बिगड़ गई। परिवार वालों ने बताया कि महिला को दिल का दौरा पड़ा है।

### एलएलएम, बीसीए, बीलिब के फार्म 8 मई तक भरें

**बरेली, अमृत विचार :** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने एलएलएम, बीसीए, बीलिब समेत कई पाठ्यक्रमों के परीक्षा फार्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक विश्वविद्यालय परिसर और महाविद्यालयों में संचालित एलएलएम, बीबीए पुराना पाठ्यक्रम, बीसीए, बीलिब, एमलिब, एमएसडब्ल्यू, पीजीडीसीए, बीकॉम वित्त एवं वित्तयी सेवा के सम सेमेस्टर के संस्थागत, भूतपूर्व और बैक परीक्षा के फार्म भरने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी। अब छात्र 8 मई तक ऑनलाइन फार्म भरने के साथ महाविद्यालय में जमा कर सकते हैं। महाविद्यालयों को 9 मई तक भरे हुए फार्म सत्यापित करने होंगे।

### मथुरा कैंट तक ही चलेगी टनकपुर स्पेशल ट्रेन

बरेली, अमृत विचार : पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर मंडल ने 05062 और 05061 टनकपुर-मथुरा जंक्शन-टनकपुर स्पेशल ट्रेन को शार्ट टर्मिनेट और ओरजिनेट किया है। पिछले दिनों इस ट्रेन का अवधि विस्तार 31 दिसंबर तक किया गया था। इज्जतनगर रेल मंडल के पीआरओ राजेंद्र सिंह ने बताया कि 05062 टनकपुर-मथुरा जंक्शन स्पेशल ट्रेन 31 दिसंबर तक मथुरा कैंट स्टेशन पर यात्रा समाप्त करेगी, जबकि 05061 मथुरा जंक्शन-टनकपुर स्पेशल ट्रेन 31 दिसंबर तक मथुरा कैंट स्टेशन से चलाई जाएगी।

### चालक और परिचालक कर रहे गेहूं की कटाई

**बरेली ,अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के बरेली और रुहेलखंड डिपो के 30 से अधिक संविदा चालक और परिचालक लंबे समय से गैरहाजिर चल रहे हैं। विभाग ने उन्हें ड्यूटी पर वापस आने के लिए नोटिस भी जारी किए लेकिन नहीं आए। जब अधिकारियों ने फोन कर जानकारी ली गई तो पता चला के अधिकांश गेहूं की कटाई में लगे हुए हैं और कटाई पूरी होने के बाद ही ड्यूटी ज्वाइन करेंगे। ऐसे में अब उन्हें अंतिम नोटिस देकर उनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएंगी। गैरहाजिर चालकों और परिचालकों की वजह से बसों का संचालन भी प्रभावित हो रहा है। इसकी वजह से अब परिवहन निगम के अधिकारियों ने बरेली और रुहेलखंड डिपो में संविदा पर चालक रखने के लिए आवेदन मांगे हैं। इसके लिए चालक के पास दो साल पुराना हैवी ड्राइविंग लाइसेंस हो। इसके अलावा उसकी हाइट पांच फिट तीन इंच से अधिक और वह आठवीं पास हो।

### चौदहवें दिन भी ट्रेनों के लिए यात्री करते रहे इंतजार

**बरेली ,अमृत विचार :** हरियाणा-पंजाब बार्डर पर किसान आंदोलन की वजह से लगातार चौदहवें दिन ट्रेनों का संचालन प्रभावित रहा। बरेली जंक्शन पर बुधवार को भी कई ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंची और यात्री इंतजार करते रहे ।बुधवार को 12331 हिमगिरी एक्सप्रेस तीन घंटे, 12470 जम्मूतवी कानपुर सेंट्रल आठ घंटे 32 मिनट, 15098 अमरनाथ 13 घंटे 48 मिनट, 13005 पंजाब मेल तीन घंटे 19 मिनट, 13152 सियालदह आठ घंटे, 13307 गंगा सतलुज नौ घंटे 22 मिनट, 14618 जनसेवा चार घंटे 19 मिनट, 14674 शहीद दो घंटे 38 मिनट, 14649 सरयू यमुना चार घंटे 28 मिनट, 04682 जम्मूतवी कोलकाता समर स्पेशल सात घंटे 41 मिनट और 22318 सियालदह हमसफर एक्सप्रेस तीन घंटे 34 मिनट की देरी से बरेली जंक्शन पहुंची। ट्रेनों के इंतजार में जंक्शन के प्लेटफार्म और वेटिंग हॉल में यात्रियों को घंटों अपना वक्त गुजारना पड़ा।

# जानलेवा हमले के दोषी मां बेटों को तीन साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** गाली-गलौज करने और हत्या की कोशिश के 11 साल पुराने मामले में आरोपी मां-बेटों को जिला सत्र न्यायाधीश पंकज कुमार अग्रवाल ने तीन साल की सजा सुनाई और सात-सात हजार रुपये जुर्माना लगाया है। जिसकी आधी धनराशि वादी को देने का आदेश दिया गया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार जिला संभल के गांव कुहेरा के नत्थूलाल ने 18 अप्रैल 2013 को पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह अपने परिवार के साथ घर पर बैठे थे। इसी दौरान महेंद्र, नेत्रपाल, राधेश्याम पुत्र रघुनाथ और उनकी मां हरदेई आ गए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने विरोध किया तो उन लोगों ने लाठी-डंडे और सरिया से पीटना शुरू कर दिया। उनका सिर फोड़ दिया। पुलिस ने विवेचना के बाद आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की।

# खंभे पर करंट से भैंस की मौत पर ग्रामीणों का हंगामा

संवाददाता, नूरपुर पिनौनी



खंभे के पास भरा कीचड़ और पानी।

- ग्रामीणों ने बिजली विभाग से खंभे से करंट दूर करने की मांग की, जताई नाराजगी

**अमृत विचार :** नूरपुर पिनौनी में खंभे में करंट से एक भैंस की मौत हो गयी। भैंस के मरने के बाद ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा किया।

गांव में स्वास्थ्य केन्द्र के पास सड़क किनारे बिजली का खंभा लगा है। यह खंभा कीचड़ में है। यहां पर गांव का गंदा पानी भरा रहता है जिससे खंभे पर करंट आ जाता है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत पूर्व में डीएम रहीं दीपा रंजन से शिकायत की थी और यहां से खंभे को हटाने की मांग की थी मगर खंभा नहीं हटाया गया। गांव के टिंकू शर्मा बुधवार को अपनी भैंस चराने ले जा रहे थे।

भैंस खंभे की चपेट में आ गयी जिससे उसकी करंट से मौत हो गयी। भैंस की मौत हो जाने पर ग्रामीणों ने बिजली विभाग के खिलाफ हंगामा किया और रिपोर्ट दर्ज कराने को कहा। ग्रामीणों ने कहा कि ग्राम प्रधान कार्यवाही कराएं। ग्रामीणों ने कहा कि अब वह लोग जिलाधिकारी कार्यालय पर जाकर इसकी शिकायत करेंगे। बिजली विभाग कर्मचारियों को भी अब गांव में नहीं घुसने दिया जाएगा।

# आग से झुलसी विवाहिता ससुरालीजनों पर आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



जिला अस्पताल में भर्ती भारती।

**अमृत विचार :** शहर के एक निजी अस्पताल में मंगलवार रात आग से झुलसी महिला को भर्ती किया गया। महिला ने दहेज के लिए ससुरालीजनों पर आग लगाकर जान से मारने की कोशिश का आरोप लगाया।

सिविल लाइन क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर की लालता प्रसाद ने बताया कि उनकी बेटी भारती की शादी गांव गालम पट्टी निवासी धर्मवीर पुत्र विक्रम सिंह के साथ साल 2013 में हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ही ससुरालीजन प्रताड़ित कर रहे हैं। एक मार्च को भारती ने एसएसपी को प्रार्थना पत्र दिया था कि उसके पति, ससुर, जेठ मारपीट करके दहेज मांगते हैं। मांग पूरी न होने पर तरह-तरह से प्रताड़ित करते हैं। पिता ने बताया कि एक दिन दामाद धर्मवीर व जेठ धर्मेंद्र भारती को मायके के बाहर ई-रिक्शा से छोड़ गए। शिकायत करने पर महिला थाना में दोनों पक्षों में समझौता हुआ था। 29 अप्रैल को भारती को तकरीबन 80 प्रतिशत जली स्थिति में जिला अस्पताल में भर्ती कराया। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई थी। जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# विश्वविद्यालय के अधिकारियों और कर्मियों का वेतन जारी

**बरेली, अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों और कर्मचारियों का वेतन बुधवार को जारी कर दिया गया। वेतन रुकने की आंशका से परेशान कर्मचारियों ने राहत की सांस ली। वेतन कुलपति प्रो. केपी सिंह के आदेश पर वित्त अधिकारी ने जारी किया है। इसमें प्रभारी कुलसचिव सुनीता यादव ने हस्ताक्षर किए हैं। जबकि कुछ दिनों पहले कुलसचिव अजय कृष्ण यादव ने वित्त अधिकारी को पत्र लिखा था, जिसमें सुनीता यादव के सभी आदेश को गलत बताते हुए कहा था कि कर्मचारियों का वेतन उनके सत्यापन के बाद ही जारी किया जाए। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले कुछ महीने से वेतन देरी से आ रहा था लेकिन इस बार पहली ही तारीख में आ गया।

बदायूं लोकसभा सीट

# सपा को अपने ही गढ़ में मिल रही है बड़ी चुनौती

भाजपा तीसरी बार मैदान जीतने के लिए लगा रही पुरजोर ताकत, बसपा अभी तक नहीं खोल सकी खाता इस बार दिया है मुस्लिम प्रत्याशी

**6.5** लाख मुस्लिम-यादव मतदाता सपा का मजबूत वोट बैंक

ऋषिदेव गंगवार, बदायूं


**अमृत विचार :** सपा का गढ़ कही जाने वाली बदायूं लोकसभा सीट 2019 में भाजपा की झोली में आई थी। इससे पहले 1991 में चिन्मयानंद भाजपा से जीते थे। इसके अलावा भाजपा को बदायूं सीट पर कभी जीत नसीब नहीं हुई है। इस बार के चुनाव में पार्टी तीसरी बार मजबूती से चुनौती दे रही है। संसदीय क्षेत्र के लगभग साढ़े छह लाख यादव व मुस्लिम वोटों को सपा अपने पक्ष में मानती है। इसके मुकाबले भाजपा उम्मीदवार केंद्र और प्रदेश सरकार की योजनाएं गिनाकर हर वर्ग को अपने पक्ष में करने का भरसक प्रयास कर रहे हैं। बसपा प्रत्याशी ने पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की जनसभा के बाद प्रचार तेज कर दिया है। वह सपा के मुस्लिम फैक्टर को प्रभावित कर रहे हैं, जिसे भाजपा अपने लिए जीत का समीकरण मान रही है। भाजपा प्रत्याशी दुर्विजय सिंह शाक्य स्थानीय हैं। वह विकास क्षेत्र समरेर के गांव ब्राह्मपुर के निवासी हैं। उनका क्षेत्र से अच्छा जुड़ाव है। वह स्थानीय भाषा में संबोधित करके लोगों को अपना बना रहे हैं। इसके अलावा भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष बनने के बाद वह कई बार जिले में आए। वहीं सपा नेता शिवपाल सिंह यादव के पुत्र आदित्य यादव यहां से पहली बार चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें क्षेत्र के लोगों से ही यहां की जानकारी मिल रही है। ऐसे में वह पिता के अनुभव से लोगों को साथ रहे हैं। बसपा प्रत्याशी मुस्लिम खां विधायक रह चुके हैं। मुसलमानों में उनकी पकड़ अच्छी है।

### स्वामी चिन्मयानंद भी रह चुके हैं सांसद

- बदायूं लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। 1991 के चुनाव में भाजपा के प्रत्याशी स्वामी चिन्मयानंद ने जीत हासिल की। इसके बाद 2014 तक लगातार सपा का कब्जा रहा। 2019 में भी सपा प्रत्याशी धर्मेंद्र यादव ने 492898 वोट लेकर अच्छी टक्कर दी लेकिन वह 511352 वोट पाने वाली भाजपा प्रत्याशी डॉ. संघमित्रा मौर्य से हार गए। बदायूं सीट पर बसपा अभी तक खाता नहीं खोल सकी है।
- बदायूं लोकसभा क्षेत्र में यादव मतदाता 3 .50 लाख और मुस्लिम मतदाता 3 लाख माने जाते हैं। सपा को इसी यादव और मुस्लिम वोट से आस है। इनकी सबसे ज्यादा संख्या गुन्नौर और सहसवान विधानसभा में हैं। जिसके चलते सपा और भाजपा की इन विधानसभा क्षेत्रों में ज्यादा नुक्कड़ सभाएं हुई हैं। बसपा प्रमुख मायावती भी जनसभा कर चुकी हैं।

### विधानसभा वार मतदाता

| | |
|---|---|
| बिसौली | 429943 |
| सहसवान | 425200 |
| बिल्सी | 356006 |
| बदायूं | 379964 |
| गुन्नौर | 413591 |



**02** लाख मौर्य जाति के मतदाता भी इस सीट पर निर्णायक भूमिका में होते हैं

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| यादव | 3 .50 लाख |
| मुस्लिम | 3 लाख |
| मौर्य | 2 लाख |
| दलित | 1.8 लाख |
| क्षत्रिय | 1.3 लाख |
| वैश्य | 1.4 लाख |
| ब्राह्मण | 1.6 लाख |
| लोध राजपूत | 75 हजार |
| कश्यप | 55 हजार |
| साहू | 50 हजार |
| पाल | 40 हजार |
| अन्य | 3 लाख |

### मंडल में मुस्लिम प्रत्याशी न होने पर बदल सकता है समीकरण

- मुसलमान और यादवों को अपना बताने वाली सपा ने एक भी मुस्लिम प्रत्याशी नहीं उतारा है। जिससे सपा का जातीय समीकरण गड़बड़ा सकता है। सपा के राष्ट्रीय महासचिव व पांच बार के सांसद सलीम इकबाल शेरवानी और राष्ट्रीय सचिव आबिद रजा ने इसे लेकर खिलाफत भी की थी। दोनों नेताओं ने अपने पद से इस्तीफा दिया था। सपा मुखिया ने आबिद का इस्तीफा नामंजूर कर दिया था। सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल सिंह की जिले में आमद हुई तो सबसे पहले उन्होंने नाराज नेताओं को पकड़ा। दोनों नेताओं से अपने बेटे के कार्यालय का उद्घाटन कराया। इसके अलावा सपा से नाराज चल रहे अन्य मुस्लिम नेताओं को मना रहे हैं।



दुर्विजय सिंह शाक्य, भाजपा प्रत्याशी।



मुस्लिम खां बसपा प्रत्याशी।



आदित्य यादव सपा प्रत्याशी।

### 17 चुनाव में छह बार सपा दो बार भाजपा की हुई जीत

- 1951 – बदन सिंह , कांग्रेस
- 1957 – रघुवीर सहाय, कांग्रेस
- 1962 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1967 – ओंकार सिंह, बीजेएस
- 1971 – करन सिंह, कांग्रेस
- 1977 – ओंकार सिंह, लोकदल
- 1980 – असरार अहमद, कांग्रेस
- 1984 – सलीम इकबाल शेरवानी, कांग्रेस
- 1989 – शरद यादव, जनता दल
- 1991 – चिन्मयानंद, भाजपा
- 1996 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 1998 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 1999 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा
- 2004 – सलीम इकबाल शेरवानी, सपा

### सहसवान और गुन्नौर के वोटरों में सेंधमारी की कोशिश

- सपा बदायूं सीट पर जिले की सहसवान विधानसभा क्षेत्र और जिला संभल के गुन्नौर से जीतती आई है। इस बार भी सपा को पूरी उम्मीद है कि इन क्षेत्रों में उसका परचम लहराएगा। वहीं भाजपा इन सीटों पर सेंधमारी की कोशिश कर रही है। पूर्व मंत्री अजीत यादव उर्फ राजू की मां व गुन्नौर की दो बार की विधायक पुष्पा यादव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा में भाजपा प्रत्याशी को जिताने का आह्वान कर चुकी हैं। उन्होंने कहा था कि यादवों गुमराह मत होना। शिवपाल सिंह यादव के घर के व्यक्ति को वोट मत देना।

### 2009 में कौन जीता

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 2,33,744 |
| डीपी यादव | बसपा | 2,01,202 |

### 2014 का परिणाम

| | | |
|---|---|---|
| धर्मेंद्र यादव | सपा | 4,98,378 |
| वागीश पाठक | भाजपा | 3,32,031 |



# रॉबर्ट्सगंज में सपा व अपना दल का चेहरा तय नहीं

- 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल को मिली थी इस सीट पर जीत
- बसपा ने उम्मीदवार उतारा, सपा कर रही है जिताऊ प्रत्याशी के नाम पर मंथन

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** सोनभद्र की चार और चंदौली जिले की एक सीट को मिलाकर बनाई गई रॉबट्सगंज संसदीय सीट पर 2019 में भाजपा की सहयोगी अपना दल एस ( अद एस) के पकौड़ी लाल कोल जीते थे। इस बार पकौड़ी लाल को टिकट मिलेगा या नहीं अभी तय नहीं है। इंडिया गठबंधन की प्रमुख सहयोगी पार्टी सपा भी अपना दल के उम्मीदवार का इंतजार कर रही है। वैसे सपा भी किसी कोल जाति के ही चेहरे को मैदान में उतारेगी। वह चेहरा कौन होगा यह पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ही तय करेगा फिलहाल स्थानीय इकाई ने तीन नामों का पैनल भेजा है। वैसे भी इस सीट पर मुकाबला कड़ा होने की उम्मीद है क्योंकि बसपा भी यहां मजबूत स्थिति में है। पार्टी ने धनेश्वर गौतम को उम्मीदवार बनाया है।

**अपना दल बदल सकती है उम्मीदवारः** इस बात के कयास लगाए जा रहे हैं कि अपना दल एस इस सीट से अपने उम्मीदवार को बदल सकती है। हालांकि पार्टी नेतृत्व अभी खुलकर नहीं बोल रहा है। उम्मीदवार की घोषणा कभी हो सकता है। नेतृत्व की ओर से कई नामों पर चर्चा की जा रही है। हालांकि सांसद पकौड़ी लाल कोल भी टिकट को पक्का करने को लेकर संघर्षरत हैं। कहा तो यहां तक जा रहा है कि अगर अपना दल उनका टिकट काटती है तो सपा उन्हें फिर से मौका दे सकती है। वह 2014 में भी सपा के टिकट पर लड़े थे लेकिन तीसरे नंबर पर रहे थे तब बसपा को यहां दूसरा स्थान मिला था।

**मतदाताओं ने हर दल को दिया मौकाः** इस संसदीय क्षेत्र के मतदाताओं ने लोकसभा चुनाव में कांग्रेस, भाजपा, सपा, बसपा हर दल के उम्मीदवार को सांसद बनाकर दिल्ली भेजा। 1989 की राम लहर में भाजपा ने इस सीट को जीता था लेकिन जब 1991 में प्रचंड राम लहर थी तब यहां से जनता दल को जीत मिली। पार्टी के राम निहोर राय यहां से सांसद बनने में कामयाब हो गये थे। 1977 में जनता पार्टी का भी परचम लहरा चुका है। बसपा ने पहली बार 2004 में इस सीट को जीता था लेकिन 2007 में उप चुनाव हुआ। हालांकि बसपा का उम्मीदवार फिर जीता लेकिन इसके बाद से बसपा को कभी जीत नसीब नहीं हुई। 1989 में हार के बाद कांग्रेस के उम्मीदवारों को भी सांसद बनने का मौका नहीं मिला।

### 2019 का जनादेश

| पार्टी | उम्मीदवार | मिले मत |
|---|---|---|
| अपना दल एस | पकौड़ी लाल कोल | 4,47,914 |
| सपा | भाई लाल | 3,93,578 |

### भाजपा लगा चुकी है जीत की हैट्रिक

- कांग्रेस के बाद भाजपा के उम्मीदवार को ही यहां से हैट्रिक लगाने का मौका मिला। 1962, 1967 व 1971 में कांग्रेस के राम स्वरूप ने हैट्रिक लगाई थी जबकि 1996, 1998 और 1999 में भाजपा के राम सकल लगातार तीन चुनाव जीते। 2008 में जब परिसीमन बदला तो इस सीट पर सपा के पकौड़ी लाल कोल पहली बार सांसद बने। बाद में वे अपना दल एस में शामिल हुए और 2019 में उन्हें पुनः सांसद बनने का मौका मिला। वैसे तो 2014 में भाजपा ने यह सीट जीती थी लेकिन 2019 में यह सीट उसने अपनी सहयोगी अपना दल को दे दिया था।

रिश्ता जोड़ा



आसाम के ढुबरी में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने जनसभा के दौरान केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। नेताओं ने उनका सम्मान किया।

# भाजपा की हैट्रिक रोकने की तैयारी

इटावा संसदीय सीट

- 2014 में अशोक कुमार दोहरे और 2019 में डॉ. रामशंकर कठेरिया जीते
- सपा ने जितेंद्र दोहरे और बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल पर लगाया दांव

बीरेश मिश्रा, इटावा

**अमृत विचार।** इटावा संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई काफी रोमांचक है। भाजपा जहां इस सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने को बेताब दिख रही है तो बसपा और सपा उसकी जीत को रोकने के लिए पूरा प्रयास कर रही हैं। इस संसदीय क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें हैं। इनमें से तीन पर भाजपा और दो पर सपा का कब्जा है। इटावा, औरेया और सिकंदरा सीट पर भाजपा तो भरथना और दिबियापुर सीट पर सपा के विधायक हैं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट पर जीत के लिए रात दिन एक कर दिया है तो पांच मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी यहां जनसभा कर मतदाताओं को अपनी गारंटी के बारे में बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां जनसभा कर चुके हैं। बसपा मुखिया मायावती की भी सभा होने की उम्मीद है।

2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा ने सांसद अशोक कुमार दोहरे का टिकट काट दिया था और डॉ. राम शंकर कठेरिया को मैदान में उतारा था। तब सपा से कमलेश कुमार मैदान में थे। कांग्रेस ने अशोक कुमार दोहरे को टिकट दिया। सपा- बसपा गठबंधन के बाद भी भाजपा यह सीट जीतने में कामयाब हो गई थी। राम शंकर कठेरिया को 5,22,119 मत तो सपा के कमलेश कुमार को 4,57,682 वोट प्राप्त हुए थे। जबकि अशोक कुमार दोहरे को तीसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा था। इस बार सपा ने जितेंद्र दोहरे तो बसपा ने पूर्व सांसद सारिका सिंह बघेल को मैदान में उतारा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ ही शिवपाल यादव भी इस सीट को जीतने के लिए दिन रात एक किए हुए हैं। रामशंकर कठेरिया को अपने काम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा है। 1991 के चुनाव में बसपा के संस्थापक कांशीराम यहां से सांसद बने थे। 1998 में भाजपा को पहली बार इस सीट पर जीत मिली थी। तब सुखदा मिश्रा सांसद बनीं थीं। सपा ने 1999 और 2004 के और 2009 में जीत दर्ज की।



विक्ट्री निशान

पूर्वी दिल्ली से भाजपा उम्मीदवार हर्ष मल्होत्रा ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ रोड शो करके नामांकन किया। उन्होंने समर्थन की अपील की।

# 'संविधान बचाओ ' का नारा क्या धीरे–धीरे बनने लगा चुनावी मुद्दा

- इंडिया गठबंधन लगातार चुनावी रैलियों और भाषणों में इस मुद्दे को उठाकर आगाह कर रहा
- भाजपा के 400 पार नारे को विपक्ष के नेता संविधान बदलने से जोड़कर कर रहे हमला

राजपुरुष

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में 'लोकतंत्र बचाओ' या फलाने को हटाओ और देश बचाओ का नारा काफी पुराना है, जनता से वोट मांगने के लिए इस तरह के नारों का इस्तेमाल चुनावी बयानों, सभाओं और रैलियों में पक्ष-विपक्ष दोनों तरफ से खूब होता रहा है।

इसी तरह सत्ताधारी पार्टी के खिलाफ प्रचार में लोकतंत्र के साथ संविधान बचाने की बात भी नेताओं द्वारा पहले भी कही जाती रही है। लेकिन इस बार 'संविधान बचाओ' का नारा जिस तरह इंडिया गठबंधन और उसमें शामिल दलों के नेताओं द्वारा एक स्वर में बुलंद किया जा रहा है, वैसा पहले नहीं देखा गया।

इंडिया गठबंधन की ओर से लोकसभा चुनाव से पहले ही मोदी सरकार के खिलाफ 'संविधान बचाओ' को मुद्दा बनाने के प्रयास शुरू कर दिए गए थे। वामपंथी दल इसे लेकर पहले ही मुखर थे। कांग्रेस ने संविधान बचाओ मुहिम की अगुवाई की, तो सपा, राष्ट्रीय जनता दल, द्रुमुक, शिवसेना उद्धव ठाकरे, राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी शरद पवार और आम आदमी पार्टी जैसे दल भी खुलकर साथ आ गए। यह इस मुद्दे की सर्व व्यापकता का असर रहा कि ममता बनर्जी की तृण मूल कांग्रेस और मयावती की बहुजन समाज पार्टी जो कि इंडिया गठबंधन की हिस्सा नहीं थीं, उन्होंने भी मोदी सरकार से संविधान को बचाने के मुद्दे को धार देना शुरू कर दिया।



### झूठ और भ्रमजाल के सिवाय और कुछ नहीं

- कांग्रेस नेता और राहुल गांधी बार–बार यह बात कह कह रहे हैं कि भाजपा इसीलिए 400 सीट चाहती है ताकि वह संविधान को बदल सके। आरक्षण को खत्म कर सके। इसके जवाब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीभी बार–बार कह रहे हैं कि संविधान को कोई माई का लाल बदल नहीं सकता है। कांग्रेस सत्ता में आ गई तो वह जरूर एससी–एसटी और ओबीसी का आरक्षण छीनकर मुसलमानों को दे देगी। फिलहाल इस मुद्दे को देश भर में नेता भुनाने में लगे हैं। सवाल यह भी है कि सामाजिक न्याय के लिए जाति जनगणना की बात करने वाली कांग्रेस ने यूपीए सरकार में जातिगत गणना नहीं कराई। यहां तक कि राजस्थान और छत्तीसगढ़ में उसकी सरकार ने भी कभी इस ओर कदम नहीं उठाया। कर्नाटक में जाति जनगणना हुई पर उसकी रिपोर्ट प्रकाशित नहीं हो सकी है। संपत्ति बंटवारे के लिए सीलिंग एक्ट कांग्रेस के समय में आया। संपत्ति को मौलिक अधिकार से बाहर करने के लिए संविधान संशोधन करने का प्रयास भी कांग्रेस राज में हुआ

बात आगे बढ़ी और भाषणों से होती हुई सोशल मीडिया के माध्यम से डिजिटल प्लेटफार्म तक पहुंची तो एनडीए गठबंधन की तरफ से इसका जवाब आना ही था। अब तो चुनाव में एनडीए और इंडिया गठबंधन दोनों ही ओर से संविधान बचाने के नाम पर एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप के बीच लगातार अपना-अपना नैरेटिव सेट करने की कोशिश की जा रही है।

हालांकि दोनों प्रमुख गठबंधनों के घात-प्रतिघात में आम मतदाता अभी यह तक यह बात पूरी तरह से समझने में विफल है कि आखिर वह कौन से कारण हैं, जिनके चलते सत्ता पक्ष से संविधान खतरे में है, और संविधान को बचाना क्यों और कितना जरूरी है। दरअसल, जो कोई राजनीतिक दल विपक्ष में रहता है, उसे चुनाव आने पर संविधान बचाने की चिंता ज्यादा ही सताने लगती है। अब आम चुनाव के तीसरे चरण में पहुंचने के साथ फिलहाल इतना तो नजर आ रहा है कि देश में संविधान बचाने का मुद्दा चुनावी हथियार की शक्ल लेने की तरफ बढ़ गया है। चर्चा दोनों पक्षों में होने लगी है।

एक तरफ इंडिया गठबंधन यह बताने में लगा है कि भाजपा 400 पार का नारा इसलिए लगा रही है कि ऐसा होने पर वह देश में बहुत से कानूनों को बदलने में सक्षम हो सके। साफ नजर आ रहा है कि बाबा साहेब आंबेडकर के बनाए संविधान से छेड़छाड़ की बात फैलाकर दलितों और अति पिछड़े वर्ग को गोलबंद करने की कोशिश की जा रही है।

आम आदमी पार्टी और झारखंड मुक्ति मोर्चा जिनके मुख्यमंत्री जेल में हैं, उन दलों की आवाज को राष्ट्रीय स्वर देकर यह कहा गया कि ईडी-सीबीआई जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर सरकार मनमानी कर रही है। इस चुनावी अभियान में नैतिकता और अनैतिकता की बात पीछे छूट गई। विपक्ष लगातार यही बात फैलाने में लगा है कि भाजपा सरकार वापस आती है तो कमजोर वर्गों के आरक्षण पर तलवार चल सकती है। उधर, भाजपा भी कांग्रेस के घोषणा पत्र के सहारे हमलावर है कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो अनुसूचित जातियों और पिछड़ों के आरक्षण में मुस्लिम लोगों को भी हिस्सा दे दिया जाएगा। अब ऐसे में जबकि अभी चार चरणों का चुनाव बाकी है, यह देखने वाली बात होगी कि जनता इन बातों और संविधान बचाओ के मुद्दे से कब और कितना प्रभावित हुई है।



### मुद्दे को धार देने के लिए संविधान की प्रति लेकर पर्चा भरा तनुज पुनिया ने

- संविधान बचाने की शपथ और रामनामी का पटका ओढ़कर बाराबंकी सुरक्षित लोकसभा सीट पर इंडिया गठबंधन से कांग्रेस के प्रत्याशी तनुज पूनिया अपना नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंच गए। संविधान बचाओ की मुहिम को लेकर चुनावी मैदान में उतरे तनुज पूनिया पर्चा भरने के लिए अपने साथ संविधान की प्रति लेकर भी आए थे।



### सपा की युवा प्रत्याशी भी भाजपा के खिलाफ संविधान को बना रहीं हथियार

- सपा की सबसे युवा प्रत्याशी प्रिया सरोज मछलीशहर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं। यहां उनके पिता और पूर्व सांसद तुफानी सरोज विधायक हैं। कानून में स्नातक पिरया कह रही हैं कि संविधान को बचाना उनके चुनाव अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, क्योंकि वह उस भाजपा से मुकाबला कर रही हैं, जो विपक्ष को ही खत्म करना चाहती है। अगर भाजपा सत्ता में वापस आती है, तो संविधान की बुनियादी संरचना को बदल देगी।

अर्थागमो नित्यमरोगिता च प्रिया च भार्य प्रियवादिनी च ।
वश्यश्च पुत्रोऽर्थकरी च विद्या षट् जीवलोकस्य सुखानि राजन् ॥

धन प्राप्ति, स्वस्थ जीवन, अनुकूल पत्नी, मीठा बोलने वाली पत्नी, आज्ञाकारी पुत्र तथा धनार्जन करने वाली विद्या के ज्ञान से छह बातें संसार में सुख प्रदान करती हैं ।

## संपादकीय

# संघर्ष विराम का समय

गाजा में हर दिन हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं। राफा पर इजराइल के सैन्य हमले से संघर्ष में वृद्धि होगी और इसके कारण हजारों फिलिस्तीनी नागरिक मारे जाएंगे। शीघ्र ही अगर युद्ध विराम समझौता नहीं किया गया तो यह युद्ध गाजा में चौतरफा विनाश और भीषण परिणामों के साथ, पूरे क्षेत्र में और भी भयंकर नतीजों के साथ फैल जाएगा। गाजा में युद्ध 7 अक्टूबर 2023 को उस समय भड़का था, जब हमास ने इसराइल के दक्षिणी इलाके में घातक हमला किया था जिसमें लगभग 1200 लोग मारे गए थे। उसके बाद इजराइली सैन्य हमलों में 34,000 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं, जिनमें से अधिकांश नागरिक हैं और 73 हज़ार से अधिक घायल हुए हैं, जिनमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुटेरेस ने एक बार फिर इजराइल और हमास से युद्ध विराम के लिए सहमति की अपील की है। गुटेरेस की यह अपील ऐसे समय में जारी की गई है जब इजराइल और हमास के बीच युद्ध विराम समझौते के लिए बातचीत चल रही है। उधर युद्ध विराम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन बुधवार को इजरायल पहुंच गए हैं। हमास और इजरायल के बीच युद्ध छिड़ने के बाद से एंटनी ब्लिंकन की यह सातवीं यात्रा है। उन्होंने इजराइली नेताओं से मुलाकात की। क्योंकि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बिडेन इजराइल को गाजा पट्टी के एक हिस्से में बड़ा जमीनी हमला शुरू करने से रोकने की कोशिश कर रहे थे, जहां फिलिस्तीनियों ने युद्ध के दौरान शरण मांगी थी।

इजराइल ने इजराइली जेलों में बंद लगभग 600 फिलिस्तीनी कैदियों के बदले में हमास की हिरासत में अपने 33 बंधकों (महिलाओं, बुजुर्गों और बीमारियों से पीड़ित) को रिहा करने के मध्यस्थों के सुझाव पर सहमति व्यक्त की है। जेलों में बंद इन फिलिस्तीनियों में से कई हत्या के मामलों में आरोपी हैं। ब्लिंकन और बिडेन के अन्य शीर्ष सहयोगी भी हमास से छह सप्ताह के संघर्ष विराम और कुछ फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में बंधकों को मुक्त करने के लिए एक समझौते पर सहमत होने का आह्वान कर रहे हैं। वार्ता महीनों से रुकी हुई है और इजराइली अधिकारियों ने सोमवार को कहा कि वे अपनी मांगें कम करने पर सहमत हुए हैं। नवंबर में, हमास ने सात दिवसीय संघर्ष विराम के दौरान 100 से अधिक बंधकों को मुक्त कर दिया। वास्तव में अब और देरी नहीं कार्रवाई करने का समय आ गया है। क्योंकि कोई अन्य विकल्प नहीं है। अस्थायी संघर्ष विराम से स्थायी संघर्ष विराम हो सकेगा।

# आर्थिक उदारवाद से मध्यवर्ग की आकांक्षाओं को लगे पंख



डॉ. हेमंत कुमार झा
एसोसिएट प्रोफेसर, पाटलिपुत्र विवि, पटना (बिहार)

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी। कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए।

90 के दशक से ही निजीकरण के महिमा मंडन ने मध्य वर्ग को बेहद उत्साहित कर रखा था और दस वर्ष के मनमोहन काल में बढ़ी समृद्धि ने इस वर्ग की आकांक्षाओं को जैसे पंख लगा दिए थे। इन्हीं पंखों पर चढ़ कर कारपोरेट नेशनलिज्म ने अपनी ऊंची उड़ान भरी जिसे जमीन पर रेंगता आर्थिक रूप से निम्न तबका हसरत भरी निगाहों से ताकता रहा।

कारपोरेट नेशनलिज्म इसी तरह आता है जैसे भारत में आया। स्वप्नों को त्रासदियों में बदल देने वाले छद्म राष्ट्रवाद और पुनरुत्थानवाद की आड़ में मुनाफे का निरंकुश खेल, जिसमें राजनीति बंधक बन जाती है और लोकतंत्र जैसे किसी प्रहसन में तब्दील हो जाता है। चल रही व्यवस्था से नाराज लोगों को अच्छे दिनों के ख्वाब दिखाना, बेरोजगारी से त्रस्त समाज को नौकरी के सब्जबाग दिखाना, अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का भरोसा दिलाना और जनता की तमाम जहालतों का ठीकरा व्यवस्था पर काबिज लोगों और उनकी नीतियों पर फोड़ना। इस तरह यह अपना रास्ता बनाता है।

इतना ही काफी नहीं होता। कारपोरेट नेशनलिज्म को अपने पांव पसारने के लिए एक ऐसे प्रायोजित नायक की जरूरत होती है जिसके छद्म छवि निर्माण से जनता को भ्रमित और चमत्कृत किया जा सके ताकि उसे लगे कि हमारा उद्धार करने वाला आ गया और कि हमें उसका खैर मकदम करते हुए अपने सिस्टम की चाबी उसे सौंप देनी चाहिए।

अवतारवाद की अवधारणा में विश्वास रखने वाले और इस विश्वास की चारदीवारी में अपनी चेतना को कैद कर देने वाले भारतीय जनमानस में इन कृत्रिमताओं की जड़ें जमाना आसान साबित हुआ और एक नए दौर का आगाज हो गया।

ऐसा दौर, जिसने भारतीय पत्रकारिता का घोर नैतिक पतन देखा, जिसने मध्य वर्ग की जटिल मानसिकता के भीतर की कुरूपताओं को उजागर किया, तथाकथित सवर्णों के बड़े हिस्से की सांप्रदायिक चेतना को उभारा और जिसने तथाकथित निचली जातियों के कई भ्रष्ट राजनीतिक ठेकेदारों के राजनीतिक चरित्र को खोल कर सामने रख दिया। सबसे महत्वपूर्ण कि इस दौर ने नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की परतों को उधेड़ कर रख दिया और हमें अहसास दिलाया कि अपने मुनाफे के लिए कारपोरेट का एक प्रभावशाली तबका किस कदर जन विरोधी हो सकता है।

कारपोरेट नेशनलिज्म ने निजीकरण को मुक्ति का मार्ग घोषित किया। हमारे देश के बिजनेस क्लास ने साबित किया कि मुनाफे की संस्कृति में अधिकाधिक लाभ कमाने के लिए वह नैतिक रूप से कितना नीचे गिर सकता है। अधिकाधिक मुनाफा कमाना, अधिकाधिक श्रम लेना, न्यूनतम वेतन देना। नीति निर्माण की प्रक्रिया पर अपनी पकड़ को निरंतर सख्त करता यह वर्ग अमानवीयता की हदों से गुजरता गया जहां शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी मूलभूत संरचनाओं पर उसके बढ़ते आधिपत्य ने एक पतित संस्कृति का निर्माण किया।

जब हम नवउदारवाद के भारतीय संस्करण की बातें करते हैं तो हम इसके चरित्र को यूरोप और अमेरिका से अलग कर देखने की कोशिश करते हैं। लोकतांत्रिक अधिकारों के प्रति जागरूक और पढ़े लिखे देशों में निजी उपक्रमों पर नियामक संस्थानों का कठोर नियंत्रण होता है और वे निर्धारित मानकों की उपेक्षा नहीं कर सकते। हमारे देश में ये उपक्रम तय मानकों को धता बताने में बिलकुल भी गुरेज नहीं करते। ऐसा हर क्षेत्र में है जिस कारण हमारे देश में निजीकरण संगठित लूट का एक माध्यम बन गया है। क्या कोई सोच सकता है कि यूरोप के पढ़े लिखे देशों के डिजाइनर प्राइवेट स्कूल हमारे देश की तरह बच्चों की स्तरीय शिक्षा से अधिक चिंता उनके ड्रेस और उनकी किताबों के माध्यम से अधिकाधिक मुनाफा लूटने पर करें?

आर्थिक उदारवाद ने मध्यवर्ग के एक हिस्से को इतनी समृद्धि तो दे ही दी है कि बतौर बकरा उनके जिस भी हिस्से में दांत गड़ाया जाए, मांस ही मांस मिलेगा। हास्यास्पद यह कि अपने नोंचे जाने पर भी ये बकरे गर्व का उत्सव मनाते हैं और डिजाइनर स्कूलों, अस्पतालों में खुद के लूटे जाने को स्टेटस सिंबल मानते हैं। सरकारी अस्पतालों और स्कूलों की कल्पना से ही इन्हें उबकाई आती है। इसलिए इन्होंने इस पर सोचना ही छोड़ दिया है कि इनकी दशा सुधारने से देश और समाज का भला होगा, खुद उनका भी।

कारपोरेट नेशनलिज्म ऐसे बिजनेस मॉडल को आदर्श मानता है जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य मुनाफा की संस्कृति की बलि चढ़ जाए। हेल्थ स्ट्रक्चर में सरकारी निवेश से अधिक तवज्जो करदाताओं की गाढ़ी कमाई से चलाई जा रही बीमा योजनाओं के माध्यम से निजी सेक्टर को मुनाफा के अवसर देना इसी आर्थिक चिंतन का हिस्सा है।

हालांकि, कोरोना महामारी के दौरान अमेरिका तक में सार्वजनिक हेल्थ बीमा के माध्यम से चिकित्सा प्रणाली की विफलता उजागर हो चुकी है। हमारे देश में तो उस दौर की दुर्दशा की याद अभी भी अधिक पुरानी नहीं पड़ी। लेकिन उस दुर्दशा के बावजूद न नीति निर्माताओं ने कोई सीख ली, न जनता ने।

कोरोना संकट ने साबित किया कि दुनिया के जिस भी देश ने स्वास्थ्य में सरकारी संरचना को मजबूती दी है वही इस महामारी का बेहतर तरीके से सामना कर सका। लेकिन, कॉर्पोरेट संस्कृति इन सीखों पर भ्रम का आवरण चढ़ाने में देर नहीं लगाती। कारपोरेट नेशनलिज्म जब एक बार किसी सिस्टम पर काबिज हो जाता है तो आसानी से इसके तंबू नहीं उखड़ते। जब तक यह बकरों के खून को चूस सकता है, जब तक यह मानवता को तहस नहस कर सकता है, तब तक अंतिम दम तक यह फन काढ़कर खड़ा रहता है। बहुत सारे लोग, जिनमें कुछ नामचीन चिंतक पत्रकार भी शामिल हैं, उम्मीदें लगाए हैं कि 2024 शायद इनका विराम बिंदु साबित हो। लेकिन, यह इतना आसान नहीं। कोई राजनीतिक दल या दलों का समूह तब तक इन्हें अपदस्थ नहीं कर सकता जब तक जनता इनके तंबुओं के बांस उखाड़ने पर आमादा न हो जाए। फिलहाल तो ऐसी अधिक उम्मीद नहीं।

नौकरी और अच्छे भविष्य, अच्छी अर्थव्यवस्था और अच्छे दिनों के आश्वासनों के पुल पर चढ़ कर आया, नेशनलिज्म और ठेठ सांप्रदायिकता को अपने औजारों की तरह यूज करते कारपोरेट राज को असल चुनौती किसी राजनीतिक दल से नहीं, जनता से ही मिलती है और इसके कनात तब उखड़ते हैं जब तक चतुर्दिक त्राहि त्राहि नहीं मच जाती और बिलबिलाती जनता विरोध में मुट्ठियां नहीं कस लेती। इतिहास इस तथ्य का साक्षी है। हालांकि बिलबिलाती जनता जब विरोध में मुट्ठियां कस लेती है तो झूठे स्वप्नों का आख्यान रचते, देश और जनता को ठगते सिस्टम के अलंबरदारों की कैसी दुर्गति होती है यह भी इतिहास अनेक उदाहरणों से हमें बताता है। लगता नहीं कि भारत के मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अभी उस व्यामोह से बाहर निकल सका है जिसका वितान कारपोरेट नेशनलिज्म के सूत्रधारों ने रचा है। शायद अभी और फजीहतें बाकी हैं।

## प्रसंगवश

# विकास के अग्रदूत:श्रमिक



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

जब बहुत बड़ा भार होता है, तब पांच-सात मजदूर मिल कर उसे खिसकाते हैं, उठाते हैं, खड़ा करते हैं और यथास्थान ले जाते हैं, तब वे एक स्वर में जिन शब्दों का उच्चारण करते हैं, वे शब्द मानो उनके जीवन की व्यथा-कथा हैं, विवशता और हिम्मत। निर्धन मजदूर का जीवन मानो इन शब्दों का ही आख्यान है -

पल्ले पर गई हे ईसा।/ कोई बात नहीं है हे ईसा।/ थोरी रह गयी हे ईसा।/ पार पकर लयी हे ईसा। जिन श्रमिकों ने सडकें बनायी हैं, समुद्र को पाटा है, पर्वतों को पीस कर खेत बनाए हैं, खानों में प्रवेश करके संपदा का दोहन किया है, अपनी जान हथेली पर लेकर बहुमंजिले महल बनाए हैं, जिनकी बदौलत उद्योग चल रहे हैं, वे श्रमिक ही विकास के अग्रदूत हैं, देश का असली निर्माण करने वाले तो वे श्रमिक ही हैं। परन्तु यह कैसी व्यवस्था है, यह कैसी विडंबना है कि इतने श्रम के बाद भी वे ही आवासहीन हैं, वे ही धनहीन हैं? उनका जीवन त्रासदियों से आकुल-व्याकुल है।

इन कमेरों के श्रम के बिना वह बाजार और बाजार की नियामक-शक्तियां, वह अर्थव्यवस्था, वे बैंक, वह पैसा उत्पादन नहीं कर सकता। निर्माण नहीं कर सकता। रक्षा नहीं कर सकता। बाजार की नियामक-शक्तियां सब मिल कर के भी बाजार को नहीं चला सकेंगी। श्रम के बिना बाजार नहीं चलेगा। यह अलग है कि श्रम अपने परिवेश और व्यवस्था में कितना सस्ता और कितना महंगा है। बाजार की शक्तियां मनुष्य की इस श्रम-शक्ति का यांत्रिक-विकल्प खोजती रहती हैं। बेरोजगारी जितनी अधिक होगी, श्रम उतना सस्ता होगा। उत्पादक को उत्पादन का लाभ न मिले और बिचौलिया मुनाफ़ा कमाए तो भला उत्पादन कैसे बढ़ेगा? प्राइवेट-स्कूल-कालेज हैं, अध्यापक और अध्यापिकायें पढ़ा रही हैं, उन्हें क्या मिल रहा है? दस हजार-पंद्रह -हजार? बाकी मुनाफा कौन ले रहा है? जो खेती कर रहा है, उसे क्या मिला? कितना मिला? बाकी मुनाफा किसे मिला? श्रमिक आधे पेट रहे और कारपोरेट का पेट फूलता जाय। इस विश्व बाजार-व्यवस्था में मनुष्य की श्रम शक्ति का महत्व दिन-प्रतिदिन घटता जा रहा है। मनुष्य की महिमा घट रही है।

# अर्थव्यवस्था की वैश्विक चुनौतियां



ऋषभ मिश्रा
सहायक प्रोफेसर, केआईटी, कानपुर

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है।

अंतर्राष्ट्रीय आर्थिक पंडितों को धता बताते हुए भारत, वैश्विक अपेक्षाओं से भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहा है। इसी के फलस्वरूप पूरी दुनिया अब भारत को निर्विवाद रूप से तेज़ी से प्रगति करने वाली अर्थव्यवस्था मान चुकी है। परंतु इसी के साथ अपने प्रतिस्पर्धी एवं पड़ोसी देश चीन के साथ अपनी तुलना करने पर हमें कुछ कठोर यथार्थ का भी सामना करना पड़ता है। आज नहीं तो कल वैश्विक मंच पर चीन को पछाड़ने के लिए हमें कठोर यथार्थ को स्वीकार करते हुए उन सभी मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, जहां हम चीन से पीछे रह गए हैं। एक ओर जहां चीन की प्रति कैपिटा इनकम 12 हजार अमेरिकी डॉलर से अधिक है। तो वहीं दूसरी और भारत की प्रति कैपिटा इनकम मात्र 2200 अमेरिकी डॉलर है। एक तरफ चीन ने अपने देश से गरीबी का उन्मूलन कर दिया है। तो वहीं दूसरी और भारत में गरीबी एक यक्ष प्रश्न है। देश की आजादी के समय भारत की स्थिति चीन से काफी बेहतर थी किंतु भारत की अर्थव्यवस्था के विकास में हुई कुछ भारी गलतियों के कारण हम चीन से विकास की रफ्तार में बहुत पीछे छूट गए थे।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में हर देश अपने आयात एवं निर्यात का एक खाता रखता है। यह वैसा ही है जैसे हमारा बचत खाता सभी निकासी एवं जमा पैसों का अलग-अलग हिसाब रखता है। सभी आयात एवं निर्यात संबंधी गणना को 'बैलेंस ऑफ पेमेंट' के नाम से जाना जाता है। इसमें दो तरह के खाते होते हैं। जिसमें से पहला 'कैपिटल अकाउंट' और दूसरा 'करंट अकाउंट' के नाम से जाना जाता है। 'कैपिटल अकाउंट' में वह सभी ट्रांजैक्शन (लेन-देन) दर्ज होते हैं जो कि किसी दीर्घकालिक संपत्ति (एसेट) या फिर उत्तरदायित्व (लायबिलिटी) से संबंध रखते हैं। उदाहरण स्वरुप कोई कर्ज लेना एक लायबिलिटी है। तो कोई प्रत्यक्ष विदेशी निवेश एसेट का निर्माण करता है। इसके इतर 'करंट अकाउंट' वह खाता है जहां दर्ज किए गए ट्रांजैक्शन किसी एसेट अथवा लायबिलिटी से संबंध नहीं रखते हैं। यह करंट अकाउंट दो भागों में विभाजित हो जाता है। पहला 'ट्रेड अकाउंट' जिसमें सभी वस्तुएं जैसे कि इलेक्ट्रॉनिक्स, पेट्रोलियम, कृषि संबंधित उत्पाद आदि शामिल रहते हैं। तथा दूसरा 'इनविजिबल अकाउंट' जिसमें सेवाएं, लाभांश, दान, उपहार, ब्याज आदि को दर्ज किया जाता है।

यदि करंट अकाउंट के इन्हीं ट्रेड एवं इनविजिबल खातों का कुल योग ऋणात्मक होता है, तो इसे 'करंट अकाउंट डेफिसिट' बोला जाता है। यही करंट अकाउंट डेफिसिट भारत की लगभग स्थाई समस्या बन चुकी है। आसान शब्दों में इसे समझें तो भारत लंबे समय से आयात की अपेक्षा निर्यात कम कर रहा है। और हम विश्व मंच पर एक आयात प्रधान देश बन कर रह गए हैं। केंद्र सरकार इस क्षेत्र को गंभीरता से लेते हुए अपने दूरगामी लक्ष्य पर जिस प्रकार से कार्य कर रही है, उसी का परिणाम है कि हमारा करंट अकाउंट डिफिसिट कम होने की ओर अग्रसर है। भारतीय रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार भारत का चालू खाता घाटा अप्रैल-सितम्बर 2022 के 48.8 बिलियन डॉलर के मुकाबले आधे से अधिक घटकर वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में 17.5 बिलियन डॉलर का हो गया है। परंतु इस घाटे से उबर कर 'सरप्लस अकाउंट' बनने में अभी समय लगेगा।

भारत के साथ अच्छी बात यह है कि साल दर साल हमारे चालू खाते का घाटा देश के कैपिटल अकाउंट के सरप्लस से बैलेंस हो जाता है। और इस तरह से भारत का फॉरेन एक्सचेंज रिज़र्व लगातार मजबूत होता रहता है। परंतु कैपिटल अकाउंट को मजबूती विदेशी निवेश तथा कर्ज से मिलती है और इसलिए बहुत हद तक इस पर वैश्विक एवं घरेलू आर्थिक स्थितियों का नियंत्रण होता है। मंदी की चपेट में आते ही किसी देश का कैपिटल अकाउंट सरप्लस खत्म हो सकता है। ऐसी स्थिति में भारत के लिए अत्यंत आवश्यक खनिज तेल इलेक्ट्रॉनिक उपकरण व प्राकृतिक गैस के आयात पर संकट उत्पन्न हो सकता है। और इस संकट का अर्थ है देश में गंभीर स्थितियां पैदा होना। साथ ही कैपिटल अकाउंट का मूल्यवर्धन होने का अर्थ लाभ ब्याज एवं डिविडेंड के रूप में पैसा बाहर जाना भी होता है। इसलिए कैपिटल अकाउंट के बढ़ने से यदि विदेशी मुद्रा कोष बढ़ रहा है, तो इसे स्वस्थ दृष्टिकोण नहीं माना जाना चाहिए। इसका अर्थ है कि भारतीय अर्थव्यवस्था को गति देने वाला यह उपकरण भी पूरी तरह से सुरक्षित नहीं है। भारत का बड़ा ऊर्जा आयातक होना इस घाटे में बड़ा रोल अदा करता है।

## सोशल फोरम

# हर मजदूर का एक मालिक

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है?



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

हर मज़दूर का एक मालिक होता है। मालिक एक निश्चित तनख़्वाह के एवज में यह तय करता है कि मजदूर क्या करेगा, क्या नहीं करेगा, कब करेगा। मालिक खुद काम नहीं करता वो काम करवाता है। मालिक बात मनवाता है और मज़दूर बात मानता है। मालिक मन की बात करता है, मज़दूर सुनता है। मालिक की मर्ज़ी, चाहे जब उठे, चाहे जब सो जाए। जब मर्ज़ी हो मज़दूरों की तरफ देखे जब चाहे अनदेखा कर दे। पर मज़दूर को इस बाबत बुरा मानने का हक नहीं होता। पर ना मज़दूर की गति मालिक के बिना, और ना मालिक की हैसियत मज़दूरों के बिना। दोनों लड़े झगड़े या शांति से रहें, इन्हें साथ रहना ही होता है।

पर मालिक होता है चतुर। चतुर है इसीलिए मालिक है। बहुत बार वो मजदूर की तरफ़ मुस्कुरा कर निहार लेता है। पीठ थपथपा देता है, हाल चाल पूछ लेता है बच्चों के। मज़दूर इतने भर में निहाल हो जाते हैं और चतुर मालिक इसके एवज़ में मज़दूरों से वो सब भी करवा ले जाता है जिसे बेगार कहते हैं।

मज़दूर दिवस पर बताने जैसी बात ये कि हमारे घर में एक बच्ची मालिक है और बाकी सब उसके मज़दूर। वो आगे आगे, सब उसके पीछे पीछे। सब मुंह ताकते हैं उसका। वह क्या सोच रही है? उसे क्या चाहिए। इसके बदले में मुस्कुराती है सभी को देखकर और यदा कदा पप्पियों से नवाजती है। मजदूर राजी हैं इस तनख़्वाह से और मजे की बात यह कि काम के घंटे तय न होने के बावजूद राजी हैं। चूंकि मालिक मिलनसार और खुशमिजाज है, इसलिए वो उसकी हर ख़्वाहिश को सिर माथे पर लेने के लिए तैयार बने रहते हैं। मालिक मज़दूर दोनों एक दूसरे से खुश हों ऐसी व्यवस्था अमूमन होती नहीं। पर हमारे घर में है। और इस व्यवस्था के चलते सब राजी खुशी हैं और अमन चैन कायम है।

-फेसबुक वॉल से

# ढंग से जीने की आजादी देता है संविधान



हफीज किदवई
लेखक

इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है।

अगर कोई आपको पकड़ कर कहे कि चलो उठो, तुम्हें फ़लाने नेता को खून देना है। तो आप उसे किस अधिकार से मना कीजिएगा। यही नहीं अगर कोई अधिकारी कह दे कि आपकी किडनी निकालकर फ़लाने को लगा दी जाए। तो आपके पास ऐसी कौन सी ताक़त है, जो यह करने से रोकिए।

अच्छा अगर कोई कहे कि सुबह आपको नाश्ते में पोहा, दोपहर खाने में बाटी चोखा और रात को हल्का खाना ढोकला ही खाना है। इसके अतिरिक्त कुछ नहीं खाया जा सकता, पीने के केवल दो विकल्प हैं, सत्तू या फिर पानी, बाकी कोई सॉफ्ट ड्रिंकन नहीं पी सकते हैं। तो ऐसा करने से मना करने की कौन सी ताक़त है आपके पास। अच्छा यह भी छोड़िए, अगर कोई आपसे कह दे कि आप सिर्फ फ़लाने तरीके की लड़की या लड़के से ही शादी कर सकते हैं। कोई दूसरे से नहीं, या फिर आप प्रेम सिर्फ अपने ही धर्म, मज़हब या फिर कॉलोनी में कर सकते हैं, तो वह कौन सी ताकत है, जिससे आप इस पाबंदी से निपटेंगे। मसला यह है कि आप जो रोजमर्रा की ज़िंदगी जीते हैं, अगर इसमें कोई अपना ज़बरन हस्तक्षेप करे, तो वह कौन सी ताक़त है, जो इसे रोकेगी।

जानते हैं यह ताकत क्या है। यह है हमारे देश का संविधान। इसमें लिखी हमारे अधिकार और कर्तव्यों की वह लाइन है, जो ऐसा हर काम करने से रोकती है यह है हमारी ताक़त। हमारे संविधान ने हमें दैहिक स्वतंत्रता दी है। इसलिए कोई भी,कभी भी, खड़ा होकर हमारी नसों से खून नहीं निकलवा सकता है, हमारी किडनी नहीं छीन सकता है, हमारी गाड़ी नहीं उठवा सकता है, हमारे खानों को सीमित नही कर सकता है, हमारे मनोरंजन पर पहरा नहीं बैठा सकता है।

लोग संविधान को केवल आरक्षण जैसे विषयों पर ही लाकर ख़त्म कर देते हैं। आरक्षण तो सिर्फ़ एक मामूली हिस्सा है, असली बात तो यह है कि हमारा संविधान, हमें, हमारे ढंग से जीने की आज़ादी देता है। अगर यह नहीं होगा, तो कोई भी ताकतवर आपको पकड़कर चार यूनिट खून ले लेगा और कोई अधिकार न होने पर, आप सिर्फ खून देंगे और रोएंगे। इसलिए ज़रूरी है संविधान, इसलिए ही बात हो रही है कि इसे बचा लो। आरक्षण के पन्ने से ज़्यादा यह बात महत्वपूर्ण है, जिसपर बात ही नहीं हो रही।

अभी वैक्सीन का तमाशा बाहर आया है। जानते हैं सुप्रीम अदालत में हुक़ूमत ने क्या कहा है कुछ रोज़ पहले, यही की उसने कभी भी वैक्सीन लगाना अनिवार्य नहीं किया था। यानि वैक्सीन वैकल्पिक थी। यह जानते हैं किस डर से कही गई बात है। संविधान का डर, क्योंकि वह ज़बरदस्ती से रोकता है। जबकि आपको पता है कि हर जगह पर वैक्सीन लगवाना अनिवार्य ही था मगर यह विभागीय स्तर पर हुआ था। हमारा संविधान इतना ही शक्तिशाली है कि उसमें हर कमज़ोर के लिए ताकत रखी गई है।

आपको हमेशा लगता होगा कि आप बड़े ताकतवर हैं। आपको संविधान की ज़रूरत ही क्या है। संविधान हमारी ज़िंदगी मे क्या ही रोल निभाता है। यह तो दलित और अल्पसंख्यक के लिए है। मगर जब कभी आप कमज़ोर पड़ते हैं, डॉक्टर के आगे, वकील के आगे, पुलिस के आगे, अधिकारी के आगे, दबंग के आगे, नेताओं के आगे,तब यही संविधान होता है, जो आपकी ताक़त बनकर इनका मुकाबला करता है। यह सिर्फ कुछ पन्नों की किताब नहीं है, इसकी अहमियत समझिए ।

यहां कोई यह नही कह सकता है कि फलानी कुर्सी पर सिर्फ काले रंग के लोग बैठेंगे। कोई यह नही कह सकता कि इस नल से केवल गोरे लोग पानी पिएंगे। यहां केवल छोटे कद के लोगों का इलाज होगा। यहां सिर्फ लंबे कद के लोगों की सुनवाई होगा। यहां हमारा संविधान हमें रंग, कद, वज़न, लिंग, धर्म, जाति, वर्ग से बराबर करता है और कुछ लोग कहते हैं मसला केवल आरक्षण है।

ज़रा ग़ौर कीजिये। संविधान नहीं रहेगा, तो सिर्फ आरक्षण ही नहीं जाएगा, बहुत कुछ जाएगा और नया क्या आएगा, आपको और हमें नहीं पता। इन संविधान के न होने पर पता नही कोई हुक़ूमत कह दे कि हर दवा का पहला परीक्षण प्रत्येक परिवार के एक सदस्य पर होगा और आप देखते ही देखते चूहों की जगह ले लेंगे। संविधान है, इसलिए यह मनमानी तो नहीं हो सकती है। इस बात की गंभीरता को समझिए। देश के संविधान का सम्मान कीजिए।

# बिहार: सनातन और कानून तार तार



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस समय देश में सनातन धर्म और संस्कृति की झंडाबरदार भाजपा सरकार है। बिहार में कुछ दिन पहले तो उसके मुखिया नीतीशकुमार कथित 'सेकुलर' पाले में थे और विशेष अवसरों पर पल्लेदार मुस्लिम टोपी भी लगा लेते थे, किंतु अब, जैसा कि वे कहते हैं, उनका स्थायी हृदय परिवर्तन हो गया है और वे भाजपाई खेमें में ही हमेशा रहेंगे। ऐसे में बिहार को भी भगवा मान लेना समीचीन होगा। वहां भाजपा का सत्ता में साझा है और उसके दो उप मुख्यमंत्री भी हैं। ऐसा होते हुए भी वहां हो रही घटनाएं विचलित कर देने वाली हैं, क्योंकि उनसे सनातन धर्म सांसें तोड़ रहा है और कानून की धज्जियां उड़ रही हैं। यहां के बांका जिले के सदर थाना क्षेत्रांतर्गत हिरमोती गांव में एक दामाद का अपनी सास से विवाह संपन्न हो गया। सिकंदर यादव का विवाह ढाई दशक पहले दिलेश्वर और गीता दंपति की बेटी के साथ हुआ था, जो दो बच्चों को जन्म देने के बाद परलोक सिधार गई। सिकंदर ने अन्यत्र शादी कर ली, लेकिन पटी उससे भी नहीं और तलाक़ हो गया। इस बीच सिकंदर का पहले वाली ससुराल आना जाना बना रहा और 45 वर्षीय सास गीता से प्रेम हो गया। प्रेम उभय पक्षीय था। बात बढ़ी और एक दिन ससुर ने दोनों को गलत हालत में देख लिया। पंचायत बुलाई गई। दोनों की पेशी हुई। दोनों ने परस्पर प्रेम प्रसंग को स्वीकारा। तब ससुर सहित सबने दोनों के विवाह का निर्णय लिया। लोग बुलाए गये और डंके की चोट पर दामाद ने सास की मांग में सिंदूर डाला और विदा कराकर अपने घर ले गया। यही नहीं, इस विवाह का प्रशासन तंत्र में पंजीकरण भी हुआ। क्षेत्र में खूब चर्चा हुई।

सनातन धर्म के सिद्धांतों और लोकमान्य संस्कृति के अनुसार यह विवाह घृणास्पद और गर्हित है। सास धर्म-माता होती है। अंग्रेज भी इसे 'मदर-इन-ला' कहते हैं, यानी विधानतः माता। तथ्य यह भी है कि कानून भी ऐसे विवाह की अनुमति नहीं देता। हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 5 को धारा 11 के साथ पढ़ने पर स्थिति साफ हो जाती है। कुछ रिश्तों में शादियां वर्जित हैं, जैसे मां बेटा, भाई बहन, ससुर बहू आदि इनमें सास और दामाद भी है। इसके अलावा जिन दो का विवाह हो रहा हो, यदि उनमें किसी का जीवन साथी जिंदा है, तो बिना तलाक़ हुए विवाह नहीं हो सकता। ज्ञातव्य है यह विवाह अवैध होने के कारण धारा 494 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत 7 वर्ष की सजा से दंडनीय है।

बिहार के सनातन धर्म के ध्वज वाहक कहां हैं? इन दिनों भाजपा 'मंगलसूत्र' को भी चुनावी मुद्दा बना रही है। तो क्या 400 पार का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु मोदी-नीतीश एक एक महिला को दो दो मंगल सूत्रों से सज्जित कर देंगे? यानी जीवित पतियों वाली नारियों के अमर्यादित विवाह होने देंगे?

## अतीक के बेटे अली अहमद के मामले की सुनवाई टली


**विधि संवाददाता, प्रयागराज** : अतीक अहमद के बेटे अली अहमद के विचाराधीन मुकदमे की होने वाली सुनवाई एक बार फिर टल गई है। जिला न्यायालय में बुधवार को जिला अधिवक्ता संघ की ओर से घोषित हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए आगामी 15 मई की तिथि सुनिश्चित की है।

विचाराधीन मुकदमे की सुनवाई अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट (कक्ष संख्या 7) पलाश गांगुली की कोर्ट में होनी थी। केंद्रीय कारागार अधीक्षक, नैनी ने कोर्ट में पत्र भेज कर आचार संहिता लागू होने के कारण पर्याप्त फोर्स उपलब्ध न रहने की वजह से पूरी कार्यवाही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए करने की प्रार्थना की थी। गौरतलब है कि यह सभी मामले करेली थाने में दर्ज हुए हैं इनमें अवैध रूप से पिस्टल रखना, रंगदारी मांगना, धोखाधड़ी आदि शामिल है।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के विवाद में एक और वाद दायर

## इसमें लंदन निवासी सहित लखनऊ और दिल्ली के वकील हैं शामिल

**मथुरा, एजेंसी**



श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही मस्जिद ईदगाह के बीच चल रही कानूनी लड़ाई में अब तक दायर किये गए वादों की श्रंखला में एक नया वाद और जुड़ गया है। इस वाद को चार वकीलों ने मिलकर सिविल जज सीनियर डिवीजन की अदालत में दायर किया है और इनमें से एक वकील लंदन का निवासी है।

लंदन निवासी वकील प्रशांत कुमार, लखनऊ निवासी हर्ष वर्धन सिंह, नीलम सिंह, और दिल्ली निवासी रंजन कुमार राय ने मंगलवार को मथुरा में सिविल जज सीनियर डिविजन कोर्ट में एक वाद दायर किया था इसमें वादियों में श्रीकृष्ण विराजमान कटरा केशवदेव,स्थान श्रीकृष्ण जन्मभूमि कटरा केशवदेव को भी वादी बनाया गया है। इसकी जानकारी लंदन निवासी इस वाद के वादी एवं वकील प्रशांत कुमार ने बुधवार को पत्रकारों को दी। यह निर्णायक मामला कृष्ण जन्मभूमि मंदिर और सटे शाही ईदगाह मस्जिद की भूमि के वास्तविक स्वामित्व और गहरे ऐतिहासिक महत्व को लेकर है। इस वाद के प्रतिवादी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इंतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान एवं मैनेजिंग ट्रस्टी श्रीकृष्ण जन्मभूमि ट्रस्ट हैं।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट में हो रही अलग सुनवाई

**विधि संवाददाता,प्रयागराज** : इलाहाबाद हाईकोर्ट में मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान मंदिर पक्ष ने अपने तर्क प्रस्तुत किए। उक्त मामले को समयाभाव के कारण न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की पीठ ने गुरुवार के लिए सूचीबद्ध कर दिया। बुधवार को हुई सुनवाई में हिंदू पक्ष ने तर्क दिया कि वर्ष 1968 में हुए कथित समझौते में भगवान पक्षकार नहीं थे और न ही 1974 में पारित न्यायालय की डिक्री (आदेश) में वह पक्षकार थे।

प्रशांत कुमार ने बताया कि वादीगणों ने सिविल जज सीनियर डिवीजन से प्रार्थना की है कि वह 1967 के सिविल सूट 43 में सिविल जज मथुरा द्वारा 20-7-1973 और 7-11-1974 को दिये गए फैसले को रद करें।

उनका दावा है कि ढांचा कटरा केशवदेव की जमीन पर बनाया गया है इसलिए वादी नम्बर 1 और 2 यानी अध्यक्ष/चेयरमैन यूपी सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ, इतजामिया कमेटी शाही मस्जिद ईदगाह, को या उनके आदमियों को इस भूखण्ड में जाने से रोक लगाई जाय। यह मुकदमा केवल संपत्ति की पुनः प्राप्ति से अधिक है। यह इतिहास की पुस्तकों को सही करने और पवित्र पूजा स्थल की खोई हुई गरिमा को पुनर्स्थापित करने की खोज है। प्रशांत कुमार ने कहा कि हमने ऐसे प्रमाण प्रस्तुत किए हैं जो सुझाव देते हैं कि शाही ईदगाह को मूल मंदिर के ऊपर बनाया गया था जो इन पवित्र भूमि पर खड़ा था। यह वाद मंगलवार को सिविल जज सीनियर डिवीजन मथुरा की अदालत में दायर किया गया था।

## नाबालिग पहलवान से छेड़छाड़ का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**आगरा, एजेंसी** : थाना ताजगंज क्षेत्र के गांव अकबरपुर बगदा में सोमवार देर रात दंगल के दौरान नाबालिग पहलवान से कथित तौर पर छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। राष्ट्रीय स्तर की नाबालिग पहलवान के साथ हाथरस के नामी पहलवान और उसके साथियों ने कथित तौर पर छेड़खानी और अभद्रता की। सूत्रों ने बताया कि इस विवाद में दंगल के दौरान गोलीबारी भी हुई। ताजगंज थाना पुलिस ने शिकायत पर आठ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना ताजगंज प्रभारी निरीक्षक जसवीर सिंह के अनुसार, नाबालिग पहलवान ने आरोप लगाया है कि 29 अप्रैल को गांव अकबरपुर बगदा में दंगल देखने आई थी और दंगल में आए हाथरस निवासी पहलवान रामेश्वर और उसके साथियों ने पीछा किया और गाड़ी में खींचने का प्रयास किया। पुलिस ने पहलवान रामेश्वर और उसके साथी अरविंद, असनुर खां, सुखवीर व चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# नहर में स्नान करते समय सगी बहनों समेत चार डूबे, सभी की जान गई

**संवाददाता, नानपारा, बहराइच**

- नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव स्थित नहर में स्नान करते समय डूबने से हुई घटना

**अमृत विचार:** नानपारा कोतवाली के गिरधरपुर गांव में स्थित नहर में बुधवार को गांव के हम उम्र की किशोरियां और बालक स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय सभी डूब गए। इनमें सगी बहनों समेत चार लोगों की पानी में डूब कर मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार कोतवाली नानपारा अंतर्गत गिरधरपुर गांव के ठीक सामने नहर स्थित है। नहर में इस समय पानी भरा हुआ है। बुधवार दोपहर में गर्मी अधिक होने पर गांव निवासी आंचल (12) पुत्री शोभाराम, चोइनी (10) पुत्री शदबरन, बड़ी बहन माही (14) और राहुल (13) पुत्र सागर स्नान करने के गए। दोपहर 12 बजे सभी स्नान कर रहे थे। इसी दौरान स्नान करते समय पैर फिसलने से सभी बच्चे पानी में डूब गए। कुछ देर बाद परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की तो नहर के निकट कपड़े और चप्पल मिले। जिस पर सभी ने नहर में खोजबीन शुरू की। ग्रामीणों की मदद से नहर से आंचल, चोईनी और राहुल का शव बरामद कर लिया गया।

जबकि माही का कुछ पता नहीं चल सका। उसकी खोजबीन की जा रही थी। देर शाम को उसका भी शव बरामद कर लिया गया। नहर में डूबने से सगी बहनों समेत कुल चार मौत हो गई। हादसे की जानकारी होने पर एसडीएम अश्विनी पांडेय, सीओ राहुल पांडेय और कोतवाल आरके सिंह, तहसीलदार गांव पहुंचे। सभी ने जांच कर बयान दर्ज किया। कोतवाल ने बताया कि सगी बहनों की नहर में डूबकर मौत हुई है। एसडीएम ने बताया कि सभी के आश्रितों को आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता राशि दिलाया जायेगा। मालूम हो कि सभी एक ही परिवार के मृतक हैं।

## पोस्टिंग के इंतजार में दो डीजी एक एडीजी अवकाश पर

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- डीजी पीवी रामाशास्त्री और रेणुका मिश्रा हैं डीजी इन वेटिंग

**अमृत विचार :** पुलिस में महानिदेशक स्तर पर दो अफसर पोस्टिंग के इंतजार में हैं। इनकी पोस्टिंग कब होगी इस पर कुछ नहीं कहा जा सकता। वहीं, प्रतिनियुक्ति पर सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट के रूप में तैनात रहे एक एडीजी रिलीव होने के बाद लंबी छुट्टी पर चले गए हैं। उन्होंने अभी तक पुलिस मुख्यालय रिपोर्ट नहीं किया है। ऐसे में उनके आने के बाद ही पोस्टिंग के बारे में विचार किया जाएगा।

1989 बैच के आईपीएस पीवी रामाशास्त्री 28 मार्च से ही डीजी इन वेटिंग चल रहे हैं। डेढ़ महीना बीतने के बाद भी अभी रामाशास्त्री की भूमिका पर कोई फैसला नहीं लिया गया है। वह इससे पहले केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर थे। सूत्रों के मुताबिक, उन्हें डीजी सीबीसीआईडी बनाया जा सकता है। इस बारे में शासन मंथन कर रहा है। वहीं, 1990 बैच की आईपीएस रेणुका मिश्रा विगत दो महीने से डीजी इन वेटिंग हैं।

दरअसल, उप्र. पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक होने के बाद पुलिस भर्ती बोर्ड स्तर पर लापरवाही सामने आने पर 5 मार्च को उन्हें भर्ती बोर्ड के डीजी पद से हटाया गया था। वहीं, सीआरपीएफ नार्थ-ईस्ट में बतौर एडीजी तैनात रहे आईपीएस बिनोद कुमार सिंह के ऊपर आरोप लगने के कारण उन्हें 2 अप्रैल को उनके कॉडर से रिलीव कर दिया गया था। ऐसे में उन्हें यूपी पुलिस मुख्यालय में ज्वाइनिंग देनी थी। एक महीना बीतने को है, लेकिन अभी तक उन्होंने ज्वाइनिंग नहीं दी। बताया गया कि वह लंबी छुट्टी पर हैं। ज्वाइनिंग के बाद ही उनकी भूमिका पर निर्णय होगा।

## पुलिस ने 8,317 बिना लाइसेंसी शस्त्र सीज किए

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. के मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा की गई कार्रवाई में 16 मार्च से 30 अप्रैल तक पुलिस विभाग द्वारा आपराधिक व्यक्तियों के 535 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किए गए। 4694 लाइसेंसी शस्त्रों के लाइसेंस निरस्त कर जमा कराए गए। इसी प्रकार शांति भंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 26,27,735 लोगों को पाबंद किए जाने के लिए नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 22,36,435 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 8317 बिना लाइसेंसी शस्त्र, 8384 कारतूस, 2900.32 किलोग्राम विस्फोटक व 455 बम बरामद कर सीज किए गए। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 3559 केंद्रों पर रेड डाली गई और 157 केंद्रों को सीज किया गया।

## नहीं होगी सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर बनाने वाली नीट एसएस-24 परीक्षा

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

- कोविड महामारी के दौरान प्रभावित 2021 बैच को लेकर एनएमसी ने उठाए कदम

**अमृत विचार :** सुपर स्पेशलिस्ट (एमडी, एमसीएच व डीएनबी) चिकित्सक बनने का सपना देखने वाले विशेषज्ञ चिकित्सकों की उम्मीदें इस साल टूट सकती हैं। इसके लिए पीजी 2021 बैच का हलावा देते हुए एनएमसी ने नोटिफिकेशन जारी कर स्पष्ट किया है कि नीट एसएस 2024 नहीं होगी। हालांकि एनएमसी ने इस साल की परीक्षा को अगले साल 2025 में कराने का आश्वासन भी दिया है। वहीं, कई चिकित्सकों का मानना है कि इसे अंतिम निर्णय नहीं मानना चाहिये।

सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सक बनाने के लिए हर साल आयोजित होने वाली नीट एसएस की परीक्षा में पीजी चिकित्सक आवेदन करते हैं। मगर, इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा पर संशय बरकरार है। क्योंकि नेशलन मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने फरवरी 2024 को संपन्न बैठक के हवाले से स्पष्ट कर किया है कि 2021 बैच के चिकित्सकों को प्रवेश मई 2022 में मिला था, इसलिए इस साल नीट एसएस 2024 परीक्षा नहीं करायी जा सकती है। वहीं, प्रदेश में चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने इस विषय पर चुप्पी साध ली है।

### एनएमसी पाठ्यक्रमों को गंभीरता से लेः डॉ. अतुल

बरेली के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अतुल अग्रवाल का कहना है कि एनएमसी को मेडिकल एजुकेशन के पाठ्यक्रमों को गंभीरता से लेना चाहिये। सत्र समय से शुरू करें और जरूर शुरू करें, सत्र शून्य कर देने से देश का नुकसान है, सुपर स्पेशलिस्ट डॉक्टर कम हो जायेंगे।

## इस बार आएंगे चौंकाने वाले परिणाम : राजीव शुक्ला

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते राजीव शुक्ला व अन्य।

**अमृत विचार :** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव शुक्ला ने कहा कि इस बार चुनाव में चौंकाने वाले परिणाम आएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा में पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी, वरिष्ठ नेताओं लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी व अन्य नेताओं की उपेक्षा हो रही है। इसी कारण मतदान प्रतिशत काम हो रहा है। पूर्व केंद्रीय मंत्री बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा का शीर्ष नेतृत्व पहले चार सौ पार की बात करता था, पर दो चरणों के मतदान के बाद अब ये दो सौ-ढाई सौ की बात करने लगे हैं। भाजपा दूसरे दलों से आयातित नेताओं को मंत्री व महत्वपूर्ण पद दे रही है, जबकि अपने पार्टी नेताओं के उपेक्षा हो रही है। यही वजह है कि मतदान प्रतिशत गिरता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा अब हिन्दू-मुस्लिम पर उतारू हो गई है। भाजपा नेता झूठी बयानबाजी कर रहे हैं। सवालों के जवाब में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि हम राम मंदिर के हमेशा समर्थक रहे हैं, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के तहत राम मंदिर का निर्माण हुआ है, भाजपा ने इसे अपनी पार्टी का कार्यक्रम बना दिया। उन्होंने कहा कि हम भाजपा की तरह भक्ति का प्रदर्शन नहीं करते, पर भक्ति करते हैं। प्रेस कांफ्रेंस में प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय व अन्य नेता मौजूद रहे।


## वर्ग पहेली-57

**बाएं से दाएं**

4. साथ चलने या रहने वाला।
5. ख़र्च या व्यय किया हुआ, किसी कार्य या व्यवसाय में लगाया हुआ, निवेश किया हुआ (धन)।
7. 1. बंगाल नामक प्रांत 2. एक दवा जो ताकत बढ़ाती है।
8. धन या रुपया प्राप्त करने की घोर लालसा; प्रबल धनलिप्सा; संपत्ति हासिल करने की लालसा या घोर तृष्णा।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. विस्तार, फैलाव, प्रसार 2. परिमाण 3. समूह, झुंड।
2. आपत्तिजनक संवादों
3. 1. (इस्लाम) ख़ुदा या ईश्वर का हुक्म जिसका पालन करना बंदों का फ़र्ज़ होता है
5. 1. निरोध करने की क्रिया या भाव, बंधक या रोक में रखना 2. रोक, रुकावट 3. वैद्यक या आयुर्वेद में पारा का शोधन करते समय किया जाने वाला एक संस्कार।
6. झींगा मछली।



### वर्ग पहेली -56 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 के | द | | | | | 2 घूँ |
| मा | | 3 पे | 4 प | र | वे | ट |
| | 5 स् | | चे | | | ना |
| 6 अ | व | हे | लि | त | | |
| | यं | | म | | 7 म | |
| | से | | | 8 जू | झ | ना |
| 9 नि | वा | र | ण | | ला | |

## सुडोकू-136

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | | | | | | | |
| | | 1 | | 7 | 2 | | | |
| 6 | | | | 9 | | | 5 | 3 |
| 7 | | | 8 | 6 | | | | |
| | 8 | | | | | | 3 | |
| | 6 | | | 5 | 1 | | | |
| 2 | 9 | | | | | | | 5 |
| | | | 6 | 3 | | | | |
| | | 6 | | | 4 | | 7 | 8 |

### सुडोकू -135 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 1 | 6 | 4 | 3 | 2 | 9 | 8 | 5 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 5 | 7 | 6 | 2 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 7 |
| 8 | 7 | 1 | 3 | 9 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 2 | 5 | 3 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 9 | 6 | 4 | 2 | 7 | 8 | 1 | 5 | 3 |
| 6 | 4 | 5 | 8 | 1 | 9 | 3 | 7 | 2 |
| 1 | 8 | 9 | 7 | 2 | 3 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 9 |

## शिक्षकों को इसी माह से टैबलेट पर लगानी होगी हाजिरी

**लखनऊ, अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सभी प्राइमरी और जूनियर विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से अपनी उपस्थिति इसी माह से देनी होगी। टैबलेट के लिए सिम और डाटा की व्यवस्था बीएसए करेंगे। शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने बुधवार को आदेश जारी कर दिया है। बीएसए को अपने-अपने जिले में बेहतर नेटवर्क वाली कंपनियों के सिम स्कूलों में खरीदकर देने होंगे। शैक्षिक सत्र वर्ष 2024-25 में विद्यालयों में शिक्षकों को टैबलेट के माध्यम से ही कार्य करना होगा। बता दें कि प्रदेश के स्कूलों में सवा दो लाख से अधिक टैबलेट का वितरण पिछले ही सत्र में किया जा चुका है, लेकिन शिक्षक लगातार विभाग से सिम और डाटा की मांग कर रहे थे।

# अयोध्या पहुंच भक्ति भाव में डूब गईं राष्ट्रपति

**अयोध्या कार्यालय**



रामलला के सामने हाथ जोड़ खड़ी राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** पहली बार बुधवार शाम अयोध्या पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भक्ति भाव में डूब गईं। श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलला को अपलक निहारती रहीं। आरती में शामिल हुईं। दोनों हाथ उठाकर जयकारे में शामिल हुईं। हनुमानगढ़ी में हनुमंतलला के दर्शन किये। आरती उतारी। मां सरयू आरती में भी शामिल हुईं। उन्होंने तीन घंटे से भी अधिक समय रामनगरी में बिताए।

भव्य और दिव्य राम मंदिर निहार वह भाव-विभोर दिखी। राष्ट्रपति बुधवार शाम 4:20 पर भारतीय वायु सेना के विमान से अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर पहुंचीं। यहां उनका स्वागत राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने किया। सड़क मार्ग से सीधे अयोध्या हनुमानगढ़ी पहुंचीं। बजरंगबली के दर्शन कर आरती उतारी। उनका आशीर्वाद लेकर मंदिर की परिक्रमा की। मुख्य पुजारी राजू दास ने राष्ट्रपति को स्मृति चिह्न भेंट किया।

सरयू तट पहुंची राष्ट्रपति ने 2100 बत्ती से मां सरयू की आरती उतारी। दुग्धाभिषेक किया। करीब आधे घंटे बाद वह सीधे राम जन्मभूमि परिसर पहुंचीं। उन्होंने नवनिर्मित मंदिर देखा। गर्भगृह में पहुंची। रामलला की आरती में शामिल हुईं। आरती के दौरान वह रामलला को अपलक निहारती रहीं। हाथ उठाकर जयकारे में शामिल हुईं। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास ने शॉल ओढ़ाकर उनका स्वागत किया। शाम लगभग 7:30 बजे दर्शन पूजन कार्यक्रम संपन्न करने के बाद वह अयोध्या एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना हो गईं।

### राष्ट्रपति ने 30 मिनट में 51 बार सरयू को किया प्रणाम

**अयोध्या, अमृत विचार :** सरयू की जलधारा में अस्ताचल की ओर प्रस्थान करते सूर्य के प्रतिबिंब के बीच बुधवार शाम राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही के साथ 5 :58 पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सरयू तट पर अपने पग धरे। सरयू तट पूरी श्रद्धा के साथ 5 :58 से 6 :28 बजे तक सलिला सरयू की साधना में लीन रहीं। 30 मिनट की इस अवधि के दौरान उन्होंने करीब 51 बार सलिला सरयू को प्रणाम करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की।

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 2 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 3 मई 01.52 तक तत्पश्चात दशमी।

**मेष** – आज कारोबारियों की आय में वृद्धि होगी। योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली परेशानी दूर होगी। आप जितनी मेहनत करेंगे आपको उसका परिणाम तुरन्त प्राप्त होगा। नए भावनात्मक रिश्तों की शुरुआत हो सकती है। आपको मित्रों से भरपूर सहयोग मिलेगा।

**वृष** – आज युवा अपने करियर को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने काम का पूरी तरह से आनन्द ले पायेंगे। कारोबार में कुछ नया प्रयोग कर सकते हैं। अपने लाभ के लिये स्वार्थी बनना ठीक नहीं है। आज लोगों के प्रति अपना व्यवहार न बिगाड़ें।

**मिथुन** – घर में आज बिना बुलाये मेहमान आ सकते हैं। जल्दबाजी में आपके काम बिगड़ सकते हैं। कार्यक्षेत्र में थोड़ी अनियमितता हो सकती है। पेट में गैस की समस्या हो सकती है। मसालेदार व तामसिक भोजन का सेवन न करें। हर विषय पर आपको राय देने से बचना चाहिए।

**कर्क** – आज सुबह आप किसी महत्वपूर्ण कार्य से यात्रा कर सकते हैं। लेकिन आज आपको यात्रा करने से बचना चाहिए। थकान और बुखार जैसी परेशानी हो सकती है। कार्यस्थल पर आप काफी सक्रिय रहने वाले हैं। आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**सिंह** – आज आप धर्म-कर्म में काफी व्यस्त रहने वाले हैं। आपका आत्मविश्वास काफी बढ़ा हुआ रहेगा। किन्तु आप अनावश्यक बातों को लेकर क्रुद्ध हो सकते हैं। अपना मन शांत रखें व अच्छी संगत में रहें। चल-अचल सम्पत्ति के विवाद शांत होंगे।

**कन्या** – आज व्यवसाय में बड़े अनुबंध मिलने की संभावना बन रही है। विद्यार्थियों को पढ़ाई में मन लगाना चाहिए। आय की दृष्टि से दिन बहुत ही उत्तम है। विरोधियों के ऊपर आपका प्रभाव बढ़ेगा। जल का सेवन पर्याप्त मात्रा में करें। सेहत की समस्या दूर होगी।

**तुला** – आज शेयर मार्केट में कार्य कर रहे लोगों को लाभ मिलेगा। बच्चों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं। मन आज थोड़ा व्यथित रहेगा। प्रेमी जन से बहसबाजी हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। कमर दर्द की शिकायत हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज महत्वपूर्ण मीटिंग आदि से बचें। कार्यक्षेत्र में लोगों से बहुत ज्यादा अपेक्षा न करें। अपनी इच्छानुसार कार्य होने से मन संतुष्ट रहेगा। परिजनों के लिए कुछ उपहार खरीद सकते हैं। जीवनसाथी से झगड़ा हो सकता है।


**धनु** – आज बॉस आपके ऊपर कुछ ज्यादा निर्भर रहेंगे। आज किसी को धोखा न दें। रुके हुए बहुत से काम आसानी से हो जायेंगे। पिता के साथ आवश्यक विषयों पर चर्चा करना उत्तम होगा। लम्बी दूरी की यात्रा की योजना बना सकते हैं।

**मकर** – आज आप अपने जीवनसाथी से मन की बातें शेयर कर सकते हैं। कारोबार को लेकर आप थोड़े तनाव में हो सकते हैं। नींद में बाधा उत्पन्न हो सकती है। योग और प्राणायाम को अपनी जीवनशैली का अङ्ग बनाएं। निजी जीवन में परेशानियों का अनुभव करेंगे।

**कुंभ** – आज आपका मानसिक तनाव पहले से काफी कम होगा। रोजगार के नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। जोश में आकर कोई गलत निर्णय न लें। सभी कार्य समय पर हो जायेंगे। शाम के समय आपको कुछ शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**मीन** – आज दिन का शुरुआती भाग आपके लिए बेहद सुखद रहेगा। भावनाओं में बहकर कोई निर्णय न लें। जीवनसाथी को लेकर थोड़ी चिन्ता रहेगी। दांपत्य सुख में कमी आ सकती है। खर्चों पर नियंत्रण रखें। अपनी जीवनशैली में बदलाव न करें।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-ग्रीष्म। चन्द्रबल-मेष, कर्क, सिंह, वृश्चिक, मकर, मीन। ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-घनिष्ठा 3 मई 01.49 तक तत्पश्चात शतभिषा।

## आज की फिल्में

तकदीर का तमाशा – सुबह : 09 .55
आखिरी गुलाम – रात : 07 .11
धड़क – सुबह : 10 .41
जवानी जानेमन – रात : 08 .00
टैक्सी ड्राइवर – सुबह : 07 .11
जर्नी 2 : द मिस्टीरियस आइलैंड – शाम : 05 .11
त्रिमूर्ति – सुबह :11 .50
डार्लिंग्स – रात : 08 .45
777 चार्ली – सुबह :10 .07
भगवंत केसरी – शाम : 06 .42

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात :08 .00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

टीचर : दिल्ली से आगरा की दूरी 210 किमी है तो मेरी उम्र क्या है?
स्टूडेंट : 50 वर्ष।
टीचर : सही है, कैसे पता चला?
स्टूडेंट : मेरे भाई की उम्र 25 वर्ष है और वो आधा पागल है।

पति : मैं नाश्ता नहीं करूंगा, लेट हो रहा है।
पत्नी : मैंने पराठे आज वाइन डालकर बनाए हैं।
4 पराठे के बाद पति : मजा आ गया, कौन सी वाइन डाली थी?
पत्नी : अजवाइन।



## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 985 फ्लैग 1100 बोल्ड 1140 डीएमओ 880।

## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1805, राज श्री 1290, फ़ॉर्चून कि. 1765, रविन्द्रा 1765, फॉर्चुन ली0 1595, जय जवान 1390, सचिन 1535, सूरज 1415, अवसर 1625, राग गोल्ड 1620, गृहणी 1550, क्लासिक (किलो) 1640, मोर 1535, चक्र टिन 1620, ब्लू 1670, आशीर्वाद मस्टर्ड 1670, स्वास्तिक 1775, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 19000, जीरा 29000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-11000, अजवायान 16000-24000, मेथी 7400, सौंफ 9000-13000, सोंठ 41000, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 11500, मूंग धोवा काला क्राउन 11100, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 7275-7700, मलका छाँटी 7350, दाल उड़द बिलासपुर 10500-11400, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12200, उड़द साबुत दिल्ली 11900, उड़द धोवा इंदौर 13800, उड़द धोवा 11900-12900, दाल चना 7350, लाल हिंदुस्तान 7650, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8300, चना अकोला 8200, डबरा 9000-11500, सच्चा हीरा 10300, मोटा हीरा 11700, अरहर गोला मोटा 14000, अरहर पटका मोटा 14400, अरहर कोरा मोटा 14700, अरहर पटका छोटा 15000-15400, अरहर कोरी छोटी 16700, **चीनी** -डालमियां 4140, पीलीभीत 4100, नवाबगंज (नई) 4090, बहेड़ी (नई) 4100 रुपये।

## सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 82,100 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72,900 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,300-54,500 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 70,150 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 70,000 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 81,000 |
| चांदी तैयार | 81,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 70,800 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 69,800 |
| चांदी पक्की | 800 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 70,800 |
| चांदी आभूषण | 80,700। |

# रियल एस्टेट क्षेत्र में तीन गुना बढ़ा निवेश

## परामर्श कंपनी सीएंडडब्ल्यू के अनुसार जनवरी-मार्च में 5,743 करोड़ रुपये पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

आवासीय रियल एस्टेट खंड में निवेश मार्च तिमाही में तीन गुना से अधिक होकर 5,743 करोड़ रुपये हो गया। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी कुशमैन एंड वेकफील्ड (सीएंडडब्ल्यू) के अनुसार, यह कुल रियल एस्टेट क्षेत्र में कुल प्रवाह का 63 प्रतिशत है। सीएंडडब्ल्यू की बुधवार को जारी पूंजी बाजार की रिपोर्ट में कहा गया कि मार्च तिमाही के दौरान रियल एस्टेट में निवेश बढ़कर 9,124 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान अवधि में 8,830 करोड़ रुपये था।

रिपोर्ट के अनुसार, कुल निवेश में से आवासीय खंड में निवेश बढ़कर 5,743 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल समान तिमाही में 1,735 करोड़ रुपये था। कार्यालय संपत्तियों में निवेश मामूली बढ़कर कैलेंडर वर्ष 2024 की पहली तिमाही में 2,248 करोड़ रुपये हो गया, जो पिछले साल इसी तिमाही में 2,180 करोड़ रुपये था। हालांकि, मिश्रित उपयोग वाली परियोजनाओं में निवेश मार्च तिमाही में घटकर 865 करोड़ रुपये रह गया, पिछले साल समान तिमाही में 1,645 करोड़ रुपये था। औद्योगिक और लॉजिस्टिक खंड में भी मार्च तिमाही में 268 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, जो पिछले साल की समान तिमाही में 2,170 करोड़ रुपये था। होटल परियोजनाओं में निवेशकों ने समीक्षाधीन तिमाही में कोई रुचि नहीं दिखाई।

हालांकि पिछले साल समान तिमाही में इस खंड में 1,100 करोड़ रुपये का निवेश हुआ था। सीएंडडब्ल्यू की मूल्यांकन, परामर्श और पूंजी बाजार खंड के प्रबंध निदेशक सोमी थॉमस ने कहा-चालू कैलेंडर की पहली तिमाही में भी रियल एस्टेट क्षेत्र में मजबूत पूंजी प्रवाह देखा गया। इसमें नए ग्राहक और निवेशकों के विश्वास के कारण आवासीय क्षेत्र का दबदबा रहा।



### मुंबई में संपत्तियों का पंजीकरण 11 प्रतिशत बढ़ गया

बृहन्मुंबई महानगरपालिका क्षेत्र में मजबूत आवास मांग के दम पर संपत्तियों का पंजीकरण अप्रैल में 11 प्रतिशत बढ़कर 11,628 इकाई हो गया। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। मुंबई में अप्रैल 2023 में 10,514 इकाइयों का पंजीकरण हुआ था। नाइट फ्रैंक के अनुसार-पिछले महीने 11,628 इकाइयों का पंजीकरण हुआ। मुंबई के बाजार में मकान खरीदने वालों के सकारात्मक रुख के बीच मुंबई में संपत्ति पंजीकरण 2024 में लगातार चौथे महीने 10,000 से अधिक रहा। कुल पंजीकृत संपत्तियों में से 80 प्रतिशत आवासीय इकाइयां हैं। नाइट फ्रैंक इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक शिशिर बैजल ने कहा-बाजार की सकारात्मक परिस्थितियों ने राज्य के खजाने को काफी बढ़ावा दिया, जिससे अप्रैल में राजस्व संग्रह अब तक का सर्वाधिक रहा। अप्रैल में संपत्ति पंजीकरण में तेजी आई है...यह सकारात्मक गति जारी रहने की उम्मीद है, जो मजबूत आर्थिक वृद्धि व स्थिर ब्याज दरों से प्रेरित है, जिनके स्थिर रहने की उम्मीद है।

## 11 प्रतिशत बढ़ गई बिजली की खपत

**नई दिल्ली।** देश में बिजली की खपत अप्रैल में सालाना आधार पर करीब 11 प्रतिशत बढ़कर 144.25 अरब यूनिट रही है। मुख्य रूप से तापमान बढ़ने से बिजली खपत बढ़ी है। सरकारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। अप्रैल, 2023 में बिजली की खपत 130.08 अरब यूनिट थी। एक दिन में बिजली की अधिकतम मांग भी अप्रैल, 2024 में बढ़कर 224.18 गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) हो गई, जबकि अप्रैल, 2023 में यह 215.88 गीगावाट थी। बिजली मंत्रालय ने गर्मियों के दौरान बिजली की अधिकतम मांग लगभग 260 गीगावाट रहने का अनुमान लगाया है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिजली की खपत के साथ-साथ मांग में वृद्धि मुख्य रूप से तापमान बढ़ने और इस्पात तथा बिजली जैसे क्षेत्रों में औद्योगिक गतिविधियों में तेजी के कारण हुई।

# ई-वाणिज्य केंद्र नई सरकार के एजेंडे में हो सकता है शामिल

नई दिल्ली, एजेंसी

- भारतीय निर्यात संगठन महासंघ (फियो) के महानिदेशक ने निर्यात को लेकर दी जानकारी

ऑनलाइन माध्यम से भारत के निर्यात को और बढ़ावा देने के लिए देश में ई-वाणिज्य केंद्र विकसित करने का मुद्दा नई सरकार के लिए वाणिज्य मंत्रालय के 100 दिन के एजेंडे में शामिल होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

वाणिज्य मंत्रालय की शाखा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) पहले से ही भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) और वित्त मंत्रालय सहित संबंधित मंत्रालयों के साथ ई-वाणिज्य माध्यम से निर्यात को बढ़ावा देने के लिए कई कदमों पर काम कर रही है क्योंकि इस क्षेत्र में निर्यात के बड़े अवसर हैं। यह कवायद इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि मंत्रालयों को नई सरकार के लिए 100 दिन की योजना तैयार करने को कहा गया है। भारत में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनाव 19 अप्रैल को शुरू हुए। मतगणना चार जून को होगी। अधिकारी ने कहा कि ये केंद्र ई-वाणिज्य माध्यमों से निर्यात को और बढ़ावा देने में मदद कर सकते हैं। उद्योग जगत के एक विशेषज्ञ के अनुसार, ऐसे केंद्र में निर्यात मंजूरी को सुगम बनाया जा सकता है। इसके अलावा इसमें भंडारण सुविधाएं, सीमा शुल्क मंजूरी, रिटर्न प्रोसेसिंग, लेबलिंग, टेस्टिंग और रीपैकेजिंग की भी सुविधा हो सकती है।



# जीएंडबी, गोदरेज प्रॉपर्टीज में भूमि विकास पर जारी रहेगी साझेदारी

नई दिल्ली, एजेंसी

**कारोबार विभाजन का मामला**

गोदरेज समूह के संस्थापक परिवार द्वारा कारोबारी समूह के सौहार्दपूर्ण विभाजन की घोषणा के अगले दिन बुधवार को गोदरेज एंड बॉयस और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने कहा कि वे मुंबई के विखरोली में भूमि विकास के लिए सहयोग जारी रखेंगी।

गोदरेज एंड बॉयस (जीएंडबी) और गोदरेज प्रॉपर्टीज ने संयुक्त बयान में कहा कि जब भी मालिक भूमि विकसित करने के इच्छुक होंगे, तब समय-समय पर दोनों कंपनियां विखरोली में भूमि विकास के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) को जारी रखेंगी। जीएंडबी की इकाई गोदरेज कंस्ट्रक्शन ने आवासीय विकास परियोजना गोदरेज प्लैटिनम के चार चरणों का डिजायन तैयार किया है और इनका निर्माण भी किया है। इसका निर्माण क्षेत्र 10 लाख वर्ग फुट है। इसका विपणन गोदरेज प्रॉपर्टीज ने किया है। मार्च, 2024 में गोदरेज विस्टास नाम की नई परियोजना को इसके तहत शुरू किया गया है। जीएंडबी के सीएमडी जमशेद गोदरेज ने कहा-विखरोली का भावी विकास मुंबई में एक समग्र स्थान बनाने का अनूठा अवसर पेश करता है।

## विदेशी निवेशकों ने शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लगातार दो माह तक खरीदार रहने के बाद अप्रैल में विदेशी निवेशक शुद्ध बिकवाल बन गए और उन्होंने 8,700 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे। मॉरीशस के साथ कर संधि में संशोधन से उपजी चिंताओं और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल लगातार बढ़ने से रुख में यह बदलाव देखने को मिला। डिपॉजिटरी के आंकड़ों से पता चलता है कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने मार्च में 35,098 करोड़ रुपये और फरवरी में 1,539 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। लेकिन अप्रैल में एफपीआई ने 8,700 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी कर ली।

# बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री रफ्तार सुस्त

नई दिल्ली, एजेंसी

- अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं

देश में यात्री वाहनों की बिक्री नए वित्त वर्ष (2024-25) के पहले महीने में स्थिर रही। अप्रैल में वाहन की 3.38 लाख इकाइयां बेची गईं। बिक्री पर उच्च तुलनात्मक आधार प्रभाव और आम चुनावों के कारण कम मांग का असर हुआ। यात्री वाहनों की थोक बिक्री अप्रैल में 1.77 प्रतिशत वृद्धि के साथ 3,38,341 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 3,32,468 इकाई थी।

इस दौरान मारुति सुजुकी इंडिया, हुंदै और टाटा मोटर्स की घरेलू थोक बिक्री में मामूली वृद्धि हुई है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यपालक अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये संवाददाताओं से कहा कि अप्रैल में सपाट वृद्धि पिछले साल उद्योग के उच्च तुलनात्मक आधार के कारण है। इसके अलावा चल रहे आम चुनावों का प्रभाव भी है।



उन्होंने कहा-हमने इस साल बहुत ऊंचे आधार पर शुरुआत की है... अभी देश में चुनाव चल रहे हैं और आदर्श आचार संहिता लागू है...चुनाव के दौरान बाजार थोड़ा सुस्त है। एक बार चुनाव ख़त्म हो जाएं, तो मुझे लगता है कि हम एक अलग बाजार देखेंगे। मारुति सुजुकी की कुल घरेलू यात्री वाहन बिक्री अप्रैल में 1,37,952 इकाई रही, जो पिछले साल इसी महीने में 1,37,320 इकाई थी। दूसरी ओर हुंदै मोटर इंडिया की घरेलू थोक बिक्री अप्रैल में एक प्रतिशत बढ़कर 50,201 इकाई रही, जो पिछले साल इसी माह 49,701 इकाई थी।



# कांग्रेस लिखित में गारंटी दे कि वह धर्म के आधार पर नहीं देगी आरक्षण: नरेंद्र मोदी

## प्रधानमंत्री बोले-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की

बनासकांठा (गुजरात), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को दावा किया कि कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। इसके साथ ही उन्होंने कांग्रेस और उसके गठबंधन में शामिल घटकों को लिखित में यह गारंटी देने की चुनौती दी कि वे ऐसा कभी नहीं करेंगे। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा-आपकी मंशा मुसलमानों को धर्म के आधार पर आरक्षण देने की है।

लोकसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद गुजरात में अपनी पहली चुनावी रैली में मोदी ने कहा कि जब तक वह और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सत्ता में हैं, तब तक अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को नौकरियों और शिक्षा में दिए गए आरक्षण की रक्षा की जाएगी। भाजपा के दिग्गज नेता ने जोर देकर कहा-मैं कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) के साथ-साथ उनकी पार्टी और समर्थकों को चुनौती देता हूं कि वे घोषणा करें कि कभी भी धर्म के नाम पर आरक्षण का दुरुपयोग नहीं करेंगे, न ही कभी संविधान के साथ खिलवाड़ करेंगे या कभी धर्म के नाम पर आरक्षण नहीं देंगे। उन्होंने कहा-कांग्रेस और 'इंडिया' गठबंधन लिखित में गारंटी दें कि वे धर्म के नाम पर कभी आरक्षण नहीं देंगे क्योंकि उन पर भरोसा नहीं किया जा सकता है।



नरेंद्र मोदी गुजरात में लोकसभा चुनाव के लिए सार्वजनिक बैठक के दौरान। ● एजेंसी

## प्रधानमंत्री बताएं आरक्षण पर 50% की सीमा हटाएंगे: रमेश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से इस संबंध में अपना रुख स्पष्ट करने को कहा कि क्या वह अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़े वर्गों (ओबीसी) के लिए आरक्षण पर 50 प्रतिशत की सीमा हटाएंगे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र इस बात की गारंटी देता है कि एससी, एसटी और ओबीसी के लिए आरक्षण की सीमा 50 प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से एक संवैधानिक संशोधन पारित किया जाएगा, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसे सांप्रदायिक रंग देने की कोशिश कर रहे हैं।



# हिमंत विश्व का अजमल के साथ गुप्त समझौता है : प्रियंका गांधी

धुबरी (असम), एजेंसी

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा का एआईयूडीएफ (ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के नेता बदरुद्दीन अजमल से उसी तरह 'गुप्त समझौता' है जैसा भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का तेलंगाना में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) नेता असदुद्दीन ओवैसी के साथ है और इन दोनों दलों का उद्देश्य कांग्रेस को हराना है।

धुबरी जिले के बालाजान में एक जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका गांधी ने असम में 'माफिया राज' होने का आरोप लगाया और दावा किया कि मुख्यमंत्री शर्मा राज्य में अनेक घोटालों में शामिल हैं। उन्होंने कर्नाटक में हासन से सांसद प्रज्वल रेवन्ना पर लगे यौन शोषण के आरोपों को लेकर भी भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उनके लिए वोट मांगे और फिर उन्हें देश छोड़ने से नहीं रोका। प्रियंका कांग्रेस विधायक रकीबुल हसन के लिए प्रचार कर रही थीं।



प्रियंका गांधी पार्टी उम्मीदवार रकीबुल हुसैन के समर्थन में असम पहुंचीं।

## आवश्यक रस्मों के बिना हिंदू विवाह वैध नहीं: उच्चतम न्यायालय

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि हिंदू विवाह नाचने-गाने, खाने-पीने या वाणिज्यिक लेनदेन का अवसर नहीं है और वैध रस्मों को पूरा किए बिना किसी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के तहत मान्यता नहीं दी जा सकती है।

न्यायमूर्ति बी.वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार और पवित्र बंधन है जिसे भारतीय समाज में काफी महत्व दिया जाता है। हाल ही में पारित अपने आदेश में पीठ ने युवक-युवतियों से आग्रह किया कि वे विवाह की संस्था में प्रवेश करने से पहले ही इसके बारे में गहराई से विचार करें क्योंकि भारतीय समाज में विवाह एक पवित्र बंधन है। पीठ ने दो प्रशिक्षित वाणिज्यिक पायलटों के मामले में अपने आदेश में यह टिप्पणी की।

## एक नजर

### जम्मू के किश्तवाड़ में भूकंप के झटके

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के पहाड़ी हिस्सों में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने ''एक्स'' पर एक पोस्ट में कहा कि दरमियानी रात को किश्तवाड़ जिले में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 3.4 मापी गयी। भूकंप 30 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। कम तीव्रता वाले इस भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप से अब तक किसी के घायल होने या बड़े नुकसान की सूचना नहीं है।

### डॉ. अतुल वर्मा हिमाचल के नए डीजीपी नियुक्त

**शिमला।** भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1992 बैच के अधिकारी डॉ. अतुल वर्मा को हिमाचल प्रदेश का नया पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति आईपीएस संजय कुंडू की सेवानिवृत्ति के बाद हुई है। डॉ. वर्मा, जो पहले सीआईडी, हिमाचल प्रदेश के महानिदेशक के रूप में कार्यरत थे, अब जनहित में राज्य पुलिस बल के प्रमुख के रूप में कार्यभार संभालेंगे। डॉ. वर्मा की नियुक्ति की अधिसूचना हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल द्वारा बुधवार यानी एक मई को तत्काल प्रभाव से जारी कर दी गई है।

# भाजपा न तो आरक्षण हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी

कोरबा (छत्तीसगढ़), एजेंसी

- अमित शाह ने छत्तीसगढ़ की जनसभा में विपक्षी दल पर लगाया झूठ बोलने का आरोप

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि भाजपा न तो अनुसूचित जाति (एससी), अनुसूचित जनजाति (एसटी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के आरक्षण को हटाएगी और न ही कांग्रेस को ऐसा करने देगी। उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर झूठ बोलने का आरोप लगाया और कहा कि चार जून को वह अपनी हार का ठीकरा अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे पर फोड़ने वाली है।

शाह कोरबा लोकसभा क्षेत्र के कटघोरा कस्बे में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस चुनाव जीतने के लिए देश में आतंकवाद और नक्सलवाद का पोषण करती रही है। शाह ने कहा-कांग्रेस पार्टी का एक सूत्र है- झूठ बोलो, जोर से बोलो, सार्वजनिक रूप से बोलो। वे कहते हैं कि मोदी जी को बहुमत मिलेगा तो आरक्षण हटा देंगे। उन्होंने मेरा एक 'फर्जी वीडियो' प्रसारित किया है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 10 साल से आपके आशीर्वाद से मोदी जी के पास बहुमत है। मोदी ने ना आरक्षण हटाया, ना हटाएंगे।

शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बहुमत का उपयोग अनुच्छेद 370 हटाने, राम जन्मभूमि पर मंदिर बनाने, सीएए लागू करने, तीन तलाक समाप्त करने और नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए किया। उन्होंने कहा-मैं आपको मोदी की गारंटी देने आया हूं, जब तक भारतीय जनता पार्टी का एक भी सांसद भारत की संसद में है, एसटी, एससी और ओबीसी आरक्षण को ना हम हटाएंगे, ना ही कांग्रेस को हटाने देंगे। भाजपा नेता ने कोरबा लोकसभा सीट से पार्टी प्रत्याशी सरोज पांडेय को वोट देने की अपील की। इस सीट पर सात मई को मतदान है।

कांग्रेस अध्यक्ष पर निशाना साधते हुए शाह ने कहा-खरगे साहब! क्यों एक परिवार के लिए झूठ बोल रहे हैं? चार जून (चुनाव परिणाम) को हारने के बाद हार का ठीकरा आप पर ही फूटने वाला है। आपको नहीं पता ये किसी के नहीं होते।



# दिल्ली की अदालत ने की प्रवर्तन निदेशालय की आलोचना

नई दिल्ली, एजेंसी

- कहा-मजबूत नेता और एजेंसियां जिनकी रक्षा की जिम्मेदारी उठाते हैं, उन्हें ही बनाते हैं शिकार

दिल्ली की एक अदालत ने धनशोधन मामले में एक आरोपी का इलाज करने वाले डॉक्टरों के बयान दर्ज करने के लिए सख्त पीएमएलए कानून का उपयोग करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की आलोचना करते हुए कहा कि इतिहास सिखाता है कि मजबूत नेता, कानून और एजेंसियां आम तौर पर जिनकी रक्षा का संकल्प लेते हैं उन्हीं को पलटकर निशाना बनाते हैं।

विशेष न्यायाधीश विशाल गोगने ने यह टिप्पणी अमित कत्याल द्वारा दाखिल एक आवेदन पर फैसला करते हुए की, जिसमें रेलवे नौकरी के बदले जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में चिकित्सा आधार पर पांच फरवरी को दी गई अंतरिम जमानत को बढ़ाने का अनुरोध किया गया था। न्यायाधीश ने 30 अप्रैल को अंतरिम जमानत के विस्तार को यह देखते हुए अस्वीकार कर दिया कि कात्याल स्पष्ट रूप से ठीक होने की राह पर हैं और जेल परिसर के भीतर निर्धारित जीवन शैली का पालन कर सकते हैं। न्यायाधीश ने हालांकि कहा कि कात्याल की ओर से पेश वरिष्ठ वकील विकास पाहवा ने उन डॉक्टरों के बयान दर्ज करने में ईडी द्वारा पीएमएलए की धारा 50 के उपयोग पर आपत्ति जताई थी।

# कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों ने छोड़ी पार्टी आप के साथ गठबंधन पर जताई नाराजगी

**नई दिल्ली।** आप से गठबंधन के विरोध में कांग्रेस के दो पूर्व विधायकों नीरज बसोया और नसीब सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। इससे पहले कांग्रेस की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने पद से इस्तीफा दे दिया था। लवली द्वारा आप के साथ गठबंधन का हवाला देकर इस्तीफा देने और राष्ट्रीय राजधानी में कांग्रेस उम्मीदवारों के बयानों के बाद पार्टी की दिल्ली इकाई में दरारें उजागर हुई थी। इन घटनाक्रम के बाद कांग्रेस ने मंगलवार को पूर्व विधायक देवेंद्र यादव को अपनी दिल्ली इकाई का अंतरिम अध्यक्ष नियुक्त किया था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को लिखे पत्रों में नीरज बसोया और नसीब सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस कार्यकर्ता परेशान हैं और आप से गठबंधन के कारण अपमानित महसूस कर रहे हैं।

# कोर्ट ने मिशेल की जमानत याचिका पर सीबीआई और ईडी का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

**अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से संबंधित 3,600 करोड़ रुपये के अगस्ता वेस्टलैंड हेलीकॉप्टर घोटाला मामले में नियमित जमानत का अनुरोध करने वाले कथित बिचौलिए क्रिश्चियन मिशेल जेम्स की याचिका पर केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से उनका रुख व्यक्त करने के लिए कहा है।

न्यायमूर्ति ज्योति सिंह ने ब्रिटिश नागरिक की जमानत याचिकाओं पर जांच एजेंसियों को नोटिस जारी किया, जिसे दिसंबर 2018 में दुबई से प्रत्यर्पण के तहत लाया गया था और बाद में कथित घोटाले में भूमिका के लिए उसे गिरफ्तार किया गया था। न्यायाधीश ने 22 अप्रैल को पारित दो अलग-अलग आदेशों में सीबीआई और ईडी के वकील से तीन सप्ताह में अपनी स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने के लिए कहा। इस मामले की अगली सुनवाई 16 मई को होगी। पिछले साल सात फरवरी को शीर्ष अदालत ने जेम्स को जमानत देने से इनकार कर दिया था। जेम्स फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। शीर्ष अदालत ने जेम्स की उस दलील को खारिज कर दिया था जिसमें कहा गया था कि उसे इस आधार पर रिहा किया जाए कि वह इस मामले में दी जाने वाली अधिकतम कारावास की सजा का आधा हिस्सा जेल में बिता चुका है। इसके पहले उच्च न्यायालय ने मार्च 2022 में सीबीआई और ईडी, दोनों से ही जुड़े मामलों में उसकी जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। कथित घोटाला अगस्ता वेस्टलैंड से 12 वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की खरीद से जुड़ा है। सीबीआई ने अपने आरोपपत्र में आरोप लगाया कि वीवीआईपी हेलीकॉप्टर की आपूर्ति के लिए 8 फरवरी, 2010 को हस्ताक्षरित सौदे के कारण सरकारी खजाने को लगभग 2,666 करोड़ रुपये का अनुमानित नुकसान हुआ।




### दिल्ली उच्च न्यायालय ने अदालत के विस्तार की मांग वाली याचिका पर केंद्र से मांगा जवाब

दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को उस याचिका पर केंद्र से जवाब मांगा जिसमें अदालत, अदालत कक्षों, वकीलों के कक्षों, पार्किंग स्थान और बुनियादी ढांचे के विस्तार का अनुरोध किया गया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पीएस अरोड़ा की पीठ ने याचिका पर केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों तथा कानून एवं न्याय मंत्रालय और उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष को नोटिस जारी किया। यह याचिका दिल्ली उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन द्वारा दायर की गई है। इस याचिका में केंद्र को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि उच्च न्यायालय के विस्तार के लिए ढांचागत जरूरतों के मद्देनजर यहां बापा नगर की पूरी जमीन का कब्जा सौंप दिया जाए। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा-परेशानी यह है कि उच्च न्यायालय यहीं है। हमें अगल-बगल की भूमि की आवश्यकता होगी। हम इस पर गौर करेंगे और देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं। वस्तुतः आज हमारे पास कोई जमीन नहीं है। मामले मे अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी। इस मामले में केंद्र का प्रतिनिधित्व स्थायी वकील अनुराग अहलूवालिया ने किया, वहीं दिल्ली उच्च न्यायालय के प्रशासन पक्ष का प्रतिनिधित्व वकील रावी बीरबल ने किया।

## आज का मुकाबला

सनराइजर्स हैदराबाद

बनाम

राजस्थान रॉयल्स

शाम 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 509 |
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

# टी-20 विश्व कप के लिए बेहतर एकादश बनाने में जुटी सभी टीमें

## जेक फ्रेजर मैकगुर्क को नहीं मिली ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह

सिडनी, एजेंसी

अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले आगामी टी-20 विश्वकप के लिए ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को मिचेल मार्श की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। आईपीएल ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करने वाले युवा बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मैकगुर्क और स्टीव स्मिथ को टीम में जगह नहीं मिली है। ऑस्ट्रेलियाई चयनकर्ताओं ने बुधवार की सुबह मिचेल मार्श को टी-20 कप्तान भी नियुक्त कर दिया है।

मार्श इससे पहले तीन टी-20 सीरीज में ऑस्ट्रेलियाई टीम की कप्तानी कर चुके हैं। उस वक्त वह तकरीबन 12 महीनों के लिए टीम के कार्यवाहक कप्तान थे। विश्वकप के लिए टीम के तेज गेंदबाजी क्रम में पैट कमिंस, जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के अलावा टीम में युवा गेंदबाज नाथन एलिस को भी जगह दी गई है। वहीं विकेटकीपिंग में जोश इंग्लस को पहली पसंद के कीपर मैथ्यू वेड के बाद रिजर्व विकेटकीपर के तौर पर चुना गया है। बल्लेबाजी क्रम में चयनकर्ताओं ने अनुभवी बल्लेबाज डेविड वॉर्नर पर फिर से भरोसा जताया है। इसके अलावा ट्रेविस हेड भी टीम में हैं। मध्यक्रम में ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टॉयनिस और टिम डेविड का साथ शायद विकेटकीपर बल्लेबाज के तौर पर मैथ्यू वेड देंगे। चयन समिति के अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने बताया कि एगर और ग्रीन को अन्य खिलाड़ियों से पहले टीम में तरजीह दी गई। ऑस्ट्रेलियाई टीम में मिचेल मार्श (कप्तान), एश्टन एगर, पैट कमिंस, टिम डेविड, नाथन एलिस, कैमरन ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, जोश इंग्लस (विकेटकीपर), ग्लेन मैक्सवेल, मिचेल स्टार्क, मार्कस स्टोइनिस, मैथ्यू वेड, डेविड वार्नर और एडम जैम्पा शामिल हैं।

## अफगानिस्तान ने किया टीम का ऐलान

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान ने अमेरिका और वेस्टइंडीज की सह मेजबानी में होने वाले टी-20 विश्वकप के लिए राशिद खान की अगुवाई वाली 15 सदस्यीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। चयनकर्ताओं ने अफगानिस्तान की टीम में केवल चार बल्लेबाजों रहमानुल्लाह गुरबाज, इब्राहिम जदरान, नजीबुल्लाह जदरान और बैकअप विकेटकीपर मोहम्मद इशाक को शामिल किया है। टीम में अजमतुल्लाह उमरजई, नबी, गुलबदीन नईब, करीम जनत और नांगेयालिया खरोटे के रूप में छह ऑलराउंडर्स को जगह दी गई है। अफगानिस्तान की स्पिन गेंदबाजी की जिम्मेदारी मुजीब और नूर, राशिद पर होगी। इसके अलावा टीम में नबी और खरोटे भी टीम में हैं। वहीं तेज गेंदबाज के तौर पर नवीन उल हक एकमात्र दाहिने हाथ के गेंदबाज हैं। उनके अलावा बाएं हाथ के गेंदबाज फजलहलक फारूकी और फरीद अहमद भी टीम में हैं। नूर, जनत और इशाक के लिए यह पहला टी-20 विश्वकप होगा। इसके अलावा हजरतउल्लाह जजई भी 15 सदस्यीय टीम में नहीं हैं। उन्हें रिजर्व के तौर पर टीम में शामिल किया गया है।

## न्यूयॉर्क में फ्लोरिडा से लाई जा रही हैं 'ड्रॉप इन' पिचें

**न्यूयॉर्क।** आगामी टी20 विश्व कप के लिये फ्लोरिडा से 'ड्रॉप इन' पिचें न्यूयॉर्क लाई जा रही हैं जहां बाकी मैचों के अलावा नौ जून को भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप चरण का मैच भी होना है। ये ऐसी पिच होती है, जिसे मैदान या वेन्यू से दूर कहीं बनाया जाता है और बाद में स्टेडियम में लाकर बिछा दिया जाता है। फ्लोरिडा में दिसंबर से दस ड्रॉप इन पिचें बनाई जा रही थी। ये पिचें एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस के मार्गदर्शन में बनाई जा रही हैं जिसकी अगुवाई एडीलेड ओवन के मुख्य क्यूरेटर डेमियर हॉग कर रहे हैं। आईसीसी की विज्ञप्ति के अनुसार चार पिचें नासाउ स्टेडियम में लगाई जाएंगी जबकि छह आसपास अभ्यास परिसर में लगेंगी। टूर्नामेंट के दौरान एडीलेड ओवल टर्फ सोल्यूशंस टीम न्यूयॉर्क में ही रहेगी ताकि पिच के रख रखाव में मदद कर सके। टूर्नामेंट दो से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेला जाएगा।

# चेपॉक में पंजाब ने चेन्नई को किया चित

## सात विकेट से जीती पंजाब किंग्स, ऋतुराज के अर्धशतक पर बेयरस्टो और रुसो ने फेरा पानी

चेन्नई, एजेंसी

जॉनी बेयरस्टो (46), राइली रुसो (43) की दमदार पारियों की बदौलत पंजाब किंग्स ने बुधवार को आईपीएल के 49वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को सात विकेट से हरा दिया है। पंजाब किंग्स की यह चौथी जीत और चेन्नई सुपर किंग्स की पांचवीं हार है।

पंजाब किंग्स के गेंदबाजों ने बेहतरीन गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए चेन्नई सुपर किंग्स को बड़ा स्कोर बनाने से रोका और उसके बाद जॉनी बेयरस्टो और राइली रुसो ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम को जीत की ओर अग्रसर किया। जॉनी बेयरस्टो ने 30गेंदों में सात चौके और एक छक्के की मदद से (46) रन बनाए। वहीं राइली रुसो ने 23 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए (43) रनों की पारी खेली। सलामी बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह 10 गेंदों में 13 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह 27 और सैम करन 26 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब ने 17.5 ओवर में तीन विकेट पर 163 रन बनाकर सात विकेट से मुकाबला जीत लिया। चेन्नई की ओर से शार्दुल ठाकुर, रिचर्ड ग्लीसन और शिवम दूबे ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।



अर्धशतक लगाने के बाद दर्शकों का अभिवादन करते ऋतुराज। >>

इससे पहले कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (62) और अजिंक्य रहाणे (29) की शानदार पारियों के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने पंजाब किंग्स को जीत के लिए 163 रनों का लक्ष्य दिया था। एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पंजाब किंग्स के कप्तान सैम करन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। पहले बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई की ऋतुराज गायकवाड़ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिये 64 रन जोड़े। हालांकि इस जोड़ी के बाद कोई बड़ी साझेदारी नहीं हो सकी। नौवें ओवर में हरप्रीत बराड़ ने पहले अजिंक्य रहाणे 24 गेंदों में (29) और इसी ओवर में शिवम दूबे (शून्य) पर आउटकर पंजाब को दोहरी सफलता दिलाई। इसके बाद रवींद्र जडेजा (2) और समीर रिजवी (21) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। मोईन अली (15), एमएस धोनी(14) रन बनाकर आउट हुये। ऋतुराज गायकवाड़ ने सर्वाधिक (62) रन बनाए। चेन्नई ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 162 रनों का स्कोर खड़ा किया।

### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| लखनऊ | 10 | 6 | 4 | 12 | +0.094 |
| चेन्नई | 10 | 5 | 5 | 10 | +0.627 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| पंजाब | 10 | 4 | 6 | 8 | -0.062 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| मुंबई | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.272 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |





### ऋतुराज को मिली ऑरेंज कैप

ऋतुराज ने अर्धशतक जड़ने के बाद विराट कोहली से ऑरेंज कैप छीन ली। विराट का अभी तक ऑरेंज कैप पर कब्जा था। ऋतुराज ने अब तक एम ए चिदंबरम स्टेडियम में पिछले 5 मैचों में 46, 67, 108*, 98 और 62 रन बनाए। शानदार फॉर्म में होने के बावजूद रुतुराज को टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं मिली।

### चेन्नई 162/7

20 ओवर, अतिरिक्त : 18

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अजिंक्य रहाणे का रोसेयु बो बराड़ | 29 | 24 | 5/0 |
| रुतुराज गायकवाड़ बो अर्शदीप | 62 | 48 | 5/2 |
| शिवम दुबे पगबाधा बराड़ | 0 | 1 | 0/0 |
| रविंद्र जडेजा पगबाधा चाहर | 2 | 4 | 0/0 |
| समीर रिजवी का हर्षल बो रबाडा | 21 | 23 | 1/0 |
| मोईन अली बो राहुल चाहर | 15 | 9 | 1/1 |
| महेंद्र सिंह धोनी रन आउट | 14 | 11 | 1/1 |
| डेरिल मिचेल नाबाद | 1 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** रबाडा 4-0-23-1, अर्शदीप 4-0-52-1, कुरेन 3-0-37-0, बराड़ 4-0-17-2, राहुल चाहर 4-0-16-2, हर्षल 1-0-12-0

### पंजाब 163/3

17 .5 ओवर, अतिरिक्त : 10

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| प्रभसिमरन का गायकवाड़ बो ग्लीसन | 13 | 10 | 1/1 |
| जॉनी बेयरस्टो का धोनी बो दुबे | 46 | 30 | 7/1 |
| राइली रुसो बो शारदुल | 43 | 23 | 5/2 |
| शशंक सिंह नाबाद | 25 | 26 | 1/1 |
| सैम कुरेन नाबाद | 26 | 20 | 3/0 |

**गेंदबाजी :** चाहर 0 .2-0-4-0, शारदुल 3 .4-0-48-1, ग्लीसन 3 .5-0-30-1, मुस्ताफिजुर 4-1-22-0, जडेजा 3-0-22-0, मोईन 2-0-22-0, दुबे 1-0-14-1

## खेल डायरी

### थॉमस कप में इंडोनेशिया से 1-4 से हारा भारत

**चेंगदू (चीन)।** गत चैंपियन भारत बुधवार को यहां थॉमस कप बैडमिंटन टूर्नामेंट में इंडोनेशिया की मजबूत टीम के खिलाफ 1-4 से हार गया और अपने ग्रुप में शीर्ष पर नहीं पहुंच पाया। भारत और इंडोनेशिया दोनों पहले ही अपने शुरुआती दोनों मैच जीतकर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर चुके हैं लेकिन इंडोनेशिया ग्रुप सी के विजेता के रूप में नॉकआउट में जाएगा। पुरुष एकल में भारत के नंबर एक खिलाड़ी एचएस प्रणय ने शुरुआती मैच में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए एंथनी गिंटिंग को 13-21, 21-12, 21-12 से हराकर टीम को 1-0 से आगे कर दिया। पहले पुरुष युगल मैच में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार जोड़ी मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और बागस मौलाना से हार गई। इंडोनेशिया की जोड़ी ने सात्विक और चिराग को हराया जिससे मुकाबला 1-1 से बराबर हो गया। लक्ष्य सेन इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के पुरुष एकल विजेता जोनाथन क्रिस्टी से 18-21, 21-16, 17-21 से हार गए जिससे भारत 1-2 से पिछड़ गया।

### मुंबई पर धीमी ओवर गति के लिए जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में दूसरी बार टीम की ओवरगति धीमी रहने के कारण 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया गया है। इंपैक्ट खिलाड़ी समेत बाकी खिलाड़ियों पर छह छह लाख रूपये या मैच फीस के 25 प्रतिशत में से जो कम हो, जुर्माना लगाया गया। मुंबई को लखनऊ ने चार विकेट से हराया। आईपीएल ने कहा मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या पर टाटा इंडियन प्रीमियर लीग के 48वें मैच के दौरान धीमी ओवरगति के लिए जुर्माना लगाया गया है। इसमें कहा गया यह इस सत्र में धीमी ओवर गति संबंधित टीम का दूसरा अपराध था तो पंड्या पर 24 लाख रूपये जुर्माना लगाया है। बाकी सदस्यों पर छह छह लाख रूपये का जुर्माना लगाया गया है।

### महिला हॉकी लीग में हरियाणा-महाराष्ट्र जीते

**रांची।** हरियाणा ने राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के पहले चरण के दूसरे दिन बुधवार को यहां मणिपुर को 8-0 जबकि महाराष्ट्र ने मिजोरम को 3-0 से हराया। हरियाणा के लिए एकतरफा जीत में शशि खासा (49वें, 50वें और 56वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि रितिका ने दो गोल दागे। टीम के लिए पूजा (दूसरे मिनट), मंजू चौरसिया (20) और भतेरी (37) ने एक-एक गोल किया। महाराष्ट्र को भी मिजोरम के खिलाफ जीत हासिल करने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। तनुश्री दिनेश काडू ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके महाराट्र को बढ़त दिलाई जबकि मोनिका टिर्की ने 26वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। कप्तान अश्विनी कोलेकर (50वें मिनट) ने दूसरे हाफ में गोल दागकर टीम की 3-0 से जीत सुनिश्चित की।

### सेमीफाइनल में पहुंचे चार भारतीय मुक्केबाज



**अस्ताना (कजाखस्तान)।** भारतीय मुक्केबाजों आर्यन, यशवर्धन सिंह, प्रियांशु और साहिल ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर एएसबीसी एशियाई अंडर-22 एवं युवा मुक्केबाजी चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में जगह बनाई। आर्यन ने 51 किग्रा वर्ग में उज्बेकिस्तान के जुराएव शाकरबाय को सर्वसम्मत फैसले में 5-0 से हराकर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। यशवर्धन (63 .5 किग्रा) ने पहले दौर में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए ईरान के मिराहमादी बाबाहेदारी को 4-1 से हराया। दूसरी तरफ प्रियांशु (71 किग्रा) और साहिल (80 किग्रा) को अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा और उन्होंने क्रमश : चीनी ताइपे के वू यू एन और तुर्कमेनिस्तान के यकलीमोव अब्दिरहमा के खिलाफ रैफरी के मुकाबला रोकने (आरएससी) के फैसले के साथ अगले दौर में प्रवेश किया। युवा वर्ग के सेमीफाइनल मुकाबले शुक्रवार को खेले जाएंगे। आर्यन (92 किग्रा), निशा (52 किग्रा), आकांक्षा फलसवाल (70 किग्रा) और रुद्रिका (75 किग्रा) बुधवार रात अपने-अपने युवा वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में उतरेंगे।

## मैड्रिड ओपन में आखिरी बार खेलते हुए हार के बाद भावुक हुए नडाल



### ये यादें साथ रहेंगी : राफेल

**मैड्रिड।** बाईस बार के ग्रैंडस्लैम चैंपियन राफेल नडाल मैड्रिड ओपन के चौथे दौर में मिली हार के बाद भावुक हो गए चूंकि यहां वह आखिरी बार खेल रहे हैं। पांच बार के चैंपियन नडाल को 31वीं रैंकिंग वाले जिरि लेहेका ने हराया। हार के बाद नडाल ने कहा यह काफी कठिन दिन है लेकिन यही हकीकत है। मेरा शरीर और जिंदगी काफी समय से संकेत दे रहे हैं। मैं इस कोर्ट को अलविदा कह रहा हूं और मेरे लिए यह बहुत भावुक पल है। यहां की यादें सदैव मेरे साथ रहेंगी। नडाल के हमवतन स्पेन के ही कार्लोस अल्काराज तीन घंटे तक चले मैच में जान लेनार्ड स्ट्रफ को हराकर अगले दौर में पहुंच गए। शीर्ष वरीयता प्राप्त यानिक सिनेर ने कारेन खाचानोव को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदव ने अलेक्जेंडर बुबलिक को हराया। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक ने बीट्रिज हदाद माइया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा। जिन्होंने ओंस जबाउर को हराया।

# जीत के ढर्रे पर आना चाहेगी हैदराबाद

हैदराबाद, एजेंसी

लक्ष्य का पीछा करते हुए भटकने वाली सनराइजर्स हैदराबाद शीर्ष पर काबिज राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ गुरुवार को इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अपने अभियान को ढर्रे पर लाना चाहेगी। रॉयल्स का प्लेआफ में स्थान लगभग पक्का है लेकिन सनराइजर्स के लिए इस मैच में बहुत कुछ दाव पर है।

कुछ दिन पहले तक शानदार फॉर्म में चल रही सनराइजर्स को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ लक्ष्य का पीछा करते हुए मिली हार का खामियाजा भुगतना पड़ा है। इन पराजयों के बाद टीम शीर्ष चार से बाहर हो गई।

पैट कमिंस की कप्तानी वाली टीम के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाज लक्ष्य का पीछा करते हुए नाकाम रहे हैं जिससे कोच डेनियल विटोरी को स्वीकार करना पड़ा कि लक्ष्य का पीछा करते हुए अति आक्रामक खेलने की रणनीति गलत रही।



दूसरी ओर रॉयल्स का अब तक का सफर बेदाग रहा है । पहले सत्र की विजेता टीम ने हर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ उम्दा प्रदर्शन किया है। उसके पास जोस बटलर, यशस्वी और कप्तान सैमसन जैसे फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। गेंदबाजी में उनके पास चहल, बोल्ट का अनुभव और आवेश, संदीप का जोश है।

## बॉलीवुड हलचल

### राजामौली ने बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का किया ऐलान



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जानेमाने निर्देशक एसएस राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली : क्राउन ऑफ ब्लड का ऐलान कर दिया है। बाहुबली, बाहुबली 2 और आरआरआर जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्म देने के बाद, फैंस और दर्शक निर्देशक एसएस राजामौली की अगली फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। राजामौली ने अपने आगामी प्रोजेक्ट बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड एनिमेटेड सीरीज का एलान किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप के जरिए अपने प्रोजेक्ट के टाइटल का खुलासा किया है। एसएस राजामौली ने अपने ऑफिशियल एक्स (ट्विटर) पर अपने आगामी प्रोजेक्ट का खुलासा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया है और कैप्शन में लिखा है, जब महिष्मति के लोग उनका नाम जपते हैं, तो ब्रह्मांड की कोई भी ताकत उन्हें वापस लौटने से नहीं रोक सकती। बाहुबली क्राउन ऑफ ब्लड, एक एनिमेटेड सीरीज का ट्रेलर, जल्द ही आएगा। वीडियो में टाइटल को धुएं से निकलते हुए दिखाया गया है। बैकग्राउंड में लोगों को बाहुबली के नारे लगाते हुए सुना जा सकता है।

### दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में अक्षय-अरशद शुरू करेंगे जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग



**मुंबई।** बॉलीवड अभिनेता अक्षय कुमार और अरशद वारसी दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में फिल्म जॉली एलएलबी 3 की शूटिंग शुरू कर सकते हैं। वर्ष 2013 में सुभाष कपूर के निर्देशन में बनी 'जॉली एलएलबी' में अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभाई थी। इसके बाद वर्ष 2017 में जॉली एलएलबी की सीक्वल प्रदर्शित हुई, जिसमें अक्षय कुमार की मुख्य भूमिका थी।लंबे समय से इस फ्रेंचाइजी के फैंस को इसके तीसरे पार्ट का इंतजार है। कहा जा रहा है कि जॉली एलएलबी 3 में अक्षय और अरशद एक साथ दिखेंगे। बताया जा रहा है कि जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग राजस्थान में शुरू हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अक्षय और अरशद जल्द ही दिल्ली के तीस हजारी कोर्ट में जॉलीएलएलबी 3 की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। शूटिंग जून से जुलाई तक 30-40 दिनों तक चल सकती है। बताया जा रहा है कि 2024 में फिल्म की शूटिंग पूरी हो जाएगी और 2025 में फिल्म थिएटर्स में दस्तक दे सकती है।

## एमएसके प्रसाद बोले-काफी होंगे तीन तेज गेंदबाज, अमेरिका और वेस्टइंडीज में धीमी पिचों की उम्मीद

# क्या विश्व कप की चुनौती में सफल हो पाएंगे अर्शदीप और सिराज

- आईपीएल के इस सत्र में अब तक महंगे साबित हुए हैं दोनों की भारतीय तेज गेंदबाज



नई दिल्ली, एजेंसी

भारत की टी20 विश्व कप टीम में चार स्पिनरों से पता चलता है कि भारतीय चयनकर्ताओं को अमेरिका और वेस्टइंडीज में स्पिन की अनुकूल धीमी पिचों की उम्मीद है लेकिन क्या उन्होंने 15 सदस्यीय टीम में केवल तीन तेज गेंदबाजों को चुनकर कोई गलती की है। तेज गेंदबाजी में पसंद पर भी सवाल उठे हैं। आईपीएल शुरू होने से पहले तेज गेंदबाजी विभाग में सिर्फ जसप्रीत बुमराह का चयन तय था जबकि अन्य तेज गेंदबाजों को लीग में खुद को साबित करना था।

मंगलवार को चुनी गई टीम को देखते हुए चयनकर्ताओं ने सुरक्षित रुख अपनाया और एक जून से शुरू होने वाले आईसीसी टूर्नामेंट में बुमराह का साथ देने के लिए मोहम्मद सिराज और अर्शदीप सिंह को चुना। सिराज ने 10 और अर्शदीप ने 44 टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेले हैं। इन दोनों का मौजूदा आईपीएल में प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा लेकिन भारत के लिए उनके अतीत के प्रदर्शन के आधार पर उन्हें टीम जगह मिली है। सिराज ने 9.50 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए हैं जबकि अर्शदीप महंगे साबित हुए हैं और उन्होंने प्रति ओवर 9.63 रन की दर से रन लुटाए हैं। अर्शदीप ने हालांकि नौ मैच में 12 विकेट चटकाए हैं। पूर्व मुख्य चयनकर्ता एमएसके प्रसाद की राय में विश्व कप में तीन तेज गेंदबाजों को ले जाना काफी होगा और उन्हें चुने गए खिलाड़ियों से भी कोई दिक्कत नहीं है। पिचों से धीमे गेंदबाजों को मदद मिलने की उम्मीद है और इसीलिए चार स्पिनरों के साथ जा रहे हैं। प्रसाद ने टीम को संतुलित बताया, हालांकि उन्हें लगता है कि राहुल जगह पाने के हकदार थे। बल्लेबाजी के नजरिए से यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि राहुल जैसा खिलाड़ी चूक गया है।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, **कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# चुनाव के दांव-पेच सीखने भारत आए 10 देशों के दल

नई दिल्ली, एजेंसी

- ऑस्ट्रेलिया, रूस समेत 18 राजनीतिक दल चुनावी प्रक्रिया को समझने भारत दौरे पर आए

देशभर में चल रहे लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया को देखने और समझने के लिए पूरी दुनिया से लोग भारत आए हैं। भाजपा के विदेश विभाग के प्रभारी डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि भारत के चुनावी इतिहास में पहली बार 10 देशों के कई राजनीतिक दल भाजपा के निमंत्रण पर एक से पांच मई तक भारत दौरे पर रहेंगे।

लोकसभा चुनाव का शुरुआती अनुभव लेने के लिए सत्तारूढ़ पार्टी के निमंत्रण पर 10 देशों के 18 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भारत की यात्रा पर आए हैं। इस दौरान यह लोग भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव और विदेश मंत्री एस जयशंकर सहित भाजपा के कई नेताओं से बातचीत करेंगे। डॉ. विजय चौथाईवाले ने बताया कि ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, मॉरीशस, नेपाल, रूस, श्रीलंका, तंजानिया, युगांडा और वियतनाम सहित 10 देशों से आने वाले प्रतिनिधि भारतीय चुनावी प्रक्रिया के साथ-साथ भाजपा की चुनाव अभियान रणनीतियों को समझने के लिए नई दिल्ली में वरिष्ठ भाजपा नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। ऑस्ट्रेलिया की लिबरल पार्टी, वियतनाम की वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी, बांग्लादेश की अवामी लीग, इजराइल की लिकुड पार्टी, युगांडा की नेशनल रेसिस्टेंस मूवमेंट, तंजानिया की चामा चा मापिनदुजी और रूस की यूनाइटेड रशिया पार्टी उन राजनीतिक दलों में शामिल हैं।



# अमेरिका: 300 प्रदर्शनकारी गिरफ्तार

न्यूयॉर्क, एजेंसी

फिलिस्तीनी समर्थक लोग अमेरिका भर के विवि में प्रदर्शन कर रहे हैं। विश्वविद्यालय के कैंपस में तंबू लगाकार कई दिनों से छात्र विरोध प्रदर्शन करने में जुटे हुए हैं। पुलिस बार-बार छात्रों से अपील कर रही है कि वे तत्काल कैंपस से हट जाएं। वहीं, कोलंबिया विश्वविद्यालय पर छात्रों ने कब्जा कर लिया, इसके बाद विवि ने छात्रों को निलंबित करना शुरू कर दिया है। पुलिस कार्रवाई के दौरान 300 से ज्यादा छात्रों को हिरासत में लिया है। फिलिस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों के बीच रात भर यूसीएलए परिसर में हिंसक झड़प हुई और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए दंगा रोधी साजो-सामान के साथ पुलिस पहुंची। लोगों ने एक दूसरे पर कुर्सियां फेंकीं। लाठियों से लैस कुछ लोग दूसरों को पीटते नजर आए। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि कितने लोग घायल हुए हैं। बता दें, अबतक एक हजार से अधिक प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया है।

# एआई की रेस में भारतीय कंपनियां सबसे आगे

**60%** अग्रणी देशों में कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं

### कौनसा देश किसी स्थिति में

- भारत : 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं।
- सिंगापुर : 57% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट।
- अमेरिका : 53% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट से लैस हो चुकी हैं।
- जापान : 19% कंपनियां ही एआई प्रोजेक्ट पर चला रही हैं।

*आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) ने दुनिया को अग्रणी और पिछड़े देशों में विभाजित कर दिया है। डेटा इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी नेटएप की रिपोर्ट में कहा गया है कि एआई की रेस में भारत, सिंगापुर, ब्रिटेन और अमेरिका अग्रणी हैं। स्पेन, ऑस्ट्रेलिया और जर्मनी पिछड़े देशों में से हैं। अग्रणी देशों में 60% कंपनियों के पास एआई प्रोजेक्ट चल रहे हैं। जबकि भारत में 70% कंपनियां एआई प्रोजेक्ट संचालित कर रही हैं। पीछे रहने वाले ने देशों में 36% कंपनियों के पास ही ऐसे प्रोजेक्ट हैं नेटएप ने यह रिपोर्ट सवंता के साथ साझेदारी में की गई स्टडी से तैयार की है।*

### अपनाने में कौन आगे

- 70 फीसदी टेक्नोलॉजी
- 55 फीसदी बैंकिंग और फाइनेंशियल
- 50 फीसदी मैनुफैक्चरिंग
- 38 % हेल्थकेयर
- 25% मीडिया और एंटरटेनमेंट

- 10 देशों के 1,300 से अधिक अधिकारियों से सवाल पूछे गए। रोचक बात यह है कि भारत की 91% कंपनियों की योजना एआई प्रोजेक्ट को ट्रेन्ड करने के लिए अपना डेटा इस्तेमाल करने की है। वैश्विक स्तर 20/ भारतीय कंपनियों का 53% भारत कि वे आईटी की जगह एआई की मदद लेंगी।



### इससे लाखों लोगों की जा सकती है नौकरी

फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक के आईटी सेक्टर में सबसे ज्यादा नौकरी कॉल सेंटर्स में मिलती है लेकिन अगले दो साल में यह नजारा कुछ और होने वाला है। तमाम कॉल सेंटर्स में एआई का इस्तेमाल बड़े स्तर पर होने लगेगा और इंसानों की जरूरत नहीं होगी। ऐसे में अगले दो साल में यानी 2025 तक दुनियाभर में कॉल सेंटर्स के लाखों लोग बेरोजगार होंगे। उन्होंने कहा कि एआई इनकमिंग कॉल को आसानी से हैंडल कर सकते हैं और उनके जवाब दे सकते हैं। कॉल सेंटर में इंसानों की जरूरत नहीं होगी।

### कई क्षेत्रों में हो रहा एआई का इस्तेमाल

आर्टिफिशिल इंटेलिजेंस (एआई) का इस्तेमाल आज कई क्षेत्रों में हो रहा है। मोबाइल से लेकर टीवी तक में एआई का सपोर्ट मिल रहा है। एआई का इस्तेमाल तब खतरनाक हो जा रहा है जब यह इंसानों को रिप्लेस करने लग रहा है। एक रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि अगले दो साल में कॉल सेंटर्स में इंसानों की जरूरत नहीं होगी। लोगों की जगह एआई काम करेंगे।

## एक नजर

### ब्रिटेन में भारतीय मूल की लेखिका को डॉक्टरेट की उपाधि

**लंदन।** कोलकाता में जन्मी इतिहासकार-लेखिका श्राबणी बासु को साहित्य और साझा ब्रिटिश भारतीय इतिहास के अध्ययन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए लंदन विश्वविद्यालय ने डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की है। सर्वाधिक बिकने वाली जीवनी संबंधी पुस्तकों की लेखिका बासु ने मंगलवार को एक दीक्षांत समारोह में डॉक्टर ऑफ लिटरेचर की अपनी मानद उपाधि ग्रहण की। विक्टोरिया एंड अब्दुल : द ट्रू स्टोरी ऑफ क्वीन्स क्लोजेस्ट कॉन्फिडेंट पर एक फिल्म भी बनी है जिसे ऑस्कर के लिए नामित किया गया था और उसमें डेम जूडी डेंच ने अभिनय किया था। ब्रिटेन के किंग चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेज रॉयल ने विवि की कुलाधिपति के तौर पर बासु को यह डिग्री प्रदान की।

### लद्दाख में चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को सुरक्षित निकाला

**लेह।** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख के खालसी उपमंडल में खतरनाक चट्टान पर फंसे दो विदेशी पर्यटकों को बुधवार को सफलतापूर्वक बचा लिया गया। खालसी पुलिस थाना के प्रभारी अधिकारी निसार अली ने बताया कि महिला पर्वतरोही आयरलैंड की सुलिवन डिएड्रे और नीदरलैंड की वान डेर वीजडेन 10 हजार फुट की ऊंचाई पर फंस गईं थीं और मदद की गुहार लगाई थी। अली ने कहा कि उन्हें सूचना मिलने के बाद टीम को तत्काल नबताकला चट्टान की ओर रवाना हो गए। फंसे हुए पर्यटकों तक पहुंचने के लिए आंग और हेमिस-शुकपाचन के बीच खतरनाक रास्ते पर करीब दो घंटे तक चढ़ाई की और उन्हें सुरक्षित निकालकर खालसी पुलिस थाना लाया गया।

### एनसिल संभालेगी सभी आईआरएस एपग्रह डेटा उत्पादों की जिम्मेदारी

**बेंगलुरु।** द न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनसिल) ने कहा है कि वह सभी भारतीय दूर संवेदी उपग्रह (आईआरएस) आंकड़ों और उत्पादों का जिम्मा संभालेगी। एनसिल भारत सरकार का एक सार्वजनिक क्षेत्र का उपक्रम है, जो अंतरिक्ष विभाग के अधीन है। यह इसरो की वाणिज्यिक शाखा है, जिसकी प्राथमिक जिम्मेदारी भारतीय उद्योगों को उच्च प्रौद्योगिकी अंतरिक्ष से संबंधित गतिविधियों को शुरू करने में सक्षम बनाना है और अंतरिक्ष कार्यक्रम से जुड़े उत्पादों के लिए भी जिम्मेदार है। एनसिल ने एक्स पर कहा एक मई से आईआरएस उपग्रह डेटा और व्यावसायिक गतिविधियां एनसिल संभालेगी।

### शहबाज के करीबी मंत्री की हत्या में शामिल दो आतंकियों को किया ढेर

**लाहौर।** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के मंत्रिमंडल के एक वरिष्ठ सदस्य की हत्या करने की साजिश में संलिप्त तहरीक-ए-तालिबान (टीटीपी) के दो आतंकियों को पाकिस्तानी सुरक्षा कर्मियों ने ढेर कर दिया है। पंजाब पुलिस के आंतकवाद रोधी विभाग (सीटीडी) ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की पहचान अदील उर्फ शैफुल्लाह खोरसानी और जैन उर्फ असदुल्लाह खोरसानी के तौर पर की गई है। बयान के मुताबिक दोनों आतंकवादी संघीय मंत्री रियाज हुसैन पीराजादा की हत्या की साजिश रचने के मामले में संलिप्त थे।

# भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल 10 खालिस्तानियों पर होगी कार्रवाई

## अमेरिका में मार्च 2023 में सैन फ्रांसिस्को स्थित दूतावास पर हुआ था हमला

न्यूयॉर्क, एजेंसी

पिछले साल मार्च में सैन फ्रांसिस्को स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हुए खालिस्तान समर्थकों के हमले को लेकर अब अमेरिकी सरकार एक्शन में आ गई है। अमेरिकी संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) दूतावास हमले में शामिल 10 आरोपियों के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी करने की तैयारी में है।

एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया है कि, लुकआउट नोटिस यह सुनिश्चित करेगा कि अमेरिकी एजेंसियां सक्रिय रूप से हमले में शामिल 10 आरोपियों को हिरासत में लेगी। अमेरिकी अधिकारियों और बाद में भारतीय कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा उनसे पूछताछ, पहचान और गिरफ्तारी की तैयारी में लग जाएंगी। गौरतलब है कि भारतीय वाणिज्य दूतावास पर हमला 18 और 19 मार्च 2023 की मध्यरात्रि को हुआ था। जब कुछ कथित खालिस्तान समर्थकों ने अवैध रूप से वाणिज्य दूतावास में प्रवेश किया और आग लगाने का प्रयास किया। दूतावास की इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया और दूतावास के अधिकारियों को घायल कर दिया था। इसके अलावा 18 जून 2023 को कनाडा के सुरीं में अलगाववादी खालिस्तान टाइगर फोर्स (केटीएफ) के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद 1 और 2 जुलाई 2023 की मध्यरात्रि में कुछ आरोपी फिर से वाणिज्य दूतावास में घुस गए और उसे जलाने की कोशिश की थी।

### खालिस्तानी प्रदर्शनकारी नहीं, अब इन्हें अपराधी माना जाएगा



खालिस्तानी समर्थकों के लेकर अमेरिका जांच एजेंसियों के रुख में बड़ा बदलाव आया है। एफबीआई के एक अधिकारी ने बताया कि अमेरिका में भारतीय दूतावास पर हमले में शामिल खालिस्तानी संगठनों को अब प्रदर्शनकारी नहीं माना जाएगा, बल्कि इन्हें अपराधी मानते हुए कार्रवाई की जाएगी। एफबीआई कथित तौर पर ऐसे समूहों के खिलाफ आपराधिक कानूनों के अनुसार कार्रवाई की योजना बना रही है और उसने कई लोगों के नाम भी तय कर लिए हैं। इससे पहले, ऐसे खालिस्तानी समर्थक संगठनों की गतिविधियों को अमेरिका के द्वारा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के दायरे में रखा जाता था।

### खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग पर लगेगी रोक

खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग को ट्रैक कर इस पर रोक लगाई जाएगी एफबीआई खालिस्तानी संगठनों की फंडिंग की भी जांच कर रही है। अमेरिका ने इन संगठनों की वित्तीय सहायता को ट्रैक करने और रोकने प्रयासों को तेज कर दिया है। एफबीआई और एनआईए की जांच में यह भी पता चला कि खालिस्तानी संगठनों के कई समर्थक ऑनलाइन कट्टरपंथ से प्रभावित थे और तस्करी जैसे अपराधों में शामिल हैं। एफबीआई अधिकारियों ने एनआईए से कहा है कि खालिस्तानी अपराधियों के नाम और पासपोर्ट के अलावा बायोमेट्रिक्स भी प्रदान करें। भारतीय एजेंसियां इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस का अनुरोध करते समय आरोपी का नाम, पासपोर्ट विवरण साझा करती हैं। एफबीआई के मुताबिक बायोमेट्रिक्स डेटा से अपराधियों का तलाश आसान होगी।

# तो खूंखार अपराधी भी बना लेंगे पार्टी और लड़ेंगे चुनाव : कोर्ट

**नई दिल्ली।** जेल में बंद नेताओं को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने जेल में बंद नेताओं को लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने की अनुमति देने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट ने कहा कि यह अर्जी बहुत ही दुस्साहसिक और कानून के मौलिक सिद्धांतों के विरुद्ध है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत पी. एस. अरोड़ा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि अदालतें नीतिगत निर्णय नहीं लेती हैं और ऐसे मुद्दों पर निर्णय लेना संसद का काम है।

पीठ ने कहा, हम ऐसे किसी भी व्यक्ति को चुनाव प्रचार करने की अनुमति नहीं दे सकते जो हिरासत में है। अन्यथा, सभी बलात्कारी, हत्यारे चुनाव से महज पहले राजनीतिक दल बनाने लगेंगे और चुनाव लड़ने लगेंगे। उच्च न्यायालय ने याचिकाकर्ता को जुर्माना लगाने की चेतावनी दी है। कोर्ट विधि छात्र अमरजीत गुप्ता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। गुप्ता निर्वाचन आयोग द्वारा आदर्श आचार संहिता की घोषणा किए जाने के बाद नेताओं, खासकर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, की गिरफ्तारी के समय को लेकर आहत हैं।

# सिंध में जबरन हो रहा हिंदू लड़कियों का धर्म परिवर्तन

इस्लामाबाद, एजेंसी

- पाकिस्तानी संसद में उठा मुद्दा, हिंदू सांसद ने कहा-सरकार नहीं कर रही कोई कार्रवाई

पाकिस्तान की संसद में एक हिंदू सांसद ने हिंदू लड़कियों के जबरन धर्म परिवर्तन के मुद्दे को उठाया है। हिंदू सांसद दानेश ने कहा कि पाकिस्तान के सिंध प्रांत में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है। इसमें इलाके के प्रभावशाली लोग शामिल है। लेकिन पाकिस्तान सरकार इनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। दानेश कुमार ने देश के संविधान और कुरान का हवाला देते हुए कहा कि ये दोनों चीजें किसी के जबरन धर्म परिवर्तन की अनुमति नहीं देती हैं। उन्होंने कहा, हिंदुओं की बेटियां कोई लूट नहीं हैं कि कोई उनका जबरन धर्म बदल दे, सिंध में हिंदू लड़कियों का जबरन धर्म परिवर्तन किया जा रहा है। प्रिया कुमारी को अगवा हुए दो साल हो चुके हैं। लेकिन सरकार ने इन प्रभावशाली लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। कुछ गलत लोग हमारे पाकिस्तान का नाम खराब कर रहे हैं।

### यूएन ने भी जताई थी चिंता

इससे पहले 11 अप्रैल को संयुक्त राष्ट्र ने भी पाकिस्तान के अल्पसंख्यक इलाकों से गायब हो रही युवतियों और महिलाओं के मामले पर चिंता जताई थी। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा था कि पाकिस्तान में ईसाई और हिंदू लड़कियों को जबरन धर्म परिवर्तन की आग में झोंका जा रहा है। अल्पसंख्यक बहुल इलाकों की लड़कियों को धर्म परिवर्तन, अपहरण, बाल विवाह और मानव तस्करी जैसे अपराधों का सामना करना पड़ रहा है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने कहा था कि यह जघन्य अपराध है और इसे सहन नहीं किया जाएगा।

### जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तानी घुसपैठिया को मार गिराया

**सांबा/जम्मू।** सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा के पास बीएसएफ के जवानों ने बुधवार शाम एक पाकिस्तानी घुसपैठिया को मार गिराया। अधिकारियों ने बताया कि घुसपैठिया पर बीएसएफ ने उस समय गोलीबारी की जब उसने बार-बार दी गई चेतावनियों को नजरअंदाज करते हुए सीमा पार करने की कोशिश की। घटना के बाद सीमा चौकी रीगल के पास गहन तलाशी के लिए अतिरिक्त सुरक्षा कर्मियों को भेजा गया है।

### बर्फ हटाने में जुटे सैनिक



**चमोली :** उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित हेमकुंड साहिब गुरुद्वारा के पैदल यात्रा मार्ग से सैनिकों ने बर्फ हटाने का कार्य शुरू कर दिया है। 25 मई से शुरू हो रही यात्रा को लेकर सेना के जवान प्रतिकूल मौसम के बीच घांघरिया और लोकपाल साहिब के रास्ते से बर्फ हटाने में जुटे हुए हैं। हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए 22 मई को ऋषिकेश से पंज प्यारों की अगुवाई में पहला जत्था रवाना होगा। यात्रा मार्गों पर पैदल रास्तों के चौड़ीकरण और सुधारीकरण का कार्य तेजी से किया जा रहा है। ● एजेंसी

# साइफर मामले में इमरान के विरुद्ध ठोस सबूत नहीं : हाईकोर्ट

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को राहत मिलने की उम्मीद है। दरअसल, इस्लामाबाद हाईकोर्ट ने कहा कि संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) के पास इस बात का कोई सबूत नहीं है कि जेल में बंद खान के पास गोपनीय दस्तावेज (साइफर) था और यह उनके पास से गायब हुआ। इमरान और तत्कालीन विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने साइफर मामले में आरोप सिद्ध होने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। जिस पर मंगलवार को फिर से सुनवाई शुरू हुई। इस्लामाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश आमिर फारूक और न्यायमूर्ति मियांगुल हसन औरंगजेब की खंडपीठ ने सवाल किया कि क्या एजेंसी के पास कोई सबूत है, जो साबित कर सके कि पूर्व पीएम के पास गुप्त दस्तावेज थे। साल 2022 में अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले एक जनसभा के दौरान इमरान ने जेब से एक कागज निकालकर लहराया था और दावा किया था कि उनकी सरकार गिराने के लिए अंतर्राष्ट्रीय साजिश रची जा रही है।

# ब्रिटेन में छात्र वीजा के बदलाव से आश्रितों की संख्या घटी

लंदन, एजेंसी

- सख्त नियमों का दिखा असर, 80 प्रतिशत तक दर्ज हुई गिरावट



ब्रिटेन में छात्र वीजा को लेकर इस साल सख्त नियम जारी किए गए हैं। ऐसे में अब विदेशी छात्रों के साथ जाने वाले आश्रितों की संख्या में महत्वपूर्ण गिरावट देखने को मिली है, जिसका ब्रिटेन सरकार ने स्वागत किया है। ब्रिटेन के गृह विभाग का कहना है कि पिछले साल की तुलना में इस साल जनवरी से लेकर मार्च के महीने में छात्रों के साथ आने वाले आश्रितों की संख्या में 80 प्रतिशत तक गिरावट देखने को मिली है। इसके अलावा दुनियाभर से 26,000 से कम छात्रों ने वीजा के लिए आवेदन किया है। बीते कुछ वर्षों में वीजा आवेदन के मामले में भारतीय छात्र अगृणी रहे हैं लेकन इस बार के आंकड़े कुछ अलग कहानी बयां कर रहे हैं। वीजा आवेदन में गिरावट का मतलब है कि इस बार कम भारतीय छात्रों ने यूके के विश्वविद्यालयों को चुना है।

जनवरी से प्रभावी नियमों के तहत रिसर्च कोर्स करने वाले छात्रों को छोड़कर अधिकांश छात्र अपने परिवार के सदस्यों को स्टूडेंट वीजा पर साथ नहीं ला सकते। इसके अलावा वे अपना कोर्स पूरा करने से पहले वीजा नहीं बदल सकते।

# ताइवान से तनाव के बीच चीन का उन्नत विमानवाहक पोत लांच

**बीजिंग।** चीन ने अपने सबसे उन्नत और तीसरे विमानवाहक पोत फुजियान का समुद्री परीक्षण शुरू कर दिया है। फुजियान के चीनी सेना में शामिल होने के बाद ड्रैगन की ताकत काफी ज्यादा बढ़ जाएगी। ताइवान और दक्षिण चीन सागर में जारी विवाद के बीच चीन ये परीक्षण कर रहा है।

बुधवार से शुरू हो रहे परीक्षण में पोत के स्थायित्व, और इलेक्ट्रिक सिस्टम का प्राथमिक तौर पर परीक्षण किया जाएगा। चीन ने साल 2022 में फुजियान विमानवाहक पोत को लॉन्च किया था। अभी तक फुजियान पोत अपने मूरिंग परीक्षण और अन्य तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर चुका है। विमानवाहक पोत के परीक्षण के चलते चीन ने यांग्जी नदी में यातायात परिवहन रोक दिया है।

# जज को तो शनिवार-रविवार को भी अवकाश नहीं मिलता

नई दिल्ली, एजेंसी



- अदालतों और हाईकोर्ट के जजों की छुट्टी को लेकर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी

सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों और हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की छुट्टी को लेकर एक टिप्पणी की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जो लोग न्यायालय और न्यायाधीशों की लंबी छुट्टियों को लेकर आलोचना करते हैं, उन्हें यह नहीं पता कि न्यायाधीशों को तो शनिवार और रविवार को भी छुट्टी नहीं मिलती।

छुट्टी का मुद्दा तब सामने आया, जब सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल के एक मामले में दलीलों के लिए गुरुवार का दिन तय किया। अदालत ने दोनों पक्षों से कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 20 मई से गर्मियों की छुट्टियों पर जाने से पहले दलीलें पूरी कर ली जाएं। न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार की उस याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सीबीआई पर राज्य से पूर्व अनुमति लिए बिना जांच करने का आरोप लगाया गया है।

सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने पीठ से कहा, 'जो लोग यह आलोचना करते हैं कि शीर्ष अदालत और हाईकोर्ट लंबी छुट्टियां लेते हैं, उन्हें नहीं पता कि न्यायाधीश कैसे काम करते हैं।' उन्होंने केंद्र का पक्ष रखते हुए पीठ से कहा, सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रोजाना 50 से 60 मामले देखते हैं और वह छुट्टियों के हकदार हैं।

**विज्ञान** तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने में मील का पत्थर साबित होगी यह तस्वीर

# कैमरे में कैद हुई निहारिका की भीतरी संरचना

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** स्याह अंधकार के बीच चमकती निहारिका की भीतरी संरचना को कैमरे में कैद करने की सफलता जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने हासिल की है। इस निहारिका का नाम हॉर्सहेड नेब्यूला है, जो हमसे 13 सौ प्रकाशवर्ष दूर है।

तारों की उत्पत्ति व विकास का रहस्य समझने के लिए यह तस्वीर मील का पत्थर साबित होगी। नासा के अनुसार यह निहारिका धूल और गैस की अशांत लहरों का विशाल समुद्र है। जिसे बरनार्ड 33 के नाम से भी जाना जाता है। इस निहारिका की तस्वीर में नई रोशनी नज़र आती है। जिससे निहारिका के एक क्षेत्र की जटिलता को आसानी से समझा जा सकता है। नई जानकारी के अनुसार यह निहारिका विभिन्न पदार्थों के ढहते अंतरतारकीय बादल से बनी है और बेहद चमकती है। साथ ही यह भी पता चलता है कि इसके आसपास के गैस के बादल समाप्त हो चुके हैं। जैसे ही प्रकाश धूल के बादल को वाष्पित करता है, धूल के कण गर्म गैस के साथ बादल से दूर चले जाते हैं।

इससे निहारिका बादलों के नेटवर्क का पता लगाया है। साथ ही धूल के अवरुद्ध होने और प्रकाश उत्सर्जन की जानकारी मिलती है। इसके अलावा नेबुला के बहुआयामी आकार को बेहतर ढंग से समझने में मदद मिलती है। इतना ही नही इससे निहारिका में मौजूद सामग्री के भौतिक और रासायनिक गुणों के विकास में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। जिस कारण यह खोज बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी में यह शोध गत दिवस प्रकाशित हुआ है।



हॉर्सहेड निहारिका।

### करिश्माई है वेब टेलीस्कोप

जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप वास्तव में करिश्माई है। जिसने खगोल विज्ञान को अंतर्दृष्टि दी है। यह टेलीस्कोप अभी तक ब्रह्मांड के अनेक पदार्थों का रहस्य उजागर करने में बेहद मददगार साबित हुई है। खगोल वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि इस टेलीस्कोप के जरिए निकट भविष्य के ब्रह्मांड के अनेक राज उजागर हो सकेंगे।

# हिंद-प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को 27 देशों के सैन्य कमांडर एकजुट

नई दिल्ली, एजेंसी

- सम्मेलन में शामिल हुए सीडीएस सहयोग बढ़ाने पर हुई चर्चा



27 देशों के वरिष्ठ सैन्य कमांडर हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा को लेकर वर्चुअल सम्मेलन में शामिल हुए। इस आयोजन में भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी भाग लिया।

मंगलवार को अमेरिका की इंडो पैसिफिक कमांड के कमांडर एडमिरल जॉन सी एक्विलिनो समेत अन्य ने सैन्य सहयोग बढ़ाने, साझा सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग, हिंद प्रशांत क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने जैसे मुद्दों पर चर्चा की। साथ ही उद्देश्यों की पूर्ति संबंधी समीक्षा भी की गई।

हिंद प्रशांत महासागर का क्षेत्र अमेरिका की सामरिक रणनीति का केंद्र है और अमेरिका इस क्षेत्र में भारत के साथ व्यापक सहयोग का हिमायती है। हिंद प्रशांत महासागर में चीन का प्रभाव भी लगातार बढ़ रहा है, जिसकी वजह से अमेरिका इस क्षेत्र के देशों के साथ लगातार सहयोग बढ़ा रहा है। वर्तमान में हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र में 38 देश शामिल हैं, जो दुनिया के कुल सतह क्षेत्र का 44 प्रतिशत हैं। यहीं पर दुनिया की 65 प्रतिशत आबादी रहती है और आर्थिक तौर पर बात करें तो दुनिया की कुल जीडीपी में से 62 प्रतिशत हिस्सा हिंद प्रशांत क्षेत्र से ही आता है।